संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज     समूह संपादक : रवि भारद्वाज     करनाल, मंगलवार, 07 मई 2024     ₹ 2     www.actionindialive.com     facebook.com/actionindialive

इनाम 20 लाख



सेना ने 2 आतंकियों के स्कैच जारी किए। 20 लाख का इनाम भी, 2 दिन पहले वायुसेना के काफिले पर फायरिंग की थी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 125 पृष्ठः 12     RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com     हरियाणा संस्करण     दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।- भगवत गीता

### मन की बात



बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं। -विवेकानंद

## 'भ्रष्टाचारियों पर मोदी कर रहा प्रहार'

● 'पड़ोसी राज्य में नोटों का पहाड़ मिल रहा', झारखंड में ईडी की कार्रवाई पर ओडिशा में बोले पीएम मोदी

**विपक्ष को घेरा**

**"आज, पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों का पहाड़ मिला है। लोग कह रहे हैं कि चोरी हो गया और माल पकड़ रहा मोदी वहां'**

**टीम एक्शन इंडिया**

**ब्रह्मपुर (ओडिशा):** प्रवर्तन निदेशालय की ओर से झारखंड में भारी मात्रा में नकद जब्त किए जाने का जिक्र पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में एक चुनावी रैली में की। ओडिशा के नबरंगपुर में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई की कुछ लोग सराहना कर रहे हैं तो कुछ लोग इस भ्रष्टाचार और लूट को रोकने की आलोचना कर रहे हैं। पीएम ने कहा, "आज, पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों का पहाड़ मिला है। लोग कह रहे हैं कि चोरी हो गया और माल पकड़ रहा मोदी वहां। अब आप ही बताइए, यदि मैं उनकी चोरी रोकूंगा, उनकी आमदनी बंद कर दूंगा, उनकी लूट बंद कर दूंगा तो वे मोदी को गाली देंगे नहीं देंगे तो और क्या करेंगे।" पीएम ने चुनावी सभा में कहा, "क्या गालियों के बावजूद मुझे यह काम नहीं करना चाहिए? क्या मुझे आपके पैसों की रक्षा नहीं करनी चाहिए।" पीएम ने यह प्रतिक्रिया सोमवार को ईडी की ओर से झारखंड की राजधानी रांची में की गई बड़ी कार्रवाई के बाद दी है।

सोमवार को केंद्रीय एजेंसी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक के आवास से 20 करोड़ रुपये जब्त किए। सोमवार की सुबह रांची में कई ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।




### चार जून बीजद की एक्सपायरी डेटः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भुवनेश्वर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा में हुंकार भरी। गंजम में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी राज्य की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को घेरा। उन्होंने कहा कि चार जून को बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। उन्होंने दावा किया कि 10 जून को भाजपा उम्मीदवार ओडिशा में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "ओडिशा में इस बार दो यज्ञ एकसाथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। मैं



आज ओडिशा भाजपा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। ओडिशा भाजपा ने, ओडिशा की आकांक्षाओं को, यहां के युवा सपनों को ध्यान में रखते हुए, यहां की बहनों-बेटियों के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए बहुत ही विजनरी संकल्प पत्र जारी किया है।"

पीएम मोदी ने बीजद सरकार को घेराः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। बीजद पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, "चार जून पर यहां की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है।

आज छह मई है, छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं।"

### 'ओडिशा अमीर, जनता गरीब, यह पाप कांग्रेस और बीजेडी ने किया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**ब्रह्मपुर (ओडिशा):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस और बीजेडी को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अमीर है। जनता गरीब है। यह पाप पहले कांग्रेस और इसके बाद बीजेडी के नेताओं ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उमड़े जनसमूह से इस बार आम चुनाव में 400 पार के अपने संकल्प सिद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जैसे त्रिपुरा को 30 साल से ज्यादा के कम्युनिस्ट और कांग्रेस के शासन ने तबाह कर दिया।

## 'दिलीप घोष को जिता दो, गुंडों को सीधा कर देंगे'



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में चुनाव प्रचार किया। दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर तंज करते हुए कहा कि टीएमसी के गुंडे यहं की गरीब मजदूरों की मजदूरी की उगाही करके भतीजे को देते हैं। रैली में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष का समर्थन करते हुए अमित शाह ने कहा, "एक बार यहां से दिलीप घोष को जिता दो, इन गुंडों को हम सीधा कर देंगे।" उन्होंने टीएमसी पर कटाक्ष करते हुए कहा, "ये लोग कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ कराकर अपना वोट बैंक बनाते हैं। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए, सरहदी राज्य में आप घुसपैठ को बढ़ावा देती हो और घुसपैठियों को अपना वोट बैंक

**वोट की अपील**

**ये लोग कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ कराकर वोट बैंक बनाते हैं। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिएः शाह**

बनाती हो।" सोमवार को हुगली में बस विस्फोट पर अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा आम हो चुकी है। ममता बनर्जी डराना चाहती है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों को तैनात किया है। अमित शाह ने लोगों से से कहा कि उन्हें ममता बनर्जी से डरने की कोई जरूरत नहीं है। संदेशखाली मुद्दे पर अमित शाह ने फिर एक बार ममता सरकार को घेरा। उन्होंने टीएमसी पर धर्म के आधार पर सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा, "ममता बनर्जी संदेशखाली के अपराधियों को पकड़ने को तैयार नहीं थीं।

## अरब सागर से तटरक्षक बल ने पकड़ा ईरानी जहाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोच्चिः** भारतीय तटरक्षक बल ने एक बार फिर अरब सागर में कार्रवाई की है। तटरक्षक बल ने अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को हिरासत में लिया है। रिपोर्ट की मानें तो जहाज में सवार छह भारतीय चालक दल के सदस्यों को अनुबंध के आधार पर ईरान ले जाया जा रहा था लेकिन नाव के मालिक द्वारा शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट मिलते ही उन्हें पकड़ लिया गया। भारतीय तट रक्षक समुद्री सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की। जहाज को कोच्चि लाया गया है। यहां आरोपों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। भारतीय तटरक्षक दल ने एक्स पर पोस्ट करते हिए कहा कि केरल तट के पश्चिम में अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को रोका और हिरासत में लिया। जहाज में छह भारतीय सवार थे, जो ईरान में अनुबंध के आधार पर कार्यरत थे।

## रांची में कई जगहों पर ईडी का छापा

**कार्रवाई**

**मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से 20 करोड़ नकद बरामद, मंत्री ने पेश की सफाई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड की राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई। नोट गिनने की मशीन को संजीव लाल के घर पर लाई जा रही है। बता दें कि अबतक 20 करोड़ से ज्याद



रुपये की गिनती हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि गिनती अभी भी जारी है। सूत्रों के अनुसार, नकद राशि 500 के नोटों में बरामद की गई। संजीव लाल के आवास पर स्टील के ट्रंक लाए गए हैं। बता दें कि ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। लंबे समय तक पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया। जानकारी के अनुसार राम के यहां 150 करोड़ की संपत्ति मिली थी। इसके अलावा दो करोड़ के स्वर्ण आभूषण भी बरामद किए गए थे। ईडी को वीरेंद्र राम के पास से एक लैपटॉप और कुछ पेन ड्राइव भी मिली थीं।

## राहुल गांधी के खिलाफ 200 कुलपतियों ने लिखा खुला पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देशभर के करीब 200 अग्रणी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के चयन प्रक्रिया संबंधी बयान की आलोचना करते हुए एक खुला पत्र लिखा है। कुलपतियों ने पत्र के माध्यम से राहुल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक्स हैंडल और अन्य स्रोतों से हमारे संज्ञान में आया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता की बजाय पूरी तरह से किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है, जिससे योग्यता पर सवाल उठता है।

## 400 सीट छोड़िए, इन्हें 150 भी नहीं मिलेंगीः राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**

**अलीराजपुरः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने का चुनाव है, क्योंकि भाजपा इसे खत्म करना चाहती हैं। भाजपा 400 की पार की बात करती है लेकिन वे 150 पार भी नहीं पहुंचेंगे। अभी आरक्षण में आदिवासी, दलितों और पिछड़ों की कोई भागीदारी नहीं है, इसलिए हम आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाने वाले हैं। जिसे जितना आरक्षण चाहिए, उन्हें दिया जाएगा। हम चाहते हैं कि प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में आपके लोग हों, इसके लिए हम जातिगत जनगणना करने जा रहे हैं। राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश




के चुनावी प्रवास के दौरान रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया के समर्थन में अलीराजपुर जिले के जोबट में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 22 लोगों का लाखों करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया। अरबपतियों को

**दावा**

**अलीराजपुर के जोबट में ऐलान- हम जातिगत जनगणना करेंगे, आरक्षण की सीमा बढ़ाएंगे**

पैसा दिया, इसलिए अब हमने करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का मन बना लिया है। महालक्ष्मी योजना में एक गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। उसमें से एक महिला चुनी जाएगी और उस महिला के बैंक अकाउंट में एक हर साल एक लाख रुपये डालेंगे।

## ईडी कलेक्टरों को परेशान न करेंः सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रेत के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि वे तमिलनाडु के पांच जिला अधिकारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें।

दरअसल, राज्य ने अदालत में शिकायत करते हुए कहा था कि उनके अधिकारियों को रात साढ़े आठ बजे तक ईडी दफ्तर में बैठाया रखा गया। बता दें। इससे पहले दो अप्रैल को अदालत ने पांचों जिला अधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश न होने के कारण फटकार लगाई थी। साथ ही अदालत ने पांचों अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे 25 अप्रैल तक ईडी के समक्ष पेश हों। सोमवार को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि जिला कलेक्टर ईडी के

**अवैध खनन**

**अदालत में शिकायत करते हुए कहा था कि अधिकारियों को रात साढ़े आठ बजे तक ईडी दफ्तर में बैठाया रखा गया**

सामने पेश हुए थे। इस पर ईडी के वकील ने कहा कि वे ईडी के समझ पेश जरूर हुए लेकिन उन्होंने अभी तक एजेंसी को एक भी दस्तावेज नहीं सौंपे हैं। सिब्बल ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि जांच एजेंसी ने समन के जरिए जो कुछ भी मांगा था, वह सब कुछ दे दिया गया है। इस पर ईडी के वकील ने कहा कि ऐसा कोई भी दस्तावेज जमा नहीं किया गया है और हम मामले में हलफनामा भी दायर कर सकते हैं। इस पर पीठ ने कहा कि वे साफ करें कि अभी तक अधिकारियों ने कौन-कौन से दस्तावेज जमा नहीं किए हैं।

## नीट-यूजी 2024 का प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआः एनटीए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी-2024 में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले समाचार पूरी तरह से निराधार हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई सम्बन्ध नहीं है। एनटीए ने कहा कि छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और सभी संबंधित लोगों को सूचित किया गया है कि परीक्षा के सम्बंध में



सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित पोस्ट के माध्यम से यह धारणा बनाई जा रही है कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इस आशय की पोस्ट पूरी तरह से निराधार हैं। एनटीए ने आगे कहा कि परीक्षा केंद्र बंद कर दिये गए थे और बाहर से किसी को भी हॉल के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं थी, जो सीसीटीवी निगरानी में हैं।

**निराधार**

**नीट-यूजी-2024 में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले समाचार पूरी तरह से निराधार**

एनटीए ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 5 मई को अन्य देशों के 14 शहरों और देशभर के 571 शहरों में 4750 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी-2024 सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

## मुंबई दंगा मामले में निर्देशों का पालन न होने पर कोर्ट नाराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया है कि 1992 में मुंबई दंगों में लापता लोगों के परिजनों को मुआवजा देने के लिए जारी किए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। इससे पहले 4 नवंबर 2022 को मामले में कुछ निर्देश दिए थे लेकिन इनका पालन नहीं किया जा रहा था। इस पर न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुयान की पीठ ने नाराजगी जताई है। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग से जस्टिस बी एन श्रीकृष्णा आयोग की सिफारिशों पर गौर करने को कहा है।

## पुंछ हमलाः सेना ने 2 आतंकियों के स्कैच जारी किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगरः** जम्मू कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें 1 जवान कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। सोमवार को सेना ने हमले में शामिल आतंकियों के स्कैच जारी किए हैं।

साथ ही उन पर 20 लाख के इनाम का ऐलान भी किया है। इसी हमले के सिलसिले में पुलिस ने पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों

**तलाश**

**20 लाख का इनाम भी, 2 दिन पहले वायुसेना के काफिले पर फायरिंग की थी, जवान शहीद हुआ था**

को हिरासत में लिया है। वहीं पुंछ के डन्ना टॉप, शाहस्टार, शिंद्रा और सनाई टॉप इलाकों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान तीसरे दिन भी जारी है।

**अपहरण** अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने के मामले में जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच तेज हो गई

## एसआईटी ने बंगलूरू में घटनास्थल का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** एक महिला के कथित अपहरण और अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने के मामले में जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच तेज हो गई है। विशेष जांच टीम ने सोमवार को बंगलूरू के बसवनगुड़ी स्थित उनके आवास का दौरा किया। इस दौरान टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। रेवन्ना परिवार की अनुपस्थिति में एसआईटी टीम ने उनके वकील गोपाल को घटनास्थल पर बुलाया। दो दिन पहले ही एसआईटी ने हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित विधायक के घर का भी निरीक्षण



किया था।

**क्या है मामला?**

दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र रेवन्ना इन दो मामलों में घिरे हुए हैं। दोनों मामलों की जांच तेजी से चल रही है। पहला मामला घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न से जुड़ा है, जिसमें रेवन्ना का बेटा भी आरोपी है। इसके अलावा दूसरा मामला दो मई को दर्ज अपहरण के मामले से जुड़ा है। प्रज्ज्वल की ओर से कथित तौर पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने वाले वीडियो बड़ी संख्या में वायरल होने के बाद पीड़िता के बेटे ने आरोप लगाया कि रेवन्ना का सहायक सतीश बबन्ना उसकी मां को 29 अप्रैल को एक मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया और उसे अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा।

**यौन उत्पीड़न**

**पहला मामला घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न से जुड़ा है, जिसमें रेवन्ना का बेटा भी आरोपी है**

**रेवन्ना के वकील ने लगाए गंभीर आरोपः** इस बीच रेवन्ना के वकील गोपाल ने आरोप लगाया कि एसआईटी दल ने उन्हें जद(एस) नेता के बासवनगुडी स्थित आवास के भीतर जाने नहीं दिया। उन्हें मौके के मुआयने का नोटिस दिया गया था, लेकिन एसआईटी दल ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। गोपाल ने पूछा कि मुझे अंदर जाने नहीं दिया गया, जबकि मुझे वहां मौजूद होना चाहिए था। अवैध चीजें चल रही हैं। मैं मौके के मुआयने के खिलाफ नहीं हूं।

ACTION INDIA
करनाल, 07 मई 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# गाजियाबाद की आद्रिका 10वीं और 12वीं में ऋषिका जिला टॉपर

टीम एक्शन इंडिया
**गाजियाबाद:** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) के आईसीएसई (10वीं) और आईएससी (12वीं) का परिणाम सोमवार को घोषित हो गया। 10वीं में गोविंदपुरम की आद्रिका सिंह ने 99.4 फीसदी अंक हासिल कर जिला टॉप किया। आद्रिका नेहरूनगर स्थित होली चाइल्ड स्कूल में पढ़ती हैं। आद्रिका के पिता योगेश्वर सिंह स्वास्थ्य विभाग में जिला प्रशासनिक अधिकारी व मां गीता यादव कन्या वैदिक इंटर कॉलेज में प्रोफेसर हैं।



वहीं, 99.02 फीसदी अंक हासिल करके सेंट पॉल्स की काव्या त्यागी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, 12वीं में साहिबाबाद स्थित होली एंजिल्स की छात्रा ऋषिका जैन ने 98 फीसदी अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान पाया। ऋषिका साहिबाबाद के राजेंद्रनगर में रहती हैं। इनके पिता व्यापारी हैं। हाल ही में उन्होंने नीट की परीक्षा दी है। वह भविष्य में चिकित्सक बनना चाहती हैं। जबकि, सेंट जोसेफ के आर्यन ने 97 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। आर्यन नंदग्राम में रहते हैं। इनके पिता मनपाल चौहान चिकित्सक हैं। वह भविष्य में चिकित्सक बनना चाहते हैं।

**नाम रोशन किया**

आर्यन नंदग्राम में रहते हैं। पिता मनपाल चौहान चिकित्सक हैं। वह भविष्य में चिकित्सक बनना चाहते हैं

## 6000 पुलिसकर्मी नहीं बचा सके छात्र की जान

**ग्रेटर नोएडा।** बीटा दो कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हुए व्यापारी के बेटे के अपहरण के बाद हत्याकांड की घटना ने कमिश्नरेट पुलिस को कठघरे में खड़ा कर दिया है। व्यापारी कृष्ण शर्मा के बेटे कुनाल की बदमाशों ने हत्या कर दी और पुलिस अभी भी अपहरण मानने को तैयार नहीं है। बयानों से लेकर लिखित जवाब में पुलिस यही कह रही है कि लड़का लड़की के साथ अपनी मर्जी से गया। पुलिस यदि मामले को अपहरण मानकर शुरू से गंभीरता से कार्रवाई करती तो छात्र की जान नहीं जाती। जिले में तैनात 13 आइपीएस, 22 पीपीएस और छह हजार पुलिसकर्मियों की फौज भी अपहृत छात्र की जान नहीं बचा पाई। दरअसल, व्यापारी के बेटे का अपहरण करने के बाद पुलिस शुरू से मानती रही कि वह अपनी मर्जी से गया है। अपहरण के दिन ही उसकी हत्या कर दी गई और पुलिस चार दिन तक परिवार के इर्द गिर्द जांच की सुई घुमाती रही। चार दिन पुलिस की तरफ से बरती गई लापरवाही की वजह से ही पुलिस छात्र को सकुशल बरामद नहीं कर सकी।

## बीजेपी के लिए सिख समुदाय को समर्थन देने की कमान सिरसा ने संभाली

**समर्थन**

राज्यों में तीन दर्जन से अधिक बैठकें की हैं जहां सिख समुदाय के सदस्य बड़ी सख्या में मौजूद रहे



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली/मुंबई/चंडीगढ़, 6 मई:** बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा देशभर में बीजेपी के लिए सिख समुदाय का समर्थन जुटाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने उन राज्यों में तीन दर्जन से अधिक बैठकें की हैं जहां सिख समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद हैं। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और अन्य राज्य शामिल हैं। बीजेपी ने उन्हें पार्टी का स्टार प्रचारक भी घोषित कर दिया है। इन सभाओं को संबोधित करते हुए मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 70 सालों में कांग्रेस ने हमेशा सिखों पर अत्याचार किया है, जिसमें श्री दरबार साहिब पर हमला और 1984 का सिख नरसंहार और अन्य भेदभाव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सबसे ज्यादा सिखों की हत्या करने वाले कमल नाथ, एचकेएल भगत, सज्जन कुमार और अन्य आरोपियों को मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद और अन्य पदों से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिन्होंने सिख समुदाय को न्याय दिया है। उन्होंने कहा कि सज्जन कुमार और कई अन्य आरोपी आज जेलों में हैं और उनके खिलाफ जगदीश टाइटलर और कमल नाथ अलग-अलग अदालतों में हैं। उन्होंने कहा कि 1984 के बाद यह पहली बार है कि हमें न्याय मिला है और हमें उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश के अन्य मामलों में भी हमें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब वह अकाली दल के नेता थे तब भी उन्होंने सिखों के मुद्दे उठाए थे और अब वह भाजपा सचिव के तौर पर मुद्दे उठा रहे हैं।

## शादी के नाम पर सड़क हुई जाम तो होगी कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया
**नोएडा।** शहर के बैंक्वेट हॉल, सामुदायिक केंद्र, मैरिज हॉल, लान और फार्म हाउस के आसपास कार्यक्रम के दौरान लगने वाले जाम से आने वाले दिनों में राहत मिलने की संभावना है। इसके लिए यातायात पुलिस ने योजना बनाई है। योजना के तहत विभाग की ओर से 30 से अधिक बैंक्वेट हॉल संचालकों को प्रारूप भेजा है। जिसमें उन्हें कार्यक्रम से जुड़ी विस्तृत जानकारी देनी होगी। बताना होगा कि परिसर में कितने वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था है, यातायात की समस्या का समय, कार्यक्रम की तिथि, कार्यक्रम में



आने वाले व्यक्तियों की संख्या, ट्रैफिक प्लान स्थिति आदि बिंदुओं पर जानकारी देनी होगी। बता दें कि बड़ी संख्या में बैंक्वेट हॉल में वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग न होने से लोगों को जाम की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शादी के अलावा अन्य मांगलिक कार्यक्रम के कारण इन मैरिज हॉल के पास नो पार्किंग में वाहन खड़े होने के कारण ट्रैफिक जाम रहता है। इसी से निपटने के लिए एक प्रयास किया जा रहा है।

**पार्किंग की नहीं है व्यवस्था**

शहर में ज्यादातर मैरिज हॉल में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं बनी है। सबसे ज्यादा खराब हालात सेक्टर-73 सर्फाबाद से सेक्टर-51 होशियारपुर कट तक रहते हैं। यहां अधिकांश मैरिज हॉल मुख्य मार्ग पर स्थित हैं। आए दिन शादियों से लेकर सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है। यहां पर वाहनों के खड़ा होने के लिए पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से लोग अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा करते हैं।


### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: निविदा सूचना क्रमांक 101/2023-2024 दिनांक 14.03.2024 (क्र.स. 02)
[1] निविदा क्रमांक. 19240645 दिनांक 06.05.2024 को देय
उपरोक्त निविदाओं के संदर्भ में नियत तिथि बढ़ा दी गई है 06.05.2024 से 20.05.2024 तक. अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1362/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19240912 | ब्लोअर फॉर ट्रैक्शन मोटर | 57 नग | 28.05.2024 |
| 02 | 19244883 | रोलर बेअरिंग NUP-318 | 388 नग | 29.05.2024 |
| 03 | 16240037A | रिपेयर किट फॉर ऑटो ड्रेन वाल्व कन्सिसटिंग ऑफ 9 आइटम्स | 1576 नग | 31.05.2024 |
| 04 | 02241797 | सेट ऑफ रिटर्न एंड फ्रेश एयर फिल्टर फॉर एलएचबी टाइप एसी कोचेस | 7207 सेट | 24.06.2024 |
| 05 | 07231326A | पी ओ एच किट फॉर ब्रेक कंट्रोलर | 188 नग | 17.07.2024 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं.: 10/2024-2025 दिनांक 06.05.2024 1361/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**प्रथम शुद्धि पत्र**

निविदा सं. 74-डब्ल्यू/1/1/518/डब्ल्यू.ए./अम्बाला कैंट
दिनांक 01.05.2024 (RO NO. 1323/2024

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | डबल स्टैक कन्टेनर की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए अम्बाला मण्डल के लुधियाना-जाखल सेक्शन पर मौजूदा सड़क उपरी पुल 145-ए, 164-ए एवं 167-ए को ऊँचा उठाने का कार्य करने हेतु। |
| निविदा खुलने की तिथि और समय | 24.05.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी |

उपरोक्त कार्य से संबंधित निविदा में निम्नलिखित बदलाव आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किए गए हैं।

| | मौजूदा विवरण | संशोधित विवरण |
|---|---|---|
| अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | ₹3009.59 लाख | ₹4282.07 लाख |
| जमा की जाने वाली जमानती राशि | ₹16,54,800/- | ₹22,91,000/- |

अन्य विवरण यथावत रहेंगे।
सं.: 74-डब्ल्यू/1/1/518/डब्ल्यू.ए/अम्बाला कैंट दिनांक: 06.05.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1368/2024

### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रम सं0 | निविदा सं0 | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93245867 | रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिक, चालित वायु कंप्रेसर, 300 सीएफएम, 10 किग्रा/सेमी2 | 02 नग | 03.06.2024 |
| 2. | 93245431 | तीन (03) वर्ष की वारंटी के साथ हैंड हेल्ड स्कैनर की आपूर्ति और स्थापना। हैंड हेल्ड स्कैनर का विस्तृत विवरण अनुलग्नक संलग्न है। | 42 नग | 03.06.2024 |
| 3. | 93245466ए | 10 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली-अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन/संस्करण/संशोधन के साथ जीआर/सीयूजी-01/03एयूजी 2003। | 08 किलोमीटर | 03.06.2024 |
| | | 20 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली-अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन/संस्करण/संशोधन के साथ जीआर/सीयूजी-01/03एयूजी 2003। | 05 किलोमीटर | 03.06.2024 |
| | | 50 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली-अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन/संस्करण/संशोधन के साथ जीआर/सीयूजी-01/03एयूजी 2003। | 04 किलोमीटर | 03.06.2024 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुउल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगा।
टेंडर नोटिस सं0-93245867, 93245431, 93245466 दिनांक :- 06.05.2024 1364/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| |
|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति: 30-ELECT-19-T-2024-25-E3 बड़ौदा हाउस में इलेक्ट्रिकल विभाग, कमरा नंबर 349, 242 (ड्राइंग सेक्शन) और एनेक्सी-I के इलेक्ट्रिकल ऑफिसर्स चैंबर में वर्क स्टेशन की स्थापना के संबंध में इलेक्ट्रिकल कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत: रु. 65.60 लाख |
| कार्यालय का पता: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि: रु 1,31,200.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय: 28.05.2024, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय: 28.05.2024, 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड: www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली। |

1360/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम : सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली के अनुभाग में पहली और दूसरी प्रविष्टियों पर हरे पैच का वार्षिक रखरखाव और लॉन, फूलों के बर्तनों और अन्य बागवानी कार्यों का रखरखाव। | |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 94,81,841.33/- (चौरानवे लाख इक्यासी हजार आठ सौ इकतालीस रुपये तैंतीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 1,89,600/- (एक लाख नवासी हजार छह सौ रुपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 28.05.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-400-32 |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
सं :128-W/280/इ-निविदा सूचना/06/2024-25/W-3 दिनांक: 06.05.2024 1363/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**TENDER NOTICE**

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railway, Ambala Cantt-133001 for and on behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for supply of the following items :-

| S. N. | Description | Qty |
|---|---|---|
| 1 | ब्लूटूथ के साथ रेल प्रोफाइल मापने के उपकरण (मिनीप्रोफ) की आपूर्ति। आरडीएसओ मिनिप्रोफ रेल द्वारा जारी विशिष्टता संख्या टीएम/एसएम-323 रेल प्रोइल माप उपकरण (मिनीप्रोफ) की विशिष्टता" के अनुसार रेल मापने की इकाई में शामिल हैं: 1. एनविजन सॉफ्टवेयर मोल्ड्यूल: कोर, माप और विश्लेषण (एकल उपयोगकर्ता स्थापना) 2. केबल के साथ सहायक उपकरण किट 3. चार्जर. 4. हल्के परिवहन केस, 5. टेलीस्कोपिक रोड. 6. घुमंतू पीडीए, स्वीकृत मेक: ग्रीनवुड इंजीनियरिंग या समकक्ष (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पे.: नहीं, स्टेज: 0) | 01 Set |
| 2 | विशिष्टता संख्या के अनुसार वारंटी अवधि के बाद मिनीप्रोफ का पांच साल का एएमसी शुल्क। टीएम/एसएम-323. लागत विवरण और विस्तृत विशेष शर्तें अनुबंध ए के रूप में संलग्न है। (निरीक्षण एजेंसी: CONSG स्टेज इंस्पे.: नहीं, स्टेज: 0) | 05 Set |

E-Tender No. : 98245239 Tender Closing date & Time: 28.05.2024, एवं 11.00 hrs. EMD (IRs.) : 74160.00
Note : 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2. No Manual offer will be entertained.
E-Tender Notice No. सं0 98245239 Dated : 03.05.2024 1359/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गुमशुदा की तलाश



दीपिका

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (चित्र में दर्शाया गया), जिसका नाम: दीपिका, पुत्री: नीरू देवी, निवासी: ख.नं. 6/9, गली नंबर 14 भट्टा रोड, स्वरूप नगर, दिल्ली उम्र: 17 वर्ष, जोकि दिनांक 23.04.2024 अपने घर से गुमशुदा है। इस बाबत FIR No. 245/2024 U/s 363 IPC, दिनांक 02.05.2024 से थाना स्वरूप नगर, दिल्ली. में दर्ज है। लड़की का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार है:
कद: 4'9'' फीट, रंग: गोरा, चेहरा: लम्बा, शरीर: पतला, पहनावा: केसरिया रंग का टॉप और नीले रंग की जींस और काले रंग की फैंसी चप्पल पहने हुए।
किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पर सूचित करने की कृपा करें ई-मेल: cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइट: http://cbi.nic.in फोन नम्बर: 011-24368638 or 24368641 पर दें।

थानाध्यक्ष
थाना स्वरूप नगर, दिल्ली
फोन: 7065036327
DP/5303/ON/2024


### उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान: S&T केबल शिफ्टिंग वर्क इन्वोल्वड इन रेगिरदेरिंग एट 3 नंबर्स ऑफ ब्रिड्जस विज ब्रिज 245 बिटवीन DSA-DLI, 241B बिटवीन DSA-A PNL, 228A इन GZB-CYZ सेक्शन ऑफ दिल्ली डिवीज़न | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ Rs. 49,32,809.91/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ Rs. 98,700.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता: वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 06.05.2024/निविदा खुलने का दिनांक 29.05.2024 15.00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या: 558-सिगनल-16-एम.टेंडर-1422 दिनांक: 06.05.2024 1369/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## प्लास्टिक के दाना बनाने वाले फैक्ट्री में लगी आग

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला स्थित भोरगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक दाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग फैक्ट्री की तीसरी मंजिल पर लगी। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद है। अभी तक किसी के अंदर फंसे होने की आशंका नहीं है।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
**रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

I Vikas Selwal S/o Sewa Singh R/o # 305/2, PWD Colony, Sector 14, Panchkula, Sector 15 Panchkula, Haryana - 134113, have changed my name to Vikas Singh

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। 2

## Change of Name

I Meenu Kumari D/o Rajender Kumar R/o Ward No-10, Near Shish Mahel, Farukhnagar, (Rural) ( 35), Farukh Nagar, Gurgaon, Haryana- 122506, have changed my name to Meenu Singh

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैंजो कि नरेश पुत्र रामकवार निवासी गांव चिरसमी, तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा सगे पुत्र नवीन व नितेश मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैंजो कि कृष्णा देवी पत्नी पाले राम निवासी मकान नं 609/21, गली नं 6, नरेंद्र नगर, सोनीपत तहसील व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरी पुत्री कविता व पुत्र नरेश कुमार व उसकी पत्नी कविता मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और सभी अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त तीनो को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करती हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त तीनो से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# नायब-मनोहर के भव्य रोड शो में उमड़ा लोगों का हुजूम

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा और पूर्व मुख्यमंत्री ने लोकसभा के लिए किया नामांकन, चिलचिलाती धूप के बीच कार्यकर्ताओं का जोश उफान पर, हरियाणा की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है: नायब सैनी, उपचुनाव के साथ-साथ लोकसभा की सभी सीट जीतकर हम इतिहास बनाएंगे: मनोहर लाल

**पर्चा दाखिल**

**सीएम नायब सैनी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी पत्नी सुमन सैनी ने नामांकन दाखिल किया**









**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को भव्य रोड़ शो के बाद करनाल में नामांकन दाखिल किया। इससे पहले दोनों ने जनसभा की। इसके बाद निकले रोड शो में उमड़ी भीड़ के साथ दोनों नेता नामांकन स्थल पर पहुंचे और नामांकन किया। सीएम नायब सैनी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी पत्नी सुमन सैनी ने नामांकन दाखिल किया, जबकि मनोहर लाल के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर करनाल से मौजूदा सांसद संजय भाटिया ने नामांकन किया।

इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया, मंत्री महिपाल ढांडा और सुभाष सुधा, विधायक सुरेंद्र नागर, हरविंदर कल्याण, रामकुमार कश्यप, प्रमोद विज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि पूरे हरियाणा की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है और आज करनाल में मनोहर लाल ने नामांकन किया है। नामांकन पत्र भरने के बाद सीएम ने कहा कि करनाल विधानसभा से भी भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी जीत हासिल करेगी और नरेंद्र नरेंद्र मोदी की झोली में 10 कमल डालकर आएंगे। वहीं एक कमल चंडीगढ़ लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता का साथ मिल रहा है।

**कार्यकर्ता माइक्रो मैनेजमेंट से इस जीत को सबसे बड़ी जीत में दर्ज करें : नायब सिंह सैनी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कार्यकताओं का आह्वान किया कि वह एक.एक बूथ पर बड़ी जीत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार होली और दिवाली हमारे पर्व हैए इसी प्रकार चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और हमें इस महापर्व में एक-एक वोट को महत्वपूर्ण मानते हुए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि बड़े अंतर से चुनाव जितवाकर मनोहर लाल को बड़ी पंचायत में भेजने का काम करें।

**मनोहर लाल ने भरा नामांकन :** दूसरी तरफ पूर्व सीएम मनोहर लाल नामांकन भरने पहुंचे। मीडिया से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें जनता का साथ और भरपूर प्यार मिल रहा है, जिसके बल पर वह कह सकते हैं कि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में सभी लोकसभा सीट जीतकर क्लीन स्वीप करेगी। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में करनाल से भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेगी।

**एकजुट होकर नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को करें सार्थक : मनोहर लाल**

नामांकन पत्र भरने से पहले उपस्थित कार्यकताओं को विजय रैली में संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के सबसे बड़े नेता हैं। आज जब भी कोई विश्व में संकट आता है तो विश्व भर के नेता संकट के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संपर्क स्थापित करते हैं और उसका समाधान पूछते हैं।

उन्होंने वर्तमान लोकसभा चुनाव को धर्म और अधर्म तथा न्याय और अन्याय के बीच लड़ाई बताते हुए कहा कि एक ओर भाजपा के रूप में धर्म और न्याय है तो दूसरी ओर भाजपा विरोधी ताकते हैएजोकि धर्म के विरुद्ध और अन्याय की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कार्यकताओं को आह्वान किया कि वह एकजुट होकर इस लड़ाई में नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने में अपना योगदान दें।

मनोहर लाल ने करनाल विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को बड़े अंतर से चुनाव जितवाने की अपील की।

### विजय संकल्प यात्रा में उमड़े हजारों लोग, मोदी-मोदी से गूंजा करनाल

**नामांकन** पत्र दाखिल करने से पहले दोनों नेताओं ने एक साथ यहां विजय यात्रा निकाली। यह विजय यात्रा रामलीला मैदान रेलवे रोड से प्रारंभ हुई, जो भगवान वाल्मीकि चौक, नेताजी सुभाष बाजार, ओल्ड बठला केमिस्ट, ए-1 स्वीट्स, चेतन गारमेंटस, महावीर जैन स्वामी चौक, नेहरू पैलेस, ओपीएस ज्वैलर्स, महाबीर दल, स्कूटर मार्केट, सनातन धर्म मंदिर, कर्ण स्वीट्स, सुविधा, निर्मल जूस कॉर्नर, ज्ञान भूषण अस्पताल, भारती इलेक्ट्रानिक्स, लीला ग्रैंड, भगवान परशुराम चौक, होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन, कार एक्सपर्ट, पेट्रोल पंप सेक्टर.12, पाठक अस्पताल होते हुए सेक्टर.12 मार्केट पहुंची। कई किलोमीटर तक भाजपा समर्थकों का हुजूम देखकर भाजपा नेताओं का विश्वास दृढ़ करने के लिए प्रयाप्त था कि करनाल से दोनों ही प्रत्याशियों की जीत का मार्जिन इस बार एतिहासिक हो सकता है। हजारों लोगों के मुंह से निकले मोदी-मोदी के उद्घोष से वातावरण घंटों तक मोदीमय रहा। यहां सेक्टर 12 में लघु सचिवालय में दोनों नेताओं ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# आखिरी दिन कृष्णपाल, नैना चौटाला ने किए नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** में लोकसभा की दस सीटो के लिए 25मई को होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को नामांकन दाखिले के अंतिम दिन करनाल सीट से भाजपा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोड शो के बाद नामांकन दाखिल किया।रोड शो में मनोहर लाल के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी भी थे।नायब सैनी ने मंदिर में पूजा अर्चना कर करनाल विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन के आखिरी दिन हिसार से जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला और फरीदाबाद से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी नामांकन दाखिल किया। हिसार से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश ने भी नामांकन दाखिल किया।इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान मोजूद थे।नामांकन दाखिले से पहले कांग्रेस ने रोड शो निकाला।

दरअसल, लोकसभा सीट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना पर्चा दाखिल किया। वहीं, करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपना नामांकन किया। हरियाणा में लोकसभा चुनाव 25 मई को होने वाले हैं। वहीं, इसी दिन ही करनाल विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होंगे।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नामांकन दाखिले के दौरान कहा कि लोगों

**रोड शो**

**भाजपा हरियाणा में ग्यारह कमल खिलाएगी: नायब सैनी, जनता सब जानती है: मनोहर लाल**

के बीच उत्साह को देखकर मैं कह सकता हूं कि बीजेपी (हरियाणा में) सभी 10 लोकसभा सीटें जीतेगी। इसके साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं हर भाजपा उम्मीदवार को शुभकामनाएं देता हूं।उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा में ग्यारह कमल खिलाएगी। कांग्रेस जनता को बरगला रही है। मनोहर लाल ने कहा कि चुनना जनता का काम है।हमने देश प्रदेश के विकास के लिए काम किया है।जनता सब जानती है।

हिसार से जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला का नामांकन दाखिल कराने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला,पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला,प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला पहुंचे। अजय सिंह ने इस मौके पर कहा कि हर प्रत्याशी जीत की उम्मीद से चुनाव लड़ता है।प्रदेश का माहौल जनता को तय करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी से बगावत करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चुनाव से पहले कार्रवाई की जाएगी। रोहतक से जेजेपी प्रत्याशी रविंद्र सांगवान ने भी सोमवार को नामांकन दाखिल किया।

# मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के कारण हासिए पर गई कांग्रेस: गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष एवं पंचकूला से भाजपा विधायक ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति खुल कर सामने आ गई है। इसी नीति के कारण देश की जनता पहले ही कांग्रेस को नकार चुकी है। अब इस पार्टी ने मुस्लिम तुष्टिकरण को अर्बन नक्सलवाद के रंग में भी रंग दिया। ऐसा करके कांग्रेस देश का माहौल खराब करना चाहती है, लेकिन अब जनता काफी जागरूक हो चुकी है और ऐसे कुत्सिग इरादे कभी सफल नहीं हो पाएंगे। ज्ञान चंद गुप्ता ने सोमवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में सारा जोर अल्पसंख्यकों के हितों पर दिया हुआ है। इस घोषणापत्र में जातियों और समुदायों की सामाजिक-आर्थिक जनगणना की बात कही है। ओबीसी आरक्षण में से मुस्लिमों को हिस्सा देने की घोषणा की जा रही है। गुप्ता ने कहा कि भाजपा ओबीसी समाज के हितों पर किसी भी कीमत पर कुठाराघात नहीं होने देगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ओबीसी आरक्षण की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरा चुके हैं। कांग्रेस एआई टूल का सहारा लेकर जनता को गुमराह करने के लिए भ्रामक प्रचार कर रही है। गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है और पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जो कहा है वह चिंताजनक और गंभीर मामला है। इसमें कहा गया है कि यदि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हरेक की प्रॉपर्टी का सर्वे किया जाएगा।

# कुरुक्षेत्र की जनता ने तय किया, पांडवों की होगी जीत: संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह सोमवार को कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी के इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान शाहाबाद खंड के 70 से ज्यादा सरपंचों ने आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया। इसके साथ वकील, सरपंच, पूर्व सरपंच, व्यापारी और किसानों समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अन्य पार्टियों छोड़कर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुखदीप सिंह मोहड़ी के साथ 70 गांव के सरपंच, श्याम सुंदर वधवा, एडवोकेट इंद्रजीत अरोड़ा, हीरा लाल, विजय कुमार तंवर, यादविंदर सिंह, सुरजीत



सिंह, मोहित कुमार, अनिल कुमार तनेजा, अवतार सिंह, विजय ठकराल, लखविंदर सिंह, गुरचरण सिंह, गुरबक्श सिंह, सतनाम सिंह, बलबीर सिंह, दलीप सिंह, विक्रम कश्यप, गुरदीप सिंह, प्रवीण, सर्वप्रीत सिंह और सचिन सैनी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। सांसद संजय सिंह ने कहा इंडिया गठबंधन, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस लिए खुशी के बात है कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए शाहाबाद ब्लॉक के 76 में से 70 मौजूदा सरपंच अपना समर्थन देने के लिए और अपने क्षेत्र का वोट दिलाने के लिए इंडिया

**समर्थन**

**संजय सिंह की मौजूदगी में शाहाबाद खंड के 70 सरपंचों ने आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया**

गठबंधन को अपना समर्थन दे रहे हैं। मैं उनका बहुत बहुत आभार और स्वागत करता हूं। कुरुक्षेत्र तय कर चुका है कि जीत तो पांडवों की होगी, ये धरती अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। यहीं पर भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया जो हमें अन्याय के खिलाफ लेड़ने की शिक्षा देता है। आज नरेंद्र मोदी की अगुआई में कोरवों की सेना देश में राज करना चाहती है। उसको हराने का काम कुरुक्षेत्र और हरियाणा करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा का अपना स्वर्णिम इतिहास रहा है। वो चाहे किसान आंदोलन हो या सेना में हरियाणा के युवाओं की योगदान और बलिदान हो। हरियाणा के हर गांव में किसी न किसी शहीद के नाम पर एक गेट मिल जाता है। हरियाणा का नौजवान सुबह चार बजे उठकर परिश्रम और भारत माता की रक्षा के लिए खुद को तैयार करता है। लेकिन लेकिन पीएम मोदी ने अग्निवीर योजना लाकर भारत माता, नौजवानों और सीमा की सुरक्षा को धोखा दिया है। जिसका सबसे ज्यादा अघात हरियाणा, पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के नौजवानों की पीठ में छूरा घोंपने का काम किया है।

# मतदान केंद्रों पर गर्मी से बचाव के होंगे विशेष प्रबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए 25 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध किए जाएंगे। हीट वेव से बचाव हेतु तथा छाया के लिए टेंट, पंखे, पीने का पानी सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा, मतदाताओं को क्यू मैनेजमेंट एप से भी बीएलओ जानकारी देगा कि मतदान के लिए कितने लोग लाइन में हैं, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। श्री अग्रवाल आज अधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के 2 करोड़ 76 हजार 441 मतदाताओं से अपील की है कि 25 मई को लोकतंत्र का त्यौहार मनाएं और वोट अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र कें अंदर मतदाता मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गेजेट, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, स्पाई कैमरा इत्यादि लेकर न जाएं, इससे मतदान की गोपनीयता भंग होने की संभावना रहती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पीठासीन अधिकारी को ही मोबाइल रखने की अनुमति होगी।

# 'मोदी लहर के आगे कांग्रेस की दाल नहीं गलने वाली'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। क्षेत्र के मौजिज और प्रमुख लोग जगह-जगह बंतो कटारिया का स्वागत कर रहे हैं। रविवार को बंतो कटारिया पंचकूला स्थित विश्वास फाउंडेशन, बीकेएम विश्वास स्कूल, सेक्टर-9 पहुंची और यहां दीदी श्री कृष्ण मूर्ति जी से विजय का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा अंबाला व पंचकूला में कई स्थानों का दौरा कर बंतो कटारिया ने लोगों से समर्थन मांगा। श्रीमती कटारिया ने पंचकूला के चुनाव कार्यालय में भी गईं और कार्यकताओं से भेंट कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। बंतो



कटारिया ने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का लोगों में जुनून और जोश हर जगह देखा जा रहा है। अंबाला क्षेत्र में माहौल मोदीमय बना हुआ है। 10 सालों में हुए विकास कार्यों से अंबाला लोकसभा की जनता खुश है।

उन्होंने कहा कि मोदी और हरियाणा की भाजपा सरकार ने अंबाला क्षेत्र का कायापलट किया है। अगले पांच साल में अंबाला में हर सुख सुविधा लोगों को मिलेगी। कांग्रेस ने विकास से जनता को

**अभियान**

**विश्वास फाउंडेशन में दीदी श्री कृष्ण मूर्ति जी से मिला विजयश्री का आशीर्वाद : बंतो कटारिया**

कोसों दूर रखा बंतो कटरिया ने कहा कि पूरे हरियाणा में मोदी के नाम की आंधी चल रही है। भाजपा की इस प्रचंड लहर के आगे कांग्रेस की दाल गलने वाली नहीं है। जनसंपर्क अभियान के तहत श्रीमती कटारिया ने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसने कभी विकास की बात तक नहीं की। लोगों को विकास से कोसो दूर रखा।

# जे.सी. बोस विवि के कम्युनिटी कॉलेज के 51 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा संचालित कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट (सीसीएसडी) फरीदाबाद में कौशल प्राप्त छात्रों के प्लेसमेंट में बहुराष्ट्रीय कंपनियां रूचि दिखाने लगी है। हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्लेसमेंट अभियान में ऑटोमोबाइल उद्योग को समाधान प्रदान करने वाली वैश्विक विनिर्माण कंपनी शिगन ग्रुप ने कम्युनिटी कॉलेज में पढ़ रहे विभिन्न बी.वोक पाठ्यक्रमों से 51 विद्यार्थियों का चयन किया है। ये विद्यार्थी इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल और विनिर्माण पाठ्यक्रमों में बी.वोक कर रहे है। कम्युनिटी कॉलेज साधन से वंचित युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय का एक अभिनव दृष्टिकोण है, जिसका उद्देश्य युवाओं, विशेष रूप से ऐसे युवा जो ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं, को उचित कौशल आधारित शिक्षा एवं सही प्रशिक्षण द्वारा स्थानीय उद्योगों के सहयोग से लाभकारी रोजगार के अवसर प्रदान कर सशक्त बनाना हैं। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विद्यार्थियों को उनके चयन पर शुभकामनाएं दीं है।

# राजनीतिक दलों को समर्थन के मुद्दे पर किसान संगठनों का अलग अलग रुख

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में गुटों में बंटी भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दलों के समर्थन को लेकर भी अलग-अलग रुख हैं। भाकियू (चढ़ूनी गुट) ने कुरुक्षेत्र से इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला को किसान हितैषी करार देते हुए खुलकर समर्थन किया है। वहीं, टिकैत गुट केवल भाजपा-जजपा के विरोध का फैसला ले चुका है और उन्होंने किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं किया है। उन्होंने अपने समर्थकों और कार्यकताओं के विवेक पर यह फैसला छोड़ दिया है।

इससे पहले भी गुरनाम सिंह

**समर्थन**

**भाकियू (चढ़ूनी गुट) ने इनेलो प्रत्याशी अभय को किसान हितैषी करार देते हुए खुलकर समर्थन किया**

चढ़ूनी खुलकर राजनीतिक हिस्सेदारी का समर्थन करते रहे हैं और पिछली बार विधानसभा चुनावों में उन्होंने संयुक्त संघर्ष पार्टी के बैनर तले अपने प्रत्याशी भी उतारे थे। इससे पहले, चढ़ूनी करनाल में बसपा के प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह का भी समर्थन कर चुके हैं और खुद उनका नामांकन दाखिल कराने के लिए पहुंचे थे। चढ़ूनी के इस फैसले के खिलाफ के भाकियू टिकैत गुट के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने चढ़ूनी पर हमला बोला है। मान ने कहा कि किसानों के कंधों पर सियासत नहीं करनी चाहिए। जवाब में चढ़ूनी ने कहा कि हम किसान हितैषी नेताओं के साथ हैं और एसकेएम को भी खुलकर ऐसा करना चाहिए, जब तक किसानों की राजनीति हिस्सेदारी नहीं होगी, तब तक किसान की दशा नहीं बदल सकती। रतन मान ने कहा किसानों के नाम पर सियासत करना बहुत बुरी बात है। कुछ लोग किसानों को सत्ता की सीढ़ी तक पहुंचने का जरिया समझ रहे हैं।

# मोदी सरकार ने किसानों के साथ किया विश्वासघात: सैलजा

## युवाओं को लील रहा है नशा, बर्बाद हो रहे है परिवार पर सरकार को कोई चिंता नहीं: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/डबवाली:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि देश का अन्नदाता अपने हक की लड़ाई के लिए आंदोलनरत है और मोदी सरकार है कि उससे झूठे वायदे कर गुमराह करती आ रहा है, इस सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है, कांग्रेस की सरकार बनते ही किसान न्याय के तहत काम से कम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। कर्ज



माफी आयोग के गठन किया जाएगा साथ में जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया जाएगा। सिरसा जिला नशे की गिरफ्त में है, इसे सबसे पहले नशामुक्त किया जाएगा और युवाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाएगा। कुमारी सैलजा ने सोमवार को डबवाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और डबवाली नगर का दौरा किया और गांव घुंकावाली में सभा को संबोधित करते हुए वोट

**सरकार को घेरा**

**देश का अन्नदाता अपने हक की लड़ाई के लिए आंदोलनरत है और मोदी सरकार है झूठे वायदे कर रही**

की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एमएसपी को कानून दर्जा देने से पीछे भाग रही है किसानों की अनदेखी की गई जा रहा है, जिस देश का अन्नदाता कमजोर होता है वह देश मजबूत नहीं हो सकता, पिछले दस सालों में भाजपा ने देश को काफी पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कल भी किसानों के साथ थी आज भी है और सदा रहेगी। उन्होंने कहा कि श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने न्यूनतम मजदूरी 400 प्रतिदिन सुनिश्चित करने के लिए रोजगार गारंटी का वादा है, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम दिया जाएगा और सभी को निपटाना 30 दिनों के भीतर ही किया जाएगा। बड़े गांव छोटे शहरों में किसानों को खोदरा बाजार स्थापित किया जाएगा ताकि किसान अपनी उपज की आसानी से ला सके और उपभोक्ताओं को बेच सके।

## न्यूज फ्लैश

### ओशो ध्यान उपवन में प्रकृति प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े साधक



**हिसार :** भक्ति का पहला चरण प्रकृति प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र ओशो ध्यान उपवन में आयोजित किया गया। इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने हिस्सा लिया और ध्यान की सरल विधियों का अभ्यास किया। इस दौरान संगीत के साथ सामंजस्य बिठाते हुए साधकों ने झूमते हुए अनूठे आनंद की अनुभूति भी की। इस अवसर पर स्वामी संजय ने बताया कि प्रकृति से प्रेम करने वाला, उसे समझने वाला और उसके प्रति समर्पित होने वाला इंसान परमात्मा की तरफ कदम बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि भक्ति का पहला चरण प्रकृति से प्रेम करना ही है। हरे-भरे पेड़, कल-कल करती नदियां, झूम-झूमकर बहते झरने, पक्षियों का कलरव और नीला अंबर देखकर जो उल्लासित न हो पाए तो समझो वह प्रकृति से विमुख है। इसलिए प्रकृति के जुड़ाव नितांत आवश्यक है। स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने भक्ति मार्ग और प्रकृति पर आधारित अनेक व्याख्यान दिए हैं। संत ओशो कहते हैं कि प्रकृति को सुनने व समझने के लिए उससे जुड़ाव जरूरी है। संत ओशो ने मौन के महत्व को भी स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा है कि प्रकृति को समझने के लिए मौन होना जरूरी है। मौन होने से हमें अपने इर्द गिर्द प्रकृति का संगीत सुनना शुरू हो जाता है लेकिन हमने अपने चारों ओर शोरगुल का वातावरण बना लिया है और इस शोर में मौन होना ही भूलते जा रहे हैं। संत ओशो ने अपने व्याख्यान में कहा है कि यदि इंसान प्रकृति पर भरोसा कर सकता है तो वह धीरे-धीरे शांत, खुश व आनंदित होते हुए जश्न मनाएगा क्योंकि प्रकृति जश्न मना रही है। वास्तव में प्रकृति एक उत्सव है। यदि इंसान प्रकृति पर विश्वास जताता है तो वह धीरे-धीरे ब्रह्मांडीय प्रकृति के करीब आ जाएगा।

स्वामी संजय ने बताया कि भक्ति का पहला चरण प्रकृति प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र में हिस्सा लेकर साधक आनंदित व उल्लासित दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र व ध्यान साधना शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन सत्रों व शिविरों में हिस्सा लेकर साधक ध्यान की सरल व व्यावहारिक विधियां सीख सकते हैं।

### बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को दिया जा रहा है अभिनंदन पत्र: एडीसी

**पानीपत, कमाल हुसैन**



लोकतंत्र के महापर्व एवं देश के गौरव पूर्ण पल के लिए हरियाणा मे लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए 25 मई को बम्पर वोटिंग के लिए वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के मतदान मे विशेष योगदान एवं युवाओं को प्रेरित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रो मे वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों को भारत निर्वाचन आयोग दिल्ली द्वारा प्रेषित अभिनन्दन प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से यह विशेष पहल की गई है कि क्षेत्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रेरित किया जाए यही नहीं वे युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित करें। इसी के द्दष्टिगत निर्वाचन आयोग की ओर से उनका हौसला बढ़ाने के लिए अभिनंदन पत्र उन्हें सौंपा जा रहा है।

यही नहीं साथ मे पटका पहनाकर, बैज लगाकर सम्मानित किया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र दहिया के दिशा निर्देश पर दिव्यांगों के लिए पोलिंग बूथ पर व्हील चेयर, ट्राईसाइकिल का प्रबंध करवाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। डॉ पंकज यादव ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दौरान कोई असुविधा न हो इसका पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। क्योंकि ये हमारे युवा व अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा सोत्र का कार्य कर रहे है।

# 'मोहनलाल की जीत में अहम भूमिका निभाएगा महिला मोर्चा'

**'जल्द ही सभी विधानसभा में महिला मोर्चा के सम्मलेन होंगे और महिला कार्यकर्ता बूथ सखी के रूप में प्रचार करेंगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा है कि सोनीपत लोकसभा चुनाव में मोहन लाल बड़ोली की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जल्द ही सभी विधानसभा में महिला मोर्चा के सम्मलेन होंगे और हर बूथ पर पांच महिला कार्यकर्ता बूथ सखी के रूप में चुनाव प्रचार में जुटेंगी।

कविता जैन ने महिला मोर्चे के कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी, लोकसभा एवं विधानसभा में तेंतीस प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक, आयुष्मान योजना, घर-घर शौचालय समेत अनेकों योजनाएं बनाकर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाये हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त से सख्त कानून बनाने का काम किया गया, इसलिए हमें इन योजनाओं का घर-घर जाकर प्रचार करके कमल का बटन दबाने के लिए प्रेरित करना है।





**मंथन**

**महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त से सख्त कानून बनाने का काम किया गया: कविता जैन**

इस अवसर पर श्रीमती सुमित्रा चौहान, (चेयरमैन समाज कल्याण विभाग), श्रीमती राजबाला (लोकसभा प्रभारी सोनीपत), श्रीमती रेखा, श्रीमती सोनिया मोर (अध्यक्ष महिला मोर्चा सोनीपत), श्रीमती कविता शर्मा (अध्यक्ष महिला मोर्चा जींद), श्रीमती अंजलि बजाज (सोनीपत जिला महामंत्री), और सब विधान सभाओं के प्रभारी एवं महामंत्री, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री महिला मोर्चा उपस्थित रहे।

## ललित कला विभाग में कला प्रदर्शनी 'झलक' का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में सोमवार को छात्रा कलाकारों कविता, पूजा और सोनाली द्वारा कला प्रदर्शनी ह्यझलकह्न का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संकाय के निदेशक डॉ. अमित लुदरी ने कलाकार छात्राओं से उनके विषय के विभिन्न तकनीक और बारीकियों के बारे में बातचीत करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने कलाकार छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

छात्रा कविता ने अपने कार्य के वर्णन करते हुए बताया कि उसने अपने कार्य में बेजुबान कीटों के द्वारा यह दशार्या है कि हमें निरंतर कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए। छात्रा पूजा ने भी अपने कार्य में महिलाओं के जीवन में संघर्ष व उतार-चढ़ाव को शतरंज के खेल के साथ समायोजित करके दशार्या है और छात्रा सोनाली ने अपने कार्य के माध्यम से कैनवस पर रंगों के संतुलन को दशार्ते हुए जीवन में रंगों के महत्त्व को बाताया है। प्रो. (डॉ.) राम विरंजन ने बताया कि बच्चों ने कला को बहुत सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया है।

### बीएलओज की बैठक का आयोजन किया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

सोमवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त पंकज यादव की अध्यक्षता में जिला के सभी बीएलओज की एक बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त पंकज यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आमजन की सुविधा के लिए चुनाव आयोग हरियाणा ने ईक्यूएमएस हरियाणा नाम से ऐप बनाया है ताकि लोग वोटिंग के दौरान लम्बी लाईनों से बच सकें और अपनी सुविधा अनुसार वोट डाल सकें। यह ऐप प्रातः 8 बजे से सांयः 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस ऐप को सभी बीएलओज हर आधे घण्टे में अपडेट करेंगे।

## देश की उन्नति में महिलाओं का अहम योगदान : अनिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला छावनी में राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मावाहिनी ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर हरियाणा महिला कांग्रेस सेवादल की स्टेट सैकेटरी एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने शिरकत की। संगठन के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जंगशेर शर्मा ने उन्हे पटका पहनाकर उनका शोभायात्रा में आने पर स्वागत किया। अनिका शुक्ला ने इस भव्य आयोजन के लिए हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जंगशेर शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विमल तिवारी, व शोभायात्रा में आए हुए बाजीराव पेशवा के पड़पौत्र प्रभाकर राव जी का धन्यवाद किया व कहा संगठन द्वारा हर साल भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है जो कि बेहद सराहनीय है व इस तरह के आयोजन सर्व समाज के लोगों को उत्साहित व प्रोत्साहित करने वाले है। उन्होने कहा कि शोभायात्रा में बाजीराव पेशवा के पड़पौत्र प्रभाकर राव जी पहुंचे है इससे समाज को हिस्टोरिकल बैकग्राउंड का पता चलेगा व बहुत ही अच्छा संदेश समाज को जाएगा कि किस तरह पानीपत के युद्ध में ब्राहणों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दी थी। मीडिया से बातचीत के दौरान नारी शक्ति के एक प्रशन का जवाब देते हुए कहा कि महिला के बिना न तो किसी घर की सुबह होती है न ही रात होती है। उन्होने कहा कि देश की उन्नति में महिलाओं का अहम योगदान है। उन्होने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाऐं आगे बढ़ रही है।



**अभिनंदन**

**हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जंगशेर शर्मा ने उन्हे पटका पहनाकर उनका शोभायात्रा में आने पर स्वागत किया**

### समय पर हथियार जमा करवाएं शस्त्र लाइसेंस धारक: भोरिया



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** लोकसभा चुनावो के मध्यनजर कुरुक्षेत्र पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी जारी करते हुए अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस धारक अपने लाइसेंसी हथियार समय से नजदीकी पुलिस थाना या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा करवायें ।यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनावो की घोषणा कर दी गई है। चुनाव की घोषणा के साथ जिला कुरुक्षेत्र में आचार संहिता भी लागू हो गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराएं। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आपके क्षेत्र में जिन लोगों के पास लाईसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाने या गनहाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

## एम.ए हिंदी के विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एम ए हिंदी के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के रिजल्ट में राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल का प्रदर्शन बहुत शानदार रहा । हिंदी विभाग की साहित्य परिषद के प्रभारी सहायक प्रोफेसर डॉ सुनील थुआ ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा घोषित प्रथम सेमेस्टर के टॉप पंद्रह मेधावी विद्यार्थियों की सूची में कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। जिसमें क्रमशः रजनी ने आठवां नंदनी ने ग्यारहवां अस्मिता ने बाहरवां एवं निरियोम ने चौदहवां स्थान हासिल किया है । इसी तरह से तीसरे सेमेस्टर में निकिता ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है । इस अवसर पर कॉलेज में खुशी का माहौल है । इस अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता डॉ कृष्ण कुमार ने की व मुख्य अतिथि के रुप में कॉलेज प्राचार्या डॉ गगन्दीप कौर ने शिरकत की।डॉ सीमा दीक्षित ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि हिंदी भाषा व साहित्य जैसे विषयों में परीक्षाओं में अव्वल आना विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की तरफ संकेत करता है। प्राचार्या डॉ गगन्दीप कौर ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का श्रेष्ठ प्रदर्शन करना कॉलेज के गौरव का विषय1 है सभी मेधावी विद्यार्थियों व विभाग के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इससे अन्य विद्यार्थियों को भी कठिन मेहनत करके सफलता प्राप्त करने प्रेरणा मिलती है।



**मेरिट लिस्ट**

**प्रथम सेमेस्टर के टॉप पंद्रह मेधावी विद्यार्थियों की सूची में कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है**

## 'देश के भविष्य के लिए पीएम मोदी ने लाभकारी योजनाएं लागू की'

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** सोनीपत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ोली ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के चुनाव का दौर चल रहा है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा। आप सभी लोग मतदान जरूर करें। देश के भविष्य को संवारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों लाभकारी योजनाएं लागू की हैं। आप लोग एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनें ताकि देश को विश्व गुरु बनाया जा सके। जींद विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान मोहनललाल बड़ोली ने कंडेला में खेड़े वाली चौपाल, दरिया वाला सामान्य चौपाल, जीतगढ़, ब्राह्मण धर्मशाला, ढांडा खेड़ी सामान्य चौपाल, रूपगढ़ चबूतरा खाप, जाजवान सामान्य चौपाल, केरखेड़ी सामान्य चौपाल, इंटल खुर्द सामान्य चौपाल, अहिरका सामान्य चौपाल, इंटल कलां सामान्य चौपाल, ढालमवाला सामान्य बीच वाली चौपाल, इक्कास ओबीसी चौपाल, बोहतवाला स्थान सामान्य चौपाल, न्यू एम्प्लॉयज कालोनी, चुनाव कार्यालय जींद व राम कालोनी वार्ड 23 में जनसंपर्क किया व जनसभाओं को संबोधित किया। कार्यक्रमों के दौरान मोहनलाल बड़ोली का जोरदार स्वागत किया गया।



### मंडियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**पानीपत/कमाल हुसैन**

रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 316607 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 293197 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 37281 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 114041 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 108834 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4724 का उठान किया जा चुका है।

## महंत प्रभात पुरी स्कूल में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12 के दो कक्षा वर्गों में आयोजित हुई । विषय चुनने के लिए विधार्थी स्वतंत्र थे। बच्चों ने पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना क्रांति का बढ़ता दुरूपयोग व सामाजिक बुराईयों के अनेकों विषयों को चुना। सुंदर, गहरे व प्रतिकात्मक चार्ट बनाए। राठोर ने प्रतियोगिता परिणाम घोषित करते हुए कहा कि 9 से 12 वर्ग में हरप्रीत प्रथम,दिशा द्वितीय, राधिका तृतीय व स्नेहा चतुर्थ स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 वर्ग में वंशिका ने पहला,पुष्पा व भूमिका ने दूसरा,माही व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानवी व स्नेहा ने सांत्वना पुरस्कार जीता। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने विजेता बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा,रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा , मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, बिंदु , पिंकी रानी,सीमा शर्मा, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**पुरस्कार**

**यह प्रतियोगिताएं कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12 के दो कक्षा वर्गों में आयोजित हुई: प्राचार्य भजन राठोर**

## तिरुपति धाम में मंत्रोच्चारण के साथ की गई रामानुज स्वामी की आराधना

**- श्री तिरुपति धाम में चल रहे श्री रामानुज स्वामी उत्सव में उमड़े श्रद्धालु, 12 मई तक चलेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्री तिरुपति बालाजी धाम में चल रहे श्री रामनुज स्वामी उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। अर्चकों ने पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ श्री रामानुज स्वामी की पूजा व आराधना की। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम परिसर जय भगवान वेंकटेश व जय रामानुज स्वामी के उदघोष से गुंजायमान हो उठा।

सायंकाल पालकी को सुसज्जित करके श्री रामानुज स्वामी के विग्रह को विराजमान किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने पूरी निष्ठा व आस्था के साथ पालकी को अपने कंधों पर उठाकर शोभा यात्रा निकाली और धाम की परिक्रमा की। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। शोभा यात्रा के समापन पर सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया।

श्री तिरुपति धाम में रामानुज स्वामी उत्सव 12 मई तक जारी रहेगा। श्री रामानुज स्वामी अपने काल के अत्यंत विद्वान, साहसी और सामाजिक दृष्टिकोण से उदार पथ प्रदर्शक रहे। श्री रामानुज स्वामी ने लोकजागरण का आधार भक्ति को ही मान्य किया और भक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक प्रयास किए। उन्होंने अपने समयकाल में जीर्ण-शीर्ण हो चुके धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार करवाकर धर्म के प्रति लोगों की आस्था जागृत करने में विशेष भूमिका निभाई।

श्री रामानुज स्वामी उत्सव में शिरकत करने वाले श्रद्धालुओं ने श्री तिरुपति धाम में स्थापित श्री रामानुज स्वामी मंदिर में माथा टेककर अपनी आस्था व्यक्त की।

इसके साथ-साथ उन्होंने श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर में भी दर्शन किए। श्री तिरुपति बालाजी धाम में स्थापित 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम्‌ व श्री तिरुपति यज्ञशाला भी विशेष दर्शनीय रहे।



**उदघोष**

**तिरुपति धाम परिसर जय भगवान वेंकटेश व जय रामानुज स्वामी के उदघोष से गुंजायमान हो उठा**

## भुस्थला में मेधावी छात्र सम्म्मानित, दिए गए नगद पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुस्तला में सोमवार को 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रिंसिपल रणवीर सिंह रामपुरा, ग्राम सरपंच सूरजभान सिंह संदीप राणा, विक्रम राणा, ग्राम उदासी के सरपंच सुखविंदर सिंह तथा अनेक ग्रामीण मौजूद थे। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल रणवीर सिंह ने बताया कि विद्यालय से 33 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी जिन में से 6 विद्यार्थी मेरिट सूची में शामिल हुए तथा अन्य 26 प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। उन्होंने बताया कि छात्र रजनी ने 471 अंक लेकर पहला स्थान पाया तो शगुन ने 436 अंक लेकर दूसरा और आशु विधान ने 415 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय व ग्रामीणों की ओर से मेधावी छात्रों को नगद पुरस्कार, समृति चिन्ह भेंट किए गए तथा सभी प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को फूल मलाई पहनाई गई। उदरसी सरपंच सुखविंदर सिंह ने छात्रों को नगद पुरस्कार दिए तो ग्राम पंचायत भूस्थला ने आगामी सत्र से स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को 11000 रुपए तक के नगद इनाम देने की घोषणा की। इस अवसर पर सुनीता



## न्यूज फ्लैश

### पुलिस में होने का झांसा देकर 1 लाख 20 हजार रुपये ठगे

**गन्नौर: पुलिस में होने** का झांसा देकर एक व्यक्ति ने पेट्रोल पंप पर नौकरी करने वाले बुजुर्ग से करीब 1 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में चिरस्मी गांव के जसबीर ने बताया कि वह जय भारत पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। जय भारत पंप पर सतनारायण उर्फ सत्यवान निवासी गांव कासंडी पुलिस की वर्दी में आया। उसने अपना पुलिस का आई कार्ड भी दिखाया। सतनारायण ने उसे पुलिस द्वारा पकड़ा हुआ ट्रैक्टर सस्ते दाम में दिलवाने का झांसा दिया। सतनारायण की बातों में आ उसने खाते में व उसके दोस्त दीपक के गूगल पे पर 1 लाख 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ रुपये उसने दूसरे के खाते से भी ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपने रुपये मांगे तो सतनारायण ने उसे पुलिस की धमकी दी। जब उसने अपने स्तर पर पता किया तो सतनारायण पुलिस में नहीं पाया गया। अब रुपये मांगने पर सतनारायण उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने जसबीर की शिकायत पर आरोपित सतनारायण के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं 12 को

**गन्नौर: लोक गायक** राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं पुण्यतिथि पर विशाल रागनी कार्यक्रम का आयोजन 12 मई को अगवानपुर गांव के मुख्य पार्क में किया जाएगा। जानकारी देते हुए स्व. राजकिशन अगवानपुरिया के सुपुत्र दीपक अगवानपुरिया ने बताया कि कार्यक्रम में मन्नत ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी देवेंद्र कादियान, समाजसेवी परमिंद्र शर्मा व गुड़गांव से समाजसेवी नितिन त्यागी बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। जबकि हरियाणवी गायक मासूम शर्मा, गोल्डी यूपी, विकास कुमार, नरेंद्र कौशिक समचाना वाले व विष्णु दत्त शर्मा विशिष्टतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में कई गायक व कलाकार भी शिरकत करेंगे। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया।

### सोमवार को 18 प्रत्याशियों ने भरे अपने नामांकन पत्र

**सोनीपत: 18वें आम** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सोनीपत संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के अंतर्गत नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को 18 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में राष्ट्रीय गरीब दल से बिशनपुरा जींद के सुनील कुमार, आम आदमी परिवर्तन पार्टी से नरेश कश्यप, समता पार्टी से राकेश दहिया, राष्ट्रीय समाज दल आर से वीर सैन, फौजी जनता पार्टी से संतोष, आजाद उम्मीदवार के तौर पर डॉ कमलेश कुमार सैनी, अमित, रोहताश, सुमित, सुरेन्द्र, दीपक, नरेन्द्र कुमार, निर्मल सिंह, सतपाल, रमेश कुमार खत्री व संजय दास ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी कवरिंग प्रत्याशी के तौर पर साहिल मलिक तथा इनेलो के कवरिंग प्रत्याशी के तौर पर मंजू ने अपना नामांकन जमा करवाया। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों ने सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए सोनीपत लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं सोनीपत के उपायुक्त डॉ मनोज कुमार के समक्ष संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली। उपायुक्त ने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए है। एमसीएमसी द्वारा भी फेक और पेड न्यूज पर नजर रखी जा रही है। प्रत्याशियों के नामांकन की जांच 7 मई को होगी वहीं नामांकन वापिस लेने की तिथि 9 मई है।

# श्री अखण्ड शिव दुर्गा मन्दिर के 21वें वार्षिक सत्संग एवं भंडारा सम्पन्न

## जिसे संतों का आशीर्वाद मिल जाए उसे कोई हरा नहीं सकता : राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



बरसत रोड स्थित जसबीर कालोनी में श्री अखण्ड शिव दुर्गा मन्दिर का 21वां वार्षिक सत्संग एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी सतीश वर्मा एवं उनकी पत्नी ममता के सौजन्य से श्री रामचरित्र मानस का अखण्ड पाठ कराया गया। वहीं प्रसिद्ध भजन गायक प.आत्म प्रकाश वशिष्ठ ने अपने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया। ध्वजारोहण राजीव जैन ने किया। रिबन काटने की रस्म अनन्तराम खुराना ने की एवं ज्योत प्रचण्ड हीरा मल्होत्रा ने की। मंच संचालन मदन लाल आजाद ने किया। श्री स्वामी महेशानंद जी महाराज द्वारा पावन प्रवचन किए गए। इसके अलावा श्री श्री 108 स्वामी परमानंद भैयाजी, श्री श्री 108 स्वामी विश्वेशरानंद जी महाराज हरिद्वार ने भी अपना आशीर्वाद दिया। समारोह में आए सभी संतों का फूल माला डालकर व उपहार देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व पार्षद विजय जैन रहे। श्री श्री 108 महेशानंद जी महाराज ने विजय जैन को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उन्हें समाजसेवा करने का मौका अवश्य मिलेगा। जिसने समाज को अपना लिया और समाज ने उसे अपना लिया उसे कामयाबी जरूर मिलेगी। वहीं विजय जैन ने कहा कि अगर जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया तो वह ईमानदारी से जन सेवक की भूमिका निभायेंगे। मुख्य अतिथि राजीव जैन ने कहा कि आज वह जो भी है संतों के आशीर्वाद से है। जिसे संतों का आशीर्वाद मिल जाए उसे कोई हरा नहीं सकता। सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिनेश खुराना, अशोक कालड़ा, अनिल बत्तरा, जगन्नाथ आन्नद, सुनील गोयल, रामलाल मदान, बलदेव अरोड़ा हनुमान, राजेन्द्र गोयल, जुगल आन्नद, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कानून का राज स्थापित करने के लिए लडूंगा लड़ाई: हरजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिरोमणि** अकाली दल अमृतसर (मान) के प्रदेशाध्यक्ष हरजीत सिंह ने आज करनाल- पानीपत संसदीय क्षेत्र से सैकड़ों समर्थकों के साथ नामंकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समानता पर आधारित समाज के निर्माण और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए वह चुनाव में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने हजारों बेगुनाह युवकों को जेल में डाल दिया है। किसानों का दमन किया जा रहा है। सरकार किसानों पर जुल्म बरपा रही है, इसलिए वह मैदान में हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल के सामने खडे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी तथा भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण ने उन्हें अपना समर्थन दिया है। इससे पहले सैकडों समर्थकों के साथ ढोल बजाते हुए वह मिनी सचिवालय पहुंचे। जगह-जगह उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने जाकर अपना नामंकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ जगतार सिंह हवारा के पिता गुरचरन सिंह, किसान नेता मनोज सिंह दूहन, हरपाल सिंह जलमाना, हरदीप सिंह, वरिंदर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृष्ण दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 7 मई को शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराज की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 9 बजे होगी तथा सायंकालीन सांय 6.30 बजे होगी। अमृतसिद्धि तथा सर्वार्थसिद्धि योग का मेल होने के कारण इस महीने की चौदस ज्योतिषीय दृष्टि से अधिक कृपादायक तथा मनोवांछित दायिनी है। कार्यक्रम के उपरांत महाआरती होगी। इस महाआरती एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का लाभ सुरेन्द्र कुमार जैन (इंदरगढ़ वाले) रोहतक निवासी द्वारा लिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बृहत श्री घण्टाकर्ण स्तोत्र सुनाया जाएगा। प्रातःकालीन आरती की रस्म संपन्न करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा, करनाल विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी स. तरलोचन सिंह अपने विशिष्ट सहयोगियों सहित सुबह 8 बजे हाजिर रहेंगे। सांयकालीन आरती का लाभ लेने के लिए एसपी दीपक सहारन, जिला न्यायवादी पंकज सैनी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे। मंदिर प्रबंधन ने कृपा-प्राप्ति के इच्छुक सभी भक्तजनों से इस मौके पर पहुंचकर लाभ उठाने का विशेष आग्रह किया है।

# डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में कराया शपथ ग्रहण

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**डी ए वी सैंटेनरी** पब्लिक स्कूल समालखा में स्कूल परिफेक्ट बॉडी का विधिवत गठन करके शपथ ग्रहण समारोह करवाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने कैप्टन वाइस कैप्टन तथा स्पोर्ट्स कैप्टन का पदभार ग्रहण कर अपने-अपने उत्तरदायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने की शपथ ग्रहण की। स्कूल प्राचार्या के साथ सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की परीक्षा करते हुए 12वीं कक्षा के वंशज ढांडा को हेड बॉय तथा नेहा को हेड गर्ल के रूप में चुना। इसके पश्चात दयानंद सदन से नवी कक्षा से 12वीं कक्षा तक गौरांश और भूमिका को कैप्टन हर्षित और कोमल को वाइस कैप्टन तथा प्रिंस और शालू को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना। छठी से आठवीं कक्षा तक



लक्ष्य को कैप्टन जीविका को वाइस कैप्टन तथा रिया का स्पोर्ट्स कैप्टन चुना। गांधी सदन से 12वीं कक्षा तक अंशिका तथा संयम को कैप्टन पुलकित को वाइस कैप्टन तथा तनीषा राठी और अक्षर को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना छठी से आठवीं कक्षा तक सुनैना को कैप्टन प्रतीक को वाइस कैप्टन और हर्ष को स्पोर्ट्स कप्तान चुना। टैगोर सदन से नवी से 12वीं कक्षा तक कुणाल तथा महक को कैप्टन सनी और वंशिका को वाइस कैप्टन अभय और जानवी को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना। छठी से आठवीं कक्षा तक अभिषेक को कैप्टन प्रिंसया को वाइस कैप्टन तथा मन्नत को स्पोर्ट्स कप्तान चुना। विवेकानंद हाउस से नवी से 12वीं कक्षा तक अंशुल और श्रुति को कैप्टन दीपांशु और शिवानी को वाइस कैप्टन आदित्य और भांति को स्पोर्ट्स कप्तान चुना। स्कूल परफेक्ट बॉडी के सभी चयनित अधिकारियों को उनके कर्तव्य समझाकर शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने स्कूल परिफेक्ट बॉडी के सभी पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य को लगन एवं निष्ठा से वहन करने और स्कूल अनुशासन में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# गुरुकुल के छात्रों ने किया आर्य समाज मॉडल टाउन का भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय** के नवनिर्मित महर्षि दयानन्द बाल गुरुकुल के छात्रों को संस्कारवान बनाने तथा आर्य समाज को बढावा देने के लिए आर्य समाज मॉडल टाउन पानीपत में भ्रमण करवाया। विद्यालय के नन्हे छात्रों को बैठाकर हवन यज्ञ करवाया गया जिसमें विद्यालय की अध्यापिकाएं भी हवन यज्ञ में शामिल रहीं। विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि विद्यालय के छात्रों को समय समय पर वैदिक संस्कार देने के कार्य किए जाते हैं। छात्रों को प्रतिदिन हवन यज्ञ में शामिल किया जाता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में संस्कारों का अत्यधिक महत्त्व है । संस्कारों का सर्वाधिक महत्त्व मानवीय चित्त की शुद्धि के लिए है । संस्कारों के द्वारा ही मनुष्य का चरित्र निर्माण होता है और विचारों के अनुरूप संस्कार क्योंकि चरित्र ही वह धुरी है जिस पर मनुष्य का जीवन सुख शान्ति और मान.सम्मान को प्राप्त करता है । यदि संस्कार न हों तो हमारी सामाजिक जिम्मेदारियां और सामाजिक भागीदारी शून्य होगी। संस्कारों की पहली पाठशाला घर से शुरू होती है। हम जो घर से सीखते हैंए वही बाहर करते हैं। इसके बाद स्कूल में संस्कारों का समायोजन होता है। इसके अलावा संस्कारों में एक अहम संस्कार है जिसे परोपकार कहा जाता है। परोपकार के जरिए ही समाज में हम एक दूसरे की भावनाओं को समझ पाते हैं। इसी के जरिए हम एक दूसरे की मदद के लिए प्रेरित होते हैं। यदि यह संस्कार न हो तो हम समाज में कोई स्थान प्राप्त नहीं कर सकते। लिहाजा संस्कारों की कड़ी में हमें परोपकार के बारे में पता होना चाहिए और इसका अनुपालन भी सुनिश्चित करना चाहिए। तभी हम समाज में विशिष्ट स्थान बना पाने में कामयाब हो सकते हैं। जीवन में आगे बढ़ने के लिए अच्छे संस्कार तथा अनुशासन बहुत आवश्यक है। उसके लिए हर कार्य चाहे वह पढ़ाई खेल अथवा अन्य कार्य हों उसमें एक निश्चित समय अवधि का होना बहुत आवश्यक है। उसके लिए हमें अपने गुरु तथा माता.पिता बड़ों का सम्मान करना आवश्यक है। साथ ही हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखना आवश्यक है। इस अवसर पर मोनिका, पारूल, प्रिया, सुमन, पूजा रानी, सविता खर्ब मौजूद रही।

**हवन यज्ञ**

▶▶ छात्रों को बैठाकर हवन यज्ञ करवाया गया जिसमें विद्यालय की अध्यापिकाएं भी हवन यज्ञ में शामिल रही

# धारा 144 के बावजूद भी नहरों में नहाते 10 साल से कम उम्र के बच्चे



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत, जिलाधीश डॉ** मनोज कुमार ने एक सप्ताह पहले ही आदेश जारी करते हुए कहा कि गर्मियों में जिला से गुजरने वाली नहरों के किनारों पर नहाने के लिए भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो जाती है। जिसके कारण कई बार नहर में नहाने वालों की पानी में डूबने की आशंका बनी रहती है। क्योंकि नहरों में पानी का प्रवाह विभिन्न परिस्थितियों के अधीन है। जिलाधीश ने मानव स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए नहरों में व्यक्तियों के प्रवेश और वहां स्नान करने पर पाबंधी लगाई हैं। बावजूद धारा 144 लगने के बावजूद खरखौदा के दिल्ली रोड पर नहर में रोजाना काफी संख्या में छोटे बच्चें नहरों में नहा रहे हैं। वही ऐसा भी देखने मे आया है कि नहरों में महिला भी नहाती नजर आई है। आपको बतादे कि जिलाधीश ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर सभी नहरों पर जगह-जगह नोटिस बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें ताकि नोटिस बोर्ड के माध्यम से लोगों को नहरों में न नहाने के प्रति जागरूक किया जा सके। लेकिन अभी तक कोई भी नोटिस बोर्ड नही लगवाया गया हैं। बच्चें खुलेआम नहरों में नहाते जा रहे है।

# सीवर जाम होने के कारण गंदा पानी भरा, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: समालखा**

**नगरपालिका** के वार्ड 17 मे व पुरानी एक्सचेंज वाली गली जो की 22 फुट चौडी लोगो ने अतिक्रमण कर 8 फुट की नही रही यह रास्ता शहर को एक दर्जन गावों को जोड़ता है एक मात्र रास्ता है पर बीते दो दिनों से सीवर जाम होने के कारण गंदा पानी भरा हुआ है। सड़क के दोनों ओर बनी नालियों की पिछले कई माह से सफाई न होने के कारण नालिया बन्द पड़ी है इस कारण लोगों को पैदल आने




जाने मे परेशानी हो रही है। पिछले दिनों हुई बारिश ने और मुसीबत बढ़ा दी थी। वैश्य स्कूल है जिस मे बच्चो को जुते उतार कर गन्दे पानी से निकलना पड़ता है सफाई व सिवरेज जाम होने से समालखा वासियो को काफी परेसानियो का सामना करना पड़ रहा है।

# दिशांत ने देव को हराकर फाइनल में जगह बनायी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत क्लब में चल** रही 13 वीं आर्थिक जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन अहम मुकाबले खेले गये पॉल सिंह दोचक,सिनियर सिटीजन समाज सेवक एंड उद्योग पति ( एग्रीकल्चर के उपयोग आने वाली दवाई के निर्माता ) द्वारा आशीर्वाद दिया और शुभकामनायें दी। आज के पुरुष एकल मुकाबलों में दिशान्त एहलावत ने देव रावल को हराकर फाइनल में जगह बनायी व अकूल नांदल ने मनोज 15-



14,15-14 से हराकर फाइनल में जगह बनायी युगल मुकाबलों में कार्तिक मलिक और आदित्य मलिक ने मनीष और विश्वेश को जोड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनायी अंडर 11 में राघव सेक्सेना ने अंशमन को हराकर फाइनल में जगह बनायी अंडर 11 गर्ल्स में धैर्य चावला ने प्रतिक्षा को 15-6 15-9 से हराकर फाइनल में जगह बनायी इस प्रतियोगिता का कल समापन होगा इसमें पानीपत डिप्टी कमिशनर वीरेंद्र कुमार व मुख्य अतिथि एस एस दत बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान जुगल डावर , महासचिव दिनेश संदुजा ,ओ. पी. रानोलीया,सतीश महाजन,मुकेश मदान, भूपेंदर नादल, राम फल शर्मा ढार,विपिन शर्मा ,सुधांशु , अजय नादल, अरविन्द काजला आदि सदस्य मोजूद थे ।

# 'ओशो ने सामूहिक हास्य प्रक्रिया को दिया साइकोथेरेपी का रूप'

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सोनीपत** जिले के दीपालपुर गांव में स्थित ओशो आश्रम श्री रजनीश ध्यान मंदिर में आयोजित एक सत्संग सभा में ओशो के अनुज स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने कहा कि हास्य-कला हमें ताजा और स्वस्थ करने की उल्लेखनीय क्षमता रखती है। विश्व हंसी दिवस इस कला का उत्सव मनाने के लिए समर्पित है । इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हंसी के अनेक फायदों के बारे में सजगता बढ़ाना है। यह मन के शांत व विश्रामपूर्ण होने, मित्रों और अपरिचितों से भावपूर्वक जुड़कर हंसी साझा करने का सुअवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक हंसी अभ्यास में शामिल लोग वैश्विक एकता और मित्रता को



बढ़ाते हैं। मेडिकल तथा साइकोलॉजिकल रिसर्च से भी यह पता चलता है कि व्यक्तिगत रूप से हंसी, तनाव दूर करने और मानसिक व हार्दिक आयाम की खिलावट में सहयोगी सिद्ध हुई है स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने कहा कि सबसे पहले आध्यात्मिक सद्गुरु ओशो ने हंसी के महत्व को समझा और पूरी दुनिया को समझाया। वे अपने गंभीर दार्शनिक प्रवचनों के दौरान चुटकुले सुनाकर सबको हंसाते, फिर शांत-मौन ध्यान में डुबोया करते थे। 1988 में उन्होंने सामूहिक हास्य प्रक्रिया को एक साइकोथेरेपी का रूप दिया। उन्होंने बताया कि मिस्टिक रोज मेडिटेशन नामक इस 21 दिवसीय मनोचिकित्सा में प्रथम सप्ताह अकारण हंसना, दूसरे सप्ताह अकारण रोना और तीसरे सप्ताह साक्षी भाव में डूबना होता है। उपरोक्त मनोचिकित्सा प्रयोग के आशा से अधिक परिणाम आए, जिनसे प्रेरित होकर मुंबई के डॉ.मदन कटारिया ने देश में पहला लाफ्टर क्लब 1995 में शुरू किया। इसके बाद भारत में फिर देश के बाहर भी इस तरह के क्लब फैलते चले गए। स्वामी जी ने बताया कि मैं भी एक डॉक्टर हूं और चिकित्सक के रूप में आपसे शेयर करना चाहता हूं कि हमारे चेहरे की असली या नकली मुद्राएं और भाव-भंगिमाएं हमारे अंतस्तल को प्रभावित करती हैं। यदि हम उदासी या चिंता का 5 मिनट झूठा अभिनय ही करें तो हम पाएंगे कि वाकई हमारी मनस्थिति दुखद हो गई। अगर हम हंसें, मुस्कुराएं, बच्चों की तरह लोटपोट होकर खिलखिलाएं तो भीतर प्रसन्नता की लहर दौड़ जाती है। समूह में करने पर संक्रामक रोग की तरह फैलती हुई हंसी की तरंगें डिप्रेशन से बचाव करती हैं अर्थात इसे अवसाद की वैक्सीन समझिये। इस मौके पर रजनीश ध्यान मंदिर के प्रवक्ता स्वामी आनंद स्वभाव ने बताया कि दीपालपुर गांव में स्थित ओशो आश्रम श्री रजनीश ध्यान मंदिर में 7 से 12 मई तक ब्रह्म-चैतन्य साधना शिविर का आयोजन होगा ।

# अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार,एक अवैध देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीआइए असंध** की टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर नाकाबंदी करके आरोपी अमनदीप पुत्र जयपाल वासी वार्ड शिमला बस्ती असंध और जशनदीप उर्फ सोनू पुत्र गुरबाज वासी असंध को कैथल रोड़ नया बाईपास असंध से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।



सीआइए असंध के प्रभारी निरीक्षक मनदीप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को बीती शाम गुप्त सुचना के आधार पर उपरोक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि वे हथियार रखने के शौकीन हैं और अपने शौक को पूरा करने के लिए वे इस पिस्टल को शामली यूपी से लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी अमनदीप के खिलाफ पहले भी आपसी विवाद व शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं, जिनमें वह गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। आज दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## संपादकीय

# लोकतंत्र में जनता-जनार्दन की जय!

**इस बार** देश में चल रहा चुनावी महाभारत कुछ ज्यादा ही लम्बा खिंच रहा है और कई महारथी पशोपेश में पड़ते दिख रहे हैं। सेनापतियों पर शामत आ रही है कि वे अपनी-अपनी सेना को कैसे संभालें? तेज गर्मी और लू के मौसम में महीने भर से कुछ ज्यादा चलने वाले गणतंत्र के इस लोक-उत्सव में राजनीतिक पार्टियों को बीच-बीच में सांस लेने का अवसर मिल पा रहा है यह कुछ राहत की बात है। पर ह्यस्टैमिनाह्न बनाए रखने के लिए जरूरी राजनीतिक दांवपेंच कम पड़ रहे हैं और कई दलों की तैयारी कुछ ढीली पड़ती नजर आ रही है । बेहद बुजुर्ग हो रहे नेताओं को कमान संभालने में थकान भी जाहिर है पर अगली (या दूसरी) कतार के नेता ज्यादातर बयानबाजी में मशगूल हैं । चूंकि बहुत से नेता ऊपर से थोपे हुए हैं उनकी जन-रुचि बेहद सतही होती है और उनके खोखले हो रहे जन-लगाव की पोल जल्दी ही खुलती जाती है। ऐसे में नेतागण पर थोड़ी देर के लिए ही सही सार्थक प्रयोजन खोजने का दबाव और बेचैनी बढ़ती जा रही है। इस प्रयास में वे तथ्यों को तोड़मोड़ कर और इतिहास की यथेच्छ प्रस्तुति और व्याख्या करने में जुट जाते हैं। अपने सामने वाले को पटखनी देने, कमजोर साबित करने और वोट काटने के लिए नए-नए पैंतरे ढूढते रहना उनके लिए मजबूरी हो गई है । सत्तारूढ़ दल एक दशक तक का रिपोर्ट कार्ड पेश कर आर्थिक प्रगति, समाज के उपेक्षित जनों के लिए सुविधाओं का विस्तार, आईआईएम, आईआईटी और एम्स जैसी संस्थाओं का निर्माण, स्वदेशी उत्पादन और निर्यात में वृद्धि, कश्मीर के मसले में प्रगति, राम मंदिर निर्माण, एक्सप्रेस-वे का विस्तार आदि को अपने हिस्से की उपलब्धि के रूप में पेश कर रहा है। जनता भी बदलाव महसूस कर रही है। पर यह भी हकीकत है कि संसद में सत्ता पक्ष को चुनौती देने के लिए प्रतिपक्ष भी होना चाहिए। चुनावी मौसम आने पर मजबूत सत्ता पक्ष को चुनौती देने के लिए कई विपक्षी दलों का एक गठबंधन ह्यइंडीह्न खड़ा हुआ । इंडी में शुरू से ही आपसी सहमति और संवाद का अभाव बना रहा है। चुनाव के बीच राजनीतिक पार्टियों के बीच जिस किसी तरह बना सहयोग अभी तक इस अर्थ में बहुत हद तक दिशाहीन है कि साझे का कोई एक फामूर्ला नहीं बन सका है और न कोई दृष्टि ही पनप सकी है । राष्ट्र की जगह दलों की अपनी निजी क्षेत्रीय सत्ता की सुरक्षा पहली वरीयता है। उनका भविष्य वहीं पर है इस सच्चाई के साथ वे समझौता नहीं कर पा रहे और बाहर नहीं निकल पा रहे हैं । इस तरह एक विलक्षण प्रकार का सहयोग और कलह का मिला जुला नक्शा उभर रहा है जिसके तहत इंडी की सहयोगी पार्टियों के बीच आपसी समझौते पूरे देश के लिए नहीं बल्कि सीमित और क्षेत्र-विशेष तक चुकने लगे। इसका परिणाम है वे ही दल एक जगह अगर एक दूसरे के विरोधी हैं तो दूसरी जगह सहयोगी हैं । बंगाल इसका प्रमुख उदाहरण है। बिखरे होने के कारण समवेत रूप से विरोधी दलों का कोई ठोस कार्यक्रम नहीं बन पा रहा है। इंडी के सभी सदस्य दलों के अपने-अपने मंसूबे हैं और इंडी के संगठन के प्रति या देश के प्रति निष्ठा को लेकर दलों में किसी तरह की गंभीरता नहीं आ पा रही है । इसका एक बड़ा कारण उन दलों की वे अंदरूनी कमजोरियां भी हैं जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला में शिक्षामंत्री जेल में हैं, करोड़ों की नकदी उनसे मिली और अब पचीस हजार शिक्षकों की नौकरी पर बन आई है।

# पाकिस्तान: किसका दोस्त किसका दुश्मन



तनवीर जाफरी

"मई 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने उस समय उन्होंने दक्षेस देशों के प्रमुखों को अपने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी भारत आए थे । उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरीफ को उनकी मां के लिये एक शॉल भेंट किया था । शरीफ जब वह बेशकीमती शॉल लेकर पाकिस्तान पहुंचे तो उनकी बेटी मरियम शरीफ ने इस तोहफे के लिए मोदी का शुक्रिया अदा किया। मरियम ने ट्विटर पर लिखा, 'मेरी दादी के लिए इतना बढ़िया शॉल गिफ़्ट करने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। 2014 के प्रथम सप्ताह में ही नवाज शरीफ ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए तोहफे में 'रिटर्न गिफ़्ट ' के रूप में एक कीमती साड़ी भेजी"

**देश में लोक**सभा चुनाव हों और पाकिस्तान की इंट्री न हो ऐसा बहुत कम ही देखा गया है। पाकिस्तान के चुनाव में भी प्रायः भारत विशेषकर कश्मीर का मुद्दा उठाया जाता है। दोनों जगह इसका मकसद एक ही होता है कि जनता का ध्यान 'कथित राष्ट्रवाद' में उलझाकर उसे रोजगार, मंहगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मूलभूत सुविधाओं के बारे में सोचने व चर्चा करने का मौका ही न दिया जाये। इस बार स्वयं प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में पाकिस्तान को जोर शोर से याद किया है। दरअसल पाकिस्तान में इमरान खान सरकार के एक पूर्व मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने यह कह दिया कि पाकिस्तान को राहुल गांधी का समर्थन करना चाहिए क्योंकि मोदी सरकार की नीतियां पाकिस्तान के खिलाफ हैं । हालांकि फवाद उस हद तक भी नहीं गये जैसे कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका जाकर 'अब की बार ट्रंप सरकार' का नारा तक लगवा दिया था। हालांकि चौधरी फवाद हुसैन के इस बयान पर राहुल गाँधी या कांग्रेस द्वारा कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गयी है। परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके इसी बयान को आधार बना कर बात का बतंगड़ खड़ा करने की कोशिश जरूर की है। वे चुनावी जनसभाओं में कहते फिर रहे हैं कि "पाकिस्तान ह्यकांग्रेस के शहजादेह्न को प्रधानमंत्री बनवाना चाहता है"। मोदी कहते हैं कि ह्यकांग्रेस मरी, तो पाकिस्तान रोयाह्न। अब पाकिस्तान दुआ कर रहा है। कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला हो रहा है।" प्रधानमंत्री मोदी का इशारा पाते ही पूरे देश में भाजपाई 'सेनापति' राहुल और कांग्रेस पर हमलावर हो उठे हैं और कांग्रेस को पाकिस्तान परस्त बताने की पुरजोर कोशिश होने लगी है। ऐसे में कांग्रेस व भाजपा व उनके नेताओं के पाकिस्तान से रिश्तों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाना बेहद जरूरी है। गौर तलब है कि भारत पाकिस्तान के मध्य अब तक चार युद्ध हुये हैं। इनमें पहला युद्ध आजादी के फौरन बाद 1948 में लड़ा गया जिसका केंद्र कश्मीर था। उसके बाद 1965 में दूसरा युद्ध हुआ जबकि 1971 में वह तीसरा ऐतिहासिक युद्ध हुआ जिसने विश्व का भूगोल बदल




दिया। इसी युद्ध में पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए व बांग्लादेश नामक नये राष्ट्र का जन्म हुआ। यह तीनों ही युद्ध कांग्रेस के शासनकाल में लड़े गये। जबकि 1999 में एन डी ए के शासनकाल में अटल बिहारी वाजपई के प्रधानमंत्रित्व काल में ऑपरेशन विजय नामक कारगिल युद्ध, मई और जुलाई 1999 के बीच लड़ा गया। इस युद्ध में पाकिस्तान की सेना ने कश्मीरी उग्रवादियों के वेश में उनसे मिलकर नियंत्रण रेखा पार करने और भारत की जमीन पर कब्जा करने का दुस्साहस किया था। उपरोक्त सभी युद्ध में पाकिस्तान को भारतीय सेना के हाथों मुंह की खानी पड़ी थी। परन्तु पाकिस्तानी सरकार विशेषकर पाक सेना को 1971 का वह युद्ध भुलाये नहीं भूलता जिसने न केवल पाकिस्तान का नक़्शा बिगाड़ दिया बल्कि इसी युद्ध में पाकिस्तानी सेना द्वारा भारतीय सेना के समक्ष विश्व का अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्म समर्पण भी करना पड़ा था। अपनी उसी टीस को मिटने के लिये पाकिस्तान आज तक भारत विरोधी साजिशें यहाँ तक कि भारत में आतंकवाद तक को प्रायोजित करता रहता है। लिहाजा यह प्रचारित करना कि पाकिस्तान कांग्रेस का हितैषी है सरासर दुष्प्रचार के सिवा और कुछ नहीं। परन्तु इसी सन्दर्भ में भाजपा नेताओं विशेषकर स्वयं प्रधानमंत्री मोदी के पाकिस्तान के प्रति उदारतापूर्ण बर्ताव की बात करना भी जरूरी है। याद कीजिये जून, 2005 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी पाकिस्तान के संस्थापक नेता कायदे आजम मोहम्मद अली जिन्ना की कराची स्थित मजार पर श्रद्धांजलि देने गये थे। उसी समय वे पाकिस्तान के प्रथम प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की मजार पर भी श्रद्धांजलि देने गये थे। इस दौरान आडवाणी ने जिन्ना को धर्मनिरपेक्ष नेता बताते हुए कहा था कि वह एक अलग शख़्सियत थे तथा उन्होंने इतिहास बनाया था। उस समय संघ व भाजपा में तो आडवाणी के इस कदम का विरोध जरूर हुआ था मगर कांग्रेस ने चुनाव में इसे मुद्दा कभी नहीं बनाया गया।

उसके बाद मई 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने उस समय उन्होंने दक्षेस देशों के प्रमुखों को अपने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी भारत आए थे ।

उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरीफ को उनकी मां के लिये एक शॉल भेंट किया था । शरीफ जब वह बेशकीमती शॉल लेकर पाकिस्तान पहुंचे तो उनकी बेटी मरियम शरीफ ने इस तोहफे के लिए मोदी का शुक्रिया अदा किया। मरियम ने ट्विटर पर लिखा, 'मेरी दादी के लिए इतना बढ़िया शॉल गिफ़्ट करने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मेरे पिता ने खुद अपने हाथों से यह तोहफा दादी को दिया।' इस के फौरन बाद जून 2014 के प्रथम सप्ताह में ही नवाज शरीफ ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए तोहफे में 'रिटर्न गिफ़्ट ' के रूप में एक कीमती साड़ी भेजी। उस समय मोदी ने भी ट्वीट किया था -' कि नवाज शरीफ ने मेरी मां के लिए शानदार सफेद साड़ी भेजी है। मैं उनका आभारी हूं। जल्द ही मैं साड़ी अपनी मां के पास भेज दूंगा।'और उसी दिन देर शाम तक शरीफ का ये कीमती तोहफा मां हीराबेन तक पहुंच भी गया था । इस तोहफे के लिए नरेंद्र मोदी ने उस समय प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का शुक्रिया भी अदा किया था। पड़ोसी देश के साथ आत्मीयता और कीमती तोहफों के लेनदेन की ऐसी मिसाल कांग्रेस के शासनकाल में तो कभी नहीं सुनाई दी

नरेंद्र मोदी व शरीफ के बीच आत्मीयता के रिश्ते की यही एक कहानी नहीं। याद कीजिये 25 दिसंबर, 2015 को जब वो पहली बार नवाज शरीफ की पोती के निकाह में शामिल होने के लिये बिना किसी पूर्व घोषित कार्यक्रम के पाकिस्तान पहुंच गये थे। उस दिन वो शरीफ की पोती की निकाह में भी शामिल हुए थे। उस समय मोदी ने नवाज शरीफ को अफगानिस्तानी गुलाबी साफा भी तोहफे में दिया था, जिसे शरीफ ने उसी समय विवाह समारोह में पहना भी था। तो क्या आडवाणी या मोदी का पाकिस्तान के प्रति दोस्ताना व सद्भावपूर्ण रवैया सौहार्द बनाने की कोशिश माना जाये और पाकिस्तान की नजरों में हमेशा खटकने वाली कांग्रेस पार्टी को पाकिस्तान परस्त 2015 में अमित शाह बिहार चुनाव के दौरान कहते फिरते थे कि यदि लालू - नितीश का महागठबंधन चुनाव जीता और भाजपा हारी तो पाकिस्तान में पटाखे फूटेंगे।

आज वही नीतीश कुमार भाजपा के साथ हैं तो क्या अब नीतीश की जीत पर पाकिस्तान में पटाखे नहीं फूटेंगे अवसरवादिता और राजनैतिक शातिरपने की भी आखिर कोई इन्तेहा होती है सच तो यह है कि कांग्रेस व भाजपा के नेताओं के पाकिस्तान से रिश्तों के रिकार्ड खुद इस बात के गवाह है कि पाकिस्तान किसका दोस्त है और किसका दुश्मन ?

## कविता

### एक गीत

सही समय है.....
मदहोशी को तजो जरा सा-
बंद पड़े नैनों को खोलो !
कब तक यूँ ही मौन रहोगे,
सही समय है कुछ तो बोलो ।

फिर मत कहना ऐसा वैसा,
और शिकायत नहीं सुनेंगे,
जरा समझ लें, जरा सोच लें,
कौन सुनेंगे, कौन धुनेंगे ।
दोनों पलड़े हैं अब आगे ,
सही गलत क्या मिल के तोलो ।
सही समय है ....

गुजरा वक्त नहीं आयेगा,
आंसू मूक खड़ा गायेगा ,
अच्छे से अब देखभाल लो
क्या जाएगा, क्या आएगा
सोच समझ कर करो फैसला,
मन के आगे अब मत डोलो ।
सही समय है......

खुद चलकर आई है गंगा,
सारा मैल हटा लो अब तुम ।
स्वेत सरल सब हो जाएं हम,
राहें सबकी अब तुम खोलो ।
बारिश का सा आया मौसम ,
अपने अंतस को तुम धो लो ।
सही समय है.....

संजीव
---------

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी: गोपाल कृष्ण गोखले

सुरेश सिंह

**गोपाल** कृष्ण गोखले एक महान समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे। जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को अनुकरणीय नेतृत्व प्रदान किया। गोपाल कृष्ण गोखले जी का जन्म 9 मई, 1866 को वर्तमान महाराष्ट्र के कोटलुक गाँव में हुआ था।श्री गोखले ने सामाजिक सशक्तीकरण, शिक्षा के विस्तार और तीन दशकों तक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की दिशा में कार्य किया तथा प्रतिक्रियावादी या क्रांतिकारी तरीकों के इस्तेमाल को खारिज किया। ये महात्मा गांधी से लगभग ढाई साल बड़े थे। गांधी जी ने अपनी किताब 'स्वराज' में लिखा है- 'एक बार मैंने उन्हें घोड़ा-गाड़ी के बजाय ट्रेन (कलकत्ता में चलने वाली छोटी ट्रेन) से सफर करने की सलाह दी। वे आगे लिखते हैं - 'गोखले दुखी हो गए और कहा, क्या तुम भी मुझे नहीं पहचान पाए मैं जो भी कमाता हूं सब अपने आप पर नहीं खर्च करता। घोड़ा-गाड़ी से इसलिए चलता हूं कि कई लोग मुझे जानते हैं और अगर मैं ट्रेन में सफर करूं तो मेरे साथ अन्य यात्रियों को काफी दिक्कतें होंगी। जब तुम्हें काफी लोग जानने लग जायेंगे तब इसका अहसास होगा.ह्न और ऐसा हुआ भी। आज जब 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर इंडिया' के बीच बहस जारी है, हम बात जान लें कि गोखले पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 'स्वदेशी' विचार पर जोर दिया। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति और इतिहासकार प्रोफेसर केएल कमल कहते हैं, 'उन्होंने स्वदेशी को प्रोत्साहन देते हुए बताया कि यह देशभक्ति के साथ-साथ एक आर्थिक आंदोलन भी है. प्रोफेसर कमल उन्हें उदारवादियों का सिरमौर और भारत के संवैधानिक विकास का जनक मानते हैं। वे कहते हैं कि उन्होंने कोई नया सिद्धांत नहीं दिया बल्कि भारतीय परिवेश में पाश्चात्य राजनैतिक परंपरा के विलय की बात कही थी। गोपाल कृष्ण गोखले जी महात्मा गांधी के राजनैतिक गुरु, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के मार्ग दर्शकों में से एक, सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी के संस्थापक होने के साथ-साथ गोपाल कृष्ण गोखले भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के मार्गदर्शकों में से एक थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। गांधीजी उन्हें अपना राजनैतिक गुरु मानते थे। गोखले राजनैतिक नेता होने के आलावा एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने एक संस्था सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटीह्व की स्थापना की, जो आम लोगों के हितों के लिए समर्पित थी। देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण में गोपाल कृष्ण गोखले का योगदान अमूल्य है।

गोपाल कृष्ण गोखले जी के पिता कृष्ण राव एक किसान थे पर चूँकि क्षेत्र की मिट्टी कृषि के लिए अनुकूल नहीं थी, इस कारण क्लर्क का काम करने पर मजबूर हो गए। उनकी माता वालूबाई एक साधारण महिला थीं। गोखले ने अपने बड़े भाई द्वारा आर्थिक सहायता से कोथापुर के राजाराम हाई स्कूल में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। बाद में वह मुंबई चले गए और 1884 में अट्ठारह वर्ष की उम्र में मुंबई के एलफिंस्टन कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। गोपाल कृष्ण उस समय के किसी भी भारतीय द्वारा पहली बार कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने वाले चंद लोगों में से एक थे।

## विचार

# मानव और मानवता के लिए समर्पित संस्था रेडक्रास

सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

**अंतरराष्ट्रीय** रेड क्रॉस दिवस हर साल आठ मई को मनाया जाता है। इसके संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर यह दिन मनाया जाता है। हेनरी ड्यूमेंट के प्रयासों से 1864 में जेनेवा समझौते के जरिए अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस मूवमेंट की स्थापना हुई थी। हेनरी ड्यूमेंट को पहला नोबेल शांति पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

रेडक्रॉस एक स्वयंसेवी संस्था है। और देश के किसी भी भाग में प्राकृतिक या मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने और राहत पहुंचाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस तरह की संस्थाओं में जो स्वयंसेवक होते हैं, उनसे लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वर्तमान समय और परिस्थितियों में रेड क्रॉस की भूमिका केवल युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना और उचित उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं रह गया है। अब उसके दायित्व का दायरा और अधिक बढ़ गया है। विश्व में जब से कोरोना जैसी महामारी ने अपना पैर पसारा है तब से तो इस संस्था की महत्वता और दायित्व दोनों में काफी इजाफा हो चुका है। और इसका कार्य बहुत आवश्यक और महत्वपूर्ण हो चुका है । पिछले कुछ सालों के दौरान आई प्राकृतिक आपदाएं, भयंकर बाढ़ और सुनामी लहरों के तांदव तथा कैटरीना तफान के दौरान दुनियाभर में हर साल आज का दिन 'अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और जहां तक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी का सवाल है, इसकी स्थापना 1920 में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी अधिनियम के तहत की गई थी। और उसके नौ साल बाद इसकी गतिविधियों को ध्यान में रखकर अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस आंदोलन ने इसे अपनी मान्यता दी। आज के इस आधुनिक दौर मे दुनिया में युद्ध के तरीकों और कारणों में बड़ा अंतर आ चुका है। अभी देखिए पिछले दो महीने से अधिक रूस और यूक्रेन के जंग को खत्म होने का कोई आसार नजर नहीं आ रहा है। यह एक भीषण त्रासदी बन चुकी है। कहने को तो इसे मात्र दो देशों का युद्ध कह सकते हैं लेकिन इसके परिणाम अति भयंकर साबित हो रहे हैं ,और सारी दुनिया में इसका प्रभाव देखा जा रहा है। प्रत्येक देश कहीं ना कहीं इस युद्ध के दुष्परिणाम से प्रभावित एवं उसके दुष्प्रभाव को झेलने पर मजबूर हो चुका है। स्वयं भारत भी इससे अप्रभावित नहीं रह पाया है। और भारत में भी महंगाई ,सामानों का अभाव एवं वैश्विक संबंधों में परेशानियां दिखनी शुरू हो गई है। अब युद्ध के दौरान सैनिकों की सहायता के साथ ही प्राकृतिक या मानवीय आपदाओं के शिकार लोगों को राहत एवं मदद पहुंचाने में भी रेड क्रॉस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दुनियाभर में शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान और छवि बना ली है। आज दुनिया के किसी भी भाग में प्राकृतिक या मानवीय आपदा में अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस की टीम सबसे पहले पहुंचकर राहत कार्य में जुट जाती है। वर्तमान समय और परिस्थितियों में इस संस्था का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। असलियत तो यह है कि आज की विकट परिस्थितियों में अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस जैसी संस्था पूरे विश्व की जरूरत बन गई है जो आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त की तरह मदद का हाथ बढ़ाती है। इतना ही नहीं देश में रक्त एकत्र करने और उसको जरूरतमंद लोगों को समय पर पहुंचाने में यह संस्था जिस प्रकार कार्य कर रही है।वह किसी से छिपा नहीं है। यह लोगों को रक्तदान की प्रेरणा देती है, ताकि लोग अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। यह स्वयं शिविर लगाकर हर साल बड़ी मात्रा में रक्त एकत्र करती है, ताकि जरूरत के समय किसी प्रकार की कमी न रहे।भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी एक स्वयंसेवी राहत संस्था है है जो पूरे देश में सात सौ से अधिक शाखाओं का नेटवर्क है।, आपदा और आपातकाल के समय राहत प्रदान करता है ।और कमजोर लोगों और समुदायों के स्वास्थ्य और देखभाल को बढ़ावा देता है। देश के विभिन्न भागों में यह संस्था बहुत ही सफलता के साथ कार्य कर रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आत्मरक्षा-सुरक्षा के लिए शिक्षा

विजय गर्ग

**आत्मरक्षा** स्वयं को, अपनी संपत्ति को या किसी अन्य को शारीरिक क्षति से बचाने का कार्य है। महिलाओं के जीवन में आत्मरक्षा की अहम भूमिका है। आत्मरक्षा एक ऐसा कौशल है जिसे प्रत्येक महिला को अपने और दूसरों के जीवन को दैनिक आधार पर या जब भी स्थिति की आवश्यकता हो, सुरक्षित बनाने के लिए हासिल करना चाहिए। महिलाएं अक्सर अपनी शारीरिक क्षमता के कारण इसका शिकार बनती हैं। आत्मरक्षा तकनीकें उन्हें उन स्थितियों पर नियंत्रण रखने में सक्षम बनाती हैं जिनमें वे मौखिक दुर्व्यवहार, शारीरिक हमले आदि का शिकार हो सकती हैं। ऐसी तकनीकें यह महसूस करने में आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं कि यदि कोई आपकी सीमाओं का सम्मान नहीं करता है, तो आपको उन्हें रोकना चाहिए। विशेषकर महिलाओं में अपराध बढ़ रहे हैं। और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां रहते हैं या काम करते हैं, आपको किसी हिंसक या घुसपैठिए अपराध का शिकार बनने का खतरा है। इससे निपटने का एक ही सही तरीका है, कुछ मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और आत्मरक्षा उपकरणों के साथ अपनी सुरक्षा करना। सबसे अधिक संभावना है, जब कोई व्यक्तिगत हमला होता है तो इसकी बहुत अधिक संभावना होती है कि पुलिस पास में खड़ी नहीं होगी और यह भी संभावना है कि पुलिस केवल क्षति होने के बाद ही इसमें शामिल हो सकती है। हर कोई सुरक्षित महसूस करने का हकदार है और आत्मरक्षा उपकरण प्रदान करती है। जबकि अकादमिक शिक्षा पर इतना ध्यान दिया जाता है, किसी को आत्मरक्षा को बेकार या अनावश्यक नहीं मानना चाहिए क्योंकि जैसे शैक्षणिक हमारे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, वैसे ही आत्मरक्षा हमारी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। आत्मरक्षा शिक्षा अधिकांश लोग आत्मरक्षा को किसी हमलावर की कमर पर लात मारना या मुक्का मारना समझते हैं। लेकिन आत्मरक्षा का वास्तविक अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से लड़ने से बचने के लिए हर संभव प्रयास करना है जो आपको धमकी देता है या हमला करता है। आत्मरक्षा में केवल अपनी मुट्ठियों का नहीं बल्कि अपने सिर का उपयोग करना शामिल है।

# कैमरा और मैं... एक चमत्कारी आविष्कार

डॉ. सुरेश कुमार

**आह! कैम**रा, एक चमत्कारी आविष्कार जिसने हमारे जीवन का दस्तावेजीकरण करने और यादें साझा करने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। इसमें सबसे खूबसूरत पलों को कैद करने, समय को स्थिर रखने और हमारी सबसे शर्मनाक घटनाओं को अमर बनाने की शक्ति है। आइए कैमरे की सराहना करने के लिए कुछ समय निकालें, और उन सभी हास्यास्पद परिदृश्यों की सराहना करें जिनमें इसने हमें प्रवेश कराया है। सबसे पहले बात करते हैं सेल्फी की उम्र के बारे में। कैमरे ने हम सभी को सेल्फ-पोर्ट्रेट विशेषज्ञों में बदल दिया है। हममें से प्रत्येक हर समय अपने निजी ह्यपपराजीह्न (उन फोटोग्रैफर को कहते हैं जो अभिनेता, नेता, राजनेता के दिनचर्या के फोटो खींचते हैं।) उपकरण से लैस होता है। क्या आप किसी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एक त्वरित तस्वीर खींचना चाहते हैं सबसे आकर्षक रोशनी के लिए बस कैमरे को झुकाएँ, एक मुद्रा बनाएं और खींच जाएगी आपकी आत्म-महिमा। और क्या हम फिल्टर और संपादन ऐप्स की अंतहीन धारा के बारे में बात कर सकते हैं जो जादुई रूप से किसी भी साधारण तस्वीर को कला के टुकड़े में बदल देती है जब उनके पास कुत्ते के कान और उनके सिर पर एक चमकदार प्रभामंडल लगा हो तो उन्हें वास्तव में अपने जैसा दिखने की जरूरत किसे है आखिरकार, जीवन का दस्तावेजीकरण करने का क्या मतलब है अगर यह आपके सर्वोत्तम आभासी स्व को प्रदर्शित नहीं करता है आइए "स्पष्ट" फोटो की क्रोनोलॉजी को न भूलें। आप उन्हें जानते हैं - जहां कोई दूर तक देखने या किसी अनदेखे चुटकुले पर हंसने का नाटक करता है। उन्हें कम ही पता है, उनके चतुर साथी ने शटर बटन पर पहले से ही अपनी उंगली घुमाते हुए उन्हें इस कृत्य में पकड़ लिया है। आह, स्पष्ट शॉट का जादू - सावधानीपूर्वक मंचन किया गया और निंजा जैसी सटीकता के साथ निष्पादित किया गया। हमारे भोजन अनुभवों पर कैमरे के प्रभाव के बारे में बात नहीं करेंगे तो कैमरा दुखी हो जाएगा। केवल भोजन का आनंद लेने के बजाय, हमें खाने पर विचार करने से पहले हर कल्पनीय कोण से प्रत्येक व्यंजन की तस्वीर खींचनी होगी।

हमारे भोजन का सावधानीपूर्वक

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत। शहर थाना सोनीपत पुलिस** ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक उर्फ कालू निवासी श्याम नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 2 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताय कि उसकी नाबालिग लड़की रात करीब 8 बजे खेत में खेल रही थी। कुछ देर बाद उसकी बेटी गली में नहीं मिली। किसी ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक प्रविंद्र की टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए बच्ची को बरामद कर लिया था। बच्ची की मेडिकल जांच करवाने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### डंडों से पीट-पीटकर भाई की हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत। सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत** क्षेत्र में मोबाइल को लेकर हुए झगड़े में भाई को डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। झगड़े से पहले दोनों ने बैठकर शराब पी। उसके बाद दोनों में झगड़ा हो गया।पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।गांव फाजिलपुर निवासी कप्तान सिंह ने 5 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके गांव के सामने खेत है। जहां पर सेक्टर-2 बसाया जाना है। फिलहाल वह जमीन पर खुद की किसानी करते है। उनके खेत में ट्यूबवेल के कमरे पर मूलरूप से बिहार के जिला सहरसा के गांव पहारपुर निवासी गुलशन, उनका भाई पवन व विपिन रहते थे। उनका कहना है कि वह रविवार सुबह आठ बजे खेत में पहुंचे तो ट्यूबवेल के पास गुलशन का शव पड़ा था। वहां पर उसका बड़ा भाई विपिन मौजूद था। विपिन से जब उसने उसके भाई गुलशन के बारे में पूछा तो उसने बताया कि तीनों भाइयों ने रात को शराब पी थी। जिसके बाद पवन दूसरी झोपड़ी में सोने के लिए चला गया देर रात जब उसे अपना मोबाइल नहीं मिला तो उसने गुलशन को उसका मोबाइल देने को कहा। उसने मोबाइल देने से मना कर दिया। जिस पर मोबाइल को लेकर उनका झगड़ा हो गया। उसने डंडे से उस पर हमला कर दिया। जिससे उसका भाई घायल हो गया। नशा होने के चलते वह सो गया। जब वह सुबह उठा तो गुलशन का शव पड़ा था। कप्तान ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद एसीपी नर सिंह, थाना प्रभारी जयभगवान व जांच अधिकारी एसआई कुलदीप टीम सहित मौके पर पहुंचे। इस दौरान विपिन वहां से भाग निकला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की। जिसके बाद शव नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया। जहां पर शव को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भिजवा दिया गया था। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने के आरोपित को अदालत में पेश किया। आरोपित को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।


### भिगान टोल के पास 2 लाख 25 हजार रुपये की देशी शराब पकड़ी

**गन्नौर। थाना मुरथल पुलिस** ने भिगान टोल के पास अवैध शराब सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सागर दिल्ली में पालम कालोनी का रहने वाला है। जानकारी अनुसार मुरथल थाना पुलिस की टीम मुरथल अड्डा पर गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना पर भिगान टोल प्लाजा के पास से एक छोटा हाथी को रुकवा कर उसकी तलाशी ली तो उसमें से देशी शराब मार्का संतरा की 180 पेटी मिली। जिनमें 2 लाख 25 हजार रुपये की कीमत के कुल 2250 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने शराब की पेटियों व छोटा हाथी को जब्त कर लिया। कार चालक ने अपना नाम सागर निवासी पालम कालोनी दिल्ली बताया। सागर के पास शराब रखने के लिए जरूरी दस्वावेज भी नहीं मिले। मुरथल थाना पुलिस ने आरोपित सागर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# हरियाणा में जजपा को बड़ा झटका

## मनोहर लाल के समर्थन में उतरे नरवाना से जजपा विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हरियाणा में** जननायक जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नरवाना से जजपा विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दे दिया है। सोमवार को सुरजाखेड़ा सेक्टर-6 स्थित पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के निवास स्थान पर पहुंचे और अपना समर्थन देने का ऐलान कर दिया।

सुरजाखेड़ा ने कहा कि वे पूरी तरह से मनोहर लाल के साथ हैं और इस चुनाव में उनका भरपूर सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा जननायक जनता पार्टी के साथ खड़े रहे, लेकिन उनकी लगातार अनदेखी होती रही है। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी हर मांग को गंभीरता से लिया था, जिसकी बदौलत ही करोड़ों रुपये की विकास योजनाएं नरवाना क्षेत्र को मिल पाई। इसलिए वे लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल को समर्थन देने आए हैं। मनोहर लाल के आशीर्वाद से नरवाना में लगातार विकास की झड़ी लगी। उन्होंने नरवाना की जनता को लगातार तोहफे दिए हैं। केवल नरवाना शहर के विकास के लिए 200 करोड रुपए दिए जाना कोई आम बात नहीं है। वहीं गांवों में वाटर बॉक्स, चौपालें, तालाब, सौंदर्यीकरण, सडकों, गलियों के लगातार विकास हुए हैं, जिसके लिए वे मनोहर लाल के साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे।

**राष्ट्रीय हित पार्टी से ऊपर : सुरजाखेड़ा**

सुरजाखेड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय हित पार्टी से ऊपर है। उन्होंने यह भी कहा कि वह देश को विकास के पथ पर ले जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके समर्थकों के साथ लिया गया एक सामूहिक निर्णय था। लोकसभा चुनाव देश का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल की नीतियों और देशहित में किए गए कार्यो से प्रभावित रहे हैं। मनोहर लाल एक संत के रूप में प्रदेश की सेवा करते रहे हैं और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर देश सेवा करेंगे।

## दिल्ली ब्रांच नहर में डूबा युवक, तलाश में जुटी टीम

**टीम एक्शन इंडिया**



**रमनः खुबड़ू झाल के** पास अधिकारियों के साथ बातचीत करती विधायक निर्मल चौधरी।

गन्नौर। बलीकुतुबपुर गांव के पास पैर फिसलने से 15 वर्षीय रमन पश्चिम यमुना लिंक दिल्ली ब्रांच नहर में डूब गया। सूचना के बाद आईआर भौंडसी व एनडीआरएस की टीम के अलावा सिविल प्रशासन के गोताखोर मौके पर पहुंचे, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। गोताखोरों ने करीब 15 किलोमीटर से भी अधिक नहर में डूबे रमन की तलाश की, लेकिन दिल्ली ब्रांच काफी गहरी होने के कारण कुछ पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलने के बाद गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी, एसडीएम डा. निर्मल नागर भी मौके पर पहुंचे। विधायक ने अधिकारियों से सर्च अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए और रमन के स्वजन से बातचीत उनका ढांढस बंधाया। गत रविवार को बलीकुतुबपुर गांव का रमन अपने दोस्तों के साथ घर से सुबह दौड़ लगाने के लिए गया था। किशोर रमन दौड़ लगाने के बाद सरढ़ाणा पुल के पास नहर में हाथ पाव धोने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। उसी दौरान उसके साथियों ने बचाव के लिए शोर भी मचाया, लेकिन कोई व्यक्ति नही मिला। उसके बाद रमन के दोस्त खुबडू चौकी में गए और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद चौकी प्रभारी सुलतान सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को बुला कर रमन को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

## जनरल पर्यवेक्षक ने संभाला कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत निर्वाचन** आयोग की ओर से करनाल लोकसभा क्षेत्र के आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए सामान्य पर्यवेक्षक के तौर पर 2008 बैच के आईएएस अधिकारी ई. रविंद्रन ने अपना कार्यभार सम्भाल लिया है। चुनाव अवधि के दौरान इनका कार्यालय एनडीआरआई करनाल में केसी सेन रेस्ट हाऊस सुइट नं. 1 में रहेगा। पर्यवेक्षक का मोबाईल नम्बर 92533-90411 है। जनरल पर्यवेक्षक की पूरे चुनाव की गतिविधियों पर नजर रहेगी। जनता से मिलने का समय दोपहर बाद 2 से 3 बजे तक रहेगा।

## निफा को मिली पहली महिला प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। राष्ट्रीय पटल पर** अपने सामाजिक सेवा के कार्यों, व भारत की कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपना विशेष स्थान बना चुकी संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष को बड़े रूप में मनाने की योजना बनाई रही है। रजत जयंती वर्ष के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत पहली बार निफा की कमांड एक महिला के हाथ में दी गई है। महिला सशक्तिकरण व बराबरी के सिद्धांत को प्रोत्साहित करने के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कर्नाटक शाखा की राज्य प्रधान डॉ. अश्विनी शेट्टी को अगले दो वर्ष के कार्य काल के लिए निफा का राष्ट्रीय प्रधान बनाने की घोषणा की। उनके साथ दिल्ली से ब्रह्म सरूप शर्मा संस्था के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में कार्य करेंगे। निवर्तमान प्रधान अनिमेष देबरॉय को संस्था का प्रोजेक्ट डायरेक्टर घोषित किया गया जबकि झारखंड से कुंदन तिवारी को संस्था के सोशल मीडिया सिंह का राष्ट्रीय निदेशक बनाया गया। बाकी कार्यकारिणी की घोषणा आने वाले दिनों में नवनियुक्त प्रधान व महासचिव द्वारा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि निफा के समस्त कार्यकारिणी ने यह निर्णय लिया कि संस्था में हमेशा अच्छा कार्य करने वालों का उच्च पदों पर चयन किया जाएगा, क्योंकि चुनाव से संस्था में ग्रुपिज्म को बढ़ावा मिलता है। इसी के तहत सभी संस्थाओं ने इस चयन की जिम्मेदारी संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु पर छोड़ दी, जिन्होंने राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट नरेश बराना के साथ मिलकर सभी सदस्यों के मन की थाह ली व उसी के आधार पर उपरोक्त पदों की घोषणा की। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समापन समारोह में तख़्त पटना साहेब गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह मुख्य अतिथि व सचिव गुरविंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बैठक में 28 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से शामिल हुए निफा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों को मेमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रधान जगजोत सिंह ने निफा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपनी रजत जयंती को पटना साहेब में करने का निमंत्रण दिया व हर संभव सहयोग का विश्वास दिलाया।

निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने आने वाले सितम्बर अक्टूबर में निफा की रजत जयंती के शुभारंभ समारोह की रूपरेखा व पूरे वर्ष चलने वाले अभियानों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

## जिले में धड़ल्ले से जलाएं जा रहे फसलों के अवशेष

**जिले में** फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। लोग धड़ल्ले से खेतों में फसल उठाने के बाद बचे अवशेषों को जला रहे है। वहीं विभाग की तरफ से सैटेलाइट से नजर रखने का दावा किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गत रविवार को सैटेलाइट के माध्यम से जिले में आगजनी की 31 लोकेशन सामने आई थी, वहीं सोमवार को भी कृषि विभाग के पास 5 लोकेशन आगजनी की सैटेलाइट के माध्यम से पहुंची। कृषि विभाग ने लोकेशन वैरिफाई करने के लिए टीमों का गठन किया है। साथ ही आगजनी की घटनाओं को लेकर लोगों को जागरूक करने काम विभाग की तरफ से किया जा रहा है। बता दें कि जिले में रबी सीजन के दौरान किसानों ने 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई की थी। मौजूदा समय में जिले के अधिकतर क्षेत्रों में गेहूं की कटाई और कढ़ाई का काम पूरा किया जा चुका है। परन्तु जागरूकता के बावजूद फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके कारण भूमि की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। वहीं सडकों किनारे खेतों में लगी आग अब वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। जिले के गांव करेवड़ी-खानपुर सड़क मार्ग, गांव चिटाना-जुआं सड़क मार्ग पर खेतों में धुआं ही धुआ उठता दिखाई दिया। लोगों ने फसल अवशेषों में अग लगा रखी थी।

## सतपाल ने स्टेशन पर पहुंचकर रेल यात्रियों से वोट की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः सोनीपत लोकसभा** से कांग्रेस प्रत्याशी पंडित सतपाल ब्रह्मचारी ने सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर दैनिक रेल यात्रियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दैनिक रेल यात्रियों की समस्याएं भी सुनी व उन्हें आश्वासन दिया कि सोनीपत लोकसभा के मतदाताओं के आशीर्वाद से संसद में पहुंचकर रेल यात्रियों की प्रत्येक समस्या का समाधान करवाया जाएगा। साथ में विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद रहे। सोनीपत लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पंडित सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि बीजेपी सरकार ने 10 साल तक दैनिक रेल यात्रियों को बहकाने का काम किया है। कांग्रेस सरकार के समय जो रेल का किराया 10 रुपये होता था आज वह किराया 30 रुपये हो गया है। जब किसी अधिकारी से पूछा जाता है तो वह कहते हैं कि उन्हें पता नहीं है, लेकिन बढ़ते किराए ने दैनिक रेल यात्रियों की कमर को तोड़ने का काम किया है। रेल का किराया सबसे मितव्ययी किराया माना जाता था। लेकिन आज भाजपा सरकार ने रेलवे को भी महंगा कर दिया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नई ट्रेन परियोजना शुरू करने का काम किया, जबकि भाजपा सरकार ने नई परियोजनाओं को बंद करने का काम किया है। जिसकी वजह से आज प्रत्येक जन में रोष है। आज कभी कोई ट्रेन लेट हो रही है, कभी कोई ट्रेन बंद कर दी जाती है, जिससे दैनिक रेल यात्रियों में बड़ा रोष है। दैनिक रेल यात्रियों से पंडित सतपाल ब्रह्मचारी ने अपील की है कि आने वाली 25 मई को हाथ के निशान के सामने वाला बटन दबाकर उन्हें अपना आशीर्वाद दे, ताकि संसद में पहुंचकर सोनीपत की सेवा कर सकूं। सभी दैनिक रैली यात्रियों ने आश्वासन दिया कि हाथ के निशान पर बटन दबाकर भारी बहुमत से पंडित सतपाल ब्रह्मचारी को विजयी बनायेंगें।

## ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली थाना पुलिस** ने ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आशीष निवासी सबौली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सबौली निवासी हरीश ने 22 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका चाचा अमरजीत उर्फ मोनू (38) ट्रांसपोर्ट का काम करते था। वह रविवार रात को अपने चाचा के साथ स्कूटी पर सवार होकर खाना लेने दिल्ली के नरेला होटल पर जा रहे थे। जब वह सबौली-नरेला रोड पर गांव की फिरनी में पहुंचे तो इसी दौरान वहां कार खड़ी मिली। सडक किनारे खड़ी कार में गांव का गोलू व आशीष उर्फ बाली, झज्जर के गांव लडरावण का मुकेश उर्फ सीटू तथा सीटू का दोस्त बैठे थे। जब वह उनकी कार के पास से गुजरने लगे तो गोलू ने आवाज देकर उन्हें रुकवा लिया। गोलू भी उनके चाचा अमरजीत की तरह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। गोलू ने उन्हें रोकते ही उनके चाचा को कहा कि तू मेरे काम में ज्यादा दखल अंदाजी करता है। मैंने तुझे पहले भी समझाया था, तू अकेला ट्रांसपोर्टर बनना चाहता है। जिसके बाद कार में बैठे चारों युवक उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। साथ ही उन्हें धमकी देने लगे। हरीश का कहना है कि वह अपने चाचा को वहां से लेकर वापस मुड़कर जाने लगे।

इसी दौरान गोलु ने अपने दोस्त सीटू को कहा कि गोली मार दे। इस दौरान सीटू ने कार से नीचे उतर कर पिस्तौल से गोलियां चलानी शुरू कर दी।

## आमजन से की चुनावों में शांतिपूर्वक मतदान की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी:**



**सोमवार को सोनीपत** पुलिस ने किया लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गांवों व बूथों का दौरा, सहायक पुलिस आयुक्तों ने चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स समझाकर आमजन से की चुनावों में शांतिपूर्वक मतदान की अपील सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा जीत सिंह व थाना खरखौदा के प्रबन्धक निरीक्षक अंकित ने अपनी पुलिस टीम के साथ गाँव गढ़ी का दौराकर ग्रामीणों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान सभी को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स पढ़कर सुनाई व समझाई गई। गाँव वासियों से अपराधी किस्म के व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे भी चर्चा की गई। सभी गाँव वासियों से शांतिपूर्वक व बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई चुनावों के दौरान गाँव में बाहरी लोगों के आवागमन की सूचना पुलिस को देने बारे भी निर्देश दिए गए गाँव के मोजिज व्यक्तियों की एक कमेटी स्थापित की गई जिसको शांति कमेटी का नाम दिया जो अपने गाँव के क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान करने में पुलिस का सहयोग करेगी। वही इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त नर सिंह व प्रबन्धक थाना सेक्टर 27 निरीक्षक जयभगवान ने अपनी पुलिस टीम के साथ गाँव राठधाना का दौराकर ग्रामीणों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान सभी को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स पढ़कर सुनाई व समझाई गई। सभी गाँव वासियों से शांतिपूर्वक व बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई गाँव के मोजिज व्यक्तियों की एक कमेटी स्थापित की गई जिसको शांति कमेटी का नाम दिया व सभी से शांतिपूर्वक व बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई इस दौरान वहां मौजूद लोगों से मतदान के वक्त बूथों पर शांति बनाकर पुलिस की सहायता करने की भी अपील की गई।

## मुख्यमंत्री और पूर्व सीएम ने किया आचार संहिता का उल्लंघन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। भारतीय किसान** मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र आर्य दादूपुर ने कहा कि करनाल विधानसभा के हो रहे उप चुनावों में भाजपा प्रत्याशी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आज नामंकन पत्र दाखिल करते समय भाजपा ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इसकी शिकायत वह चुनाव आयोग को करेंगे। उन्होंने कहा कि आज यहां पर लग रहा था कि नामांकन दाखिल करने के लिए मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री आए हैं, न कि कोई प्रत्याशी। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी के तौर पर सभी समान हैं। भाजपा के दोनों प्रत्याशियों के साथ सैकडों समर्थक थे, जबकि चुनाव अधिकारी के समक्ष केवल पांच लोग ही जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मत को प्रभावित करने के लिए सरकारी सुरक्षा का प्रदर्शन किया गया।

राजेंद्र आर्य दादूपुर ने बताया कि वह करनाल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकल और बाहरी के बीच है। उन्होंने कहा कि करनाल के मतदाता भेड़-बकरी नहीं हैं। पहले दस साल तक करनाल के लोगों ने बाहरी प्रत्याशी मनोहर लाल को झेला, अब उन पर बाहरी प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को थोप दिया गया। यहां पर प्रत्याशियों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। इस अवसर पर उनके साथ रोजश लाठर, सुमित खोखर, विजय ललारिया, आशीष मलिक, मोहित सिंह, दलबीर जागलान सहित समर्थक मौजूद रहे।

## गैस लाइटर की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दो गाड़ियां भी जली

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः धतूरी रोड स्थित भारत सनलाइट फैक्ट्री में सोमवार की** शाम को अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में गैस लाइटर बनाने का काम किया जाता था। देखते ही देखते आग की लपटे इतनी तेज फैल गई कि पूरी फैक्ट्री आग ने चपेट में ले लिया। आग लगने की वजह से आसमान में कई फीट ऊपर तक आग के साथ धुंए का गुबार बन गया। आग की सूचना पर अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। सूचना के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र व गन्नौर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि उसने फैक्ट्री में खड़ी एक कार व सामान से लोड टैंपो को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद कुंडली व सोनीपत से भी दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। करीब 8 दमकल गाड़ियां आग बूझाने में जुटी रही, लेकिन इसके बावजूद भी कई घंटों तक भी फैक्ट्री में आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। फैक्ट्री में आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।

**जेसीबी की मदद से तोड़ी दीवारें**

फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने जेसीबी को भी मौके पर बुलाया। जेसीबी की मदद से फैक्ट्री की दीवारों को तोड़ दिया गया। जिसके बाद दमकल गाड़ियों के द्वारा फैक्ट्री के अंदर पानी की बौछारें मारी गई। देर शाम तक आग की लपटें शांत नहीं हुई। दमकल गाड़ियां लगातार फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार ने भरा नामांकन

## कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने नामांकन दाखिल किया, इस दौरान आम आदमी पार्टी के नेता भी उनके साथ रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने आज (सोमवार) नामांकन दाखिल किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के नेता भी उनके साथ रहे। दिल्ली की सभी सात सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो बार के सांसद मनोज तिवारी से कन्हैया कुमार का सामना होगा। जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार पहली बार इस सीट से चुनाव मैदान में हैं। इसके पहले वे 2019 में उन्होंने पहली बार बेगुसराय सीट से संसदीय चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट के अंतर्गत 10 विधानसभा बुराड़ी, तिमारपुर, सीमापुरी, रोहतास नगर, सीलमपुर, घोंडा, बाबरपुर, गोकलपुर, मुस्तफाबाद और करावल नगर सीट शामिल हैं। इन 10 विधानसभा सीटों में रोहतास नगर, घोंडा और करावल नगर में भाजपा के विधायक हैं जबकि शेष सात विधायक आम आदमी पार्टी (आप) से हैं। कांग्रेस इस बार दिल्ली की तीन सीटों पर जबकि ह्यआपह्ल राजधानी की चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज और चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल को टिकट दिया है। वहीं आप ने नई दिल्ली से सोमनाथ भारती, दक्षिणी दिल्ली से सहीराम पहलवान, पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा और पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार को उम्मीदवार बनाया है। वहीं भाजपा ने चांदनी चौक से प्रवीण खंडेलवाल, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत, पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से योगेंद्र चांदोलिया को प्रत्याशी बनाया है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी 7 सीटों पर जीत हासिल की थी।





**चुनावी मैदान में**

जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार पहली बार इस सीट से चुनाव मैदान में हैं

## कैंपेन सॉन्ग पर चुनाव आयोग की आपत्ती पर आप ने साधा भाजपा पर निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने चुनावी कैंपेन सॉन्ग पर चुनाव आयोग की आपत्ती को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर आपत्ति जताई है। इसमें जेल का जवाब वोट से देने की बात कही जा रही है। हम गाने में कह रहे हैं कि विपक्षी दलों के नेताओं को जेल भेजने की राजनीति का हम अपनी वोट की ताकत से जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा लोकतांत्रिक बात और क्या होगी ? हमें हंसी आती है, जब चुनाव आयोग इसे न्यापालिका पर आक्रमण जैसा बताता है। लोकतंत्र में वोट से बड़ी कोई ताकत नहीं है। हम भाजपा का जवाब वोट की ताकत से देना चाहते हैं, तो चुनाव आयोग बीच में न्यायपालिका लेकर आ जा रहा है।



# कांग्रेस नेता चन्नी के बयान को भाजपा ने बताया शर्मनाक



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमले का राजनीतिकरण करने के लिए कांग्रेस पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसे शर्मनाक बताया है। सोमवार को भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स हैंडल लिखा है कि पंजाब के पूर्व सीएम और कांग्रेस के जालंधर से उम्मीदवार चरणजीत सिंह चन्नी का इसे 'स्टंट' बताना कई कारणों से चौंकाने वाला है। यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि पंजाब से आने वाले सभी लोगों में से एक हैं चन्नी, उन्हें पता होना चाहिए कि आतंकवाद एक वास्तविक खतरा है। दो मई को पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था, दुर्भाग्य से, हाल के वर्षों में राज्य में आतंकवाद का पुनरुत्थान हुआ है। हमारी खुफिया इमारत पर हथगोले फेंके गए...।" क्या पंजाब के एजी का कोई स्टंट था? मालवीय ने कहा कि कांग्रेस आज तक पुलवामा में हमारे सैनिकों की शहादत पर सवाल उठा रही है। किसी को आश्चर्य होता है कि लगातार आतंकवाद समर्थक की तरह बोलने की कांग्रेस की क्या मजबूरी है? उल्लेखनीय है कि चन्नी ने जालंधर में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था, "ये सभी स्टंट हैं और आतंकवादी हमले नहीं हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। भाजपा

# दिल्ली शराब घोटाले में के. कविता की जमानत याचिका खारिज

**झटका**

कोर्ट ने कविता की नियमित जमानत याचिका पर 24 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बीआरएस नेता के. कविता की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कविता की नियमित जमानत याचिका पर 24 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले कोर्ट ने 8 अप्रैल को के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि मनी लांड्रिंग के मामले में के. कविता को महिला होने की वजह से जमानत देने में किसी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान के. कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी पर आरोप लगाया था कि वो जांच एजेंसी नहीं, बल्कि प्रताड़ित करने वाली एजेंसी बन गई है। सिंघवी ने कहा था कि इस मामले की जांच पूरे तरीके से पक्षपातपूर्ण रही है। के. कविता फिहलाल न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें सीबीआई ने भी 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थीं। इसके पहले के. कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लांड्रिंग के मामले में न्यायिक हिरासत में थीं। सीबीआई ने इस मामले में के. कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी। 5 अप्रैल को कोर्ट ने सीबीआई को के. कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी थी। ईडी ने कविता को पूछताछ के लिए दो समन भेजे थे लेकिन कविता ने इन्हें नजरअंदाज कर दिया और पेश नही हुईं। उसके बाद छापेमारी कर हैदराबाद से उन्हें 15 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

# एडिटेड पोस्ट की शिकायत लेकर पुलिस तक पहुंची कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल आज (सोमवार) दिल्ली पुलिस आयुक्त से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी नेताओं के एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने की शिकायत की। पुलिस मुख्यालय से बाहर आकर मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि उन्हें शिकायत दर्ज कराने में दो घंटे लग गए। उन्होंने दिल्ली पुलिस से अपनी शिकायत में कहा कि सामाजिक वैमनस्य फैलाने के लिए पार्टी नेताओं व अन्य तरह के वीडियो काट-छांटकर कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का दुःख है कि इस तरह के वीडियो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों और नेताओं ने भी रि-ट्विट भी किए हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि वे शिकायत को लेकर तुगलक थना रोड गए थे। पुलिस आयुक्त से उनका प्रतिनिधिमंडल मिला। उन्होंने अपनी शिकायत में सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो के फोटो भी दिए हैं।

**शिकायत**

पार्टी नेताओं व अन्य तरह के वीडियो काट-छांटकर कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जा रहे

# स्कूलों में बम की धमकियों पर हाईकोर्ट ने सरकार और पुलिस से पूछे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने सोमवार को स्कूलों में बम की धमकियों के मामले पर सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस से पूछा है कि बम धमकियों को लेकर कितने मॉक ड्रिल किए हैं। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि वह यह बताएं कि बम की धमकी मिलने पर स्कूलों के छात्र कैसे हैंडल कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने हालिया धमकियों से निपटने में नोडल अधिकारियों की ओर से उठाए गए कदमों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट भी तलब की है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। यह याचिका अर्पित भार्गव ने दायर की है, जिसमें मांग की गई है कि दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकियों से निपटने के लिए क्या तैयारी की गई है। स्कूलों के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की सुरक्षा जरूरी है। ऐसे में हाल ही में दिल्ली और एनसीआर के स्कूलों में मिली बम धमकियों की जांच की जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली में स्कूलों में बम की धमकियों से निपटने की कोई तैयारी नहीं है। हाल की धमकियों से यह साफ हो गया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस के पास कोई योजना नहीं है। याचिका में कहा गया है कि हर घर में बच्चे हैं, जो स्कूलों में पढ़ने जाते हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने 2023 में यह याचिका दायर की थी लेकिन अभी तक इस मामले में दिल्ली पुलिस यह नहीं बता पाई कि स्कूलों को मिलने वाली बम धमकियों से वह कैसे निपटेगी। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर पेश वकील संतोष त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने एक हलफनामा दायर किया है। बम धमकी की असली सूचना और झूठी सूचना में अंतर करने का एक स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर है। उन्होंने कहा कि हर निजी स्कूल को इस स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर की जानकारी दी जाती है कि किस परिस्थिति में क्या कदम उठाना है। इस पर इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि यह एक सामान्य स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर है और और इसमें स्कूलों के बारे में कुछ खास नहीं है।




**रिपोर्ट तलब**

स्कूलों में बम की धमकियों पर कितने मॉक ड्रिल किए, कोर्ट ने एक्शन टेकन रिपोर्ट भी तलब की

# फिजिक्सवाला ने की छात्रवृत्ति की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** फिजिक्सवाला इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन (पीडब्ल्यू आईओआई) ने टेक्नोलॉजी ऐंड मैनेजमेंट में अपने चार वर्षीय आवासीय कोर्स के साथ तीन करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पीडब्ल्यू कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) से प्रदान की जाएगी। पीडब्ल्यू आईओआई के बिजनेस हेड अमृत राज ने विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि इस स्कॉलरशिप को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी और छात्राएं शामिल हैं।

# एसएसबी के कांस्टेबल की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण पश्चिम जिले के आर के पुरम इलाके में एक एसएसबी के जवान की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मरने वाले की पहचान मुकेश कुमार (35) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपित की पहचान करने में जुटी हुई है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी रोहित मीणा ने बताया बीती देर रात 2.39 बजे पुलिस को मिली कि आरके पुरम के सेक्टर 4 स्थित डीएमएस बूथ के पास एक युवक को चाकू मार दिया है। खबर मिलने पर लोकल पुलिस के अलावा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस को मौके पर पता चला कि नीरज नाम का व्यक्ति दो दोस्तों के साथ घायल को नजदीकी अस्पताल लेकर गया है। जहां डॉक्टरों ने घायल मुकेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। शुरूआती पूछताछ में पता चला कि मुकेश कुमार एसएसबी में कांस्टेबल थे और ड्राइवर का काम करते थे। बीती देर रात एक ऑटो ड्राइवर के साथ उनका झगड़ा हुआ था। इस दौरान ऑटो ड्राइवर ने उनपर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। उसे पकड़ने के लिए दो टीम बना दी गई है, जो उसके ठिकाने का पता लगा करके उसे दबोचने के लिए छापा मार रही है।




# राम विरोधी कांग्रेस का नारा बदल कर 'लड़की हो तो पिटोगी', हो गया: राधिका खेड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र देने के बाद राधिका खेड़ा आज मीडिया के सामने कांग्रेस पर हमलावर दिखीं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी की हर बैठक 'रघुपति राघव राजा राम' से शुरू होती थी, मैंने कभी सोचा नहीं था कि वह पार्टी राम विरोधी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कभी नहीं सोच सकती थी कि जिस पार्टी का नारा 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' उस पार्टी का नारा बदल कर 'लड़की हो तो पिटोगी', हो जाएगा। राधिका खेड़ा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता होने के साथ छत्तीसगढ़ में पार्टी का मीडिया विंग संभाल रही थीं। उन्होंने कल कांग्रेस से त्याग पत्र दे दिया। उसके बाद कांग्रेस पार्टी की ओर कोई अधिकारिक बयान नहीं आने पर वह काफी क्षुब्ध दिखीं। राधिका खेड़ा ने कहा कि उनके द्वारा शिकायत करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रियंका गांधी वाड्रा, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की चुप्पी अभी भी मुझे परेशान कर रही है। राधिका खेड़ा ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के एक नेता सुशील आनंद शुक्ला ने अपने दो साथियों के साथ रायपुर के पार्टी ऑफिस में उनके साथ अभद्रता करने की कोशिश की। राधिका खेड़ा ने कहा कि जब घटना के बारे में पार्टी के शीर्ष नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और जयराम रमेश तक को जानकारी दी गई तो भी इस बारे में कोई कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस पार्टी से अपने इस्तीफे पर राधिका खेड़ा ने कहा कि उन्होंने सचिन पायलट को फोन किया लेकिन उन्होंने मुझसे बात नहीं की। उनके पीए ने मुझे बताया कि सचिन पायलट व्यस्त हैं। उनके पीए की किसी से बातचीत हुई थी। उन्होंने मुझे घटना के बारे में कुछ भी न बोलने, अपना मुंह न खोलने के लिए कहा। खेड़ा ने कहा कि इसके बाद मैंने भूपेश बघेल, पवन खेड़ा और जयराम रमेश को फोन किया लेकिन उनमें से किसी ने भी जवाब नहीं दिया। बाद में भूपेश बघेल ने मुझे वापस फोन किया तब मैंने कहा उनसे कहा कि मैं राजनीति छोड़ना चाहती हूं लेकिन उन्होंने मुझे छत्तीसगढ़ छोड़ने के लिए कहा और तब मुझे समझ आया कि यह सब एक साजिश थी। इसके बाद हताश होकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया।

राधिका खेड़ा ने कहा कि मैं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से 3 साल से समय मांग रही हूं लेकिन उनमें से कोई भी मुझसे नहीं मिला। मुझे हमेशा एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय भेजा जाता था। यहां तक कि न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी किसी से नहीं मिले।



**साधा निशाना**

हर बैठक 'रघुपति राघव राजा राम' से शुरू होती थी, मैंने कभी सोचा नहीं था कि वह पार्टी राम विरोधी हो जाएगी




# विकसित भारत रोड मैप 2047 भाजपा ने तैयार कर लिया है: मनोहर लाल

**पानीपत , कमाल हुसैन**

**स्थानीय सब्जी मंडी सनौली** रोड परिसर में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गयो रैली को करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संबोधित किया` बैठक में सांसद लोकसभा संयोजक विधायक हरविंदर कल्याण, सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार, डॉ. अर्चना गुप्ता, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, शशिकांत कौशिक, गजेन्द्र सलूजा ने भी संबोधित किया` अपने जन्मदिन पर पूर्व मुख्यमंत्री ने भाषण की शुरूआत करते हुए जब



यह कहा कि कोई मुझे मुख्यमंत्री कहता है तो कोई मुझे पूर्व मुख्यमंत्री कहता है, कोई वरिष्ठ भाजपा नेता कहता है लेकिन भाइयों मैं तो आपका वही मनोहर लाल बोल रहा हूँ` इस वाक्य पर विशाल जनसमूह की तालियाँ गड़गड़ाहट रोके न रुक पाई जन्मदिन पर पानीपत ने मनोहर लाल को लम्बी आयु की मनोहर शुभकामनाएं दी विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अस्तित्व में रही है भारत की प्राचीन राजतंत्र के लोकतंत्र की सुगंध आज भी महसूस की जा सकती है कृषि, उद्योग, शासन और सनातन के अभ्युदय के लिए भारत के सभी राजा महाराजा समर्पित रहे हैं लेकिन गुलामी के दिनों में मुगलिया और पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण सनातन संस्कृति के बजाय तानाशाही प्रवृति को बढ़ावा मिला परन्तु गत 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को बता दिया है कि सत्ता सुख भोगने का साधन नहीं अपितु जनसेवा का एक माध्यम है और इस लम्बे शासन के दौरान उन्होंने हमेशा ही अपने आप को जनसेवक चौकीदार साबित करने का प्रयास कियो यदि देश को वही सुशासन का गौरव पुनः दिलवाना है तो केंद्र में फिर एक बार मोदी सरकार को लाना होगा उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव धर्म युद्ध की तरह है। एक तरफ कांग्रेस कौरवो की भांति है और भाजपा धर्म विजय के लिए पांडवों की तरह मुकाबला कर रही है। *कांग्रेस 70 साल गरीबी हटाओ का नारा लगाती रही लेकिन गरीबी बरकरार रही। जबकि भाजपा ने अपने 10 साल के शासन में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल कर नया इतिहास रचा है।

# बच्चों को निपुण बनाना अध्यापक का काम : सीमा मैदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पीएम श्री राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के मार्गदर्शन में खंड नोडल अधिकारी सीमा मैदान के नेतृत्व में जेबीटी अध्यापकों के निपुण प्रशिक्षण के चौथे चरण में 200 जेबीटी अध्यापक प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। चौथे चरण के प्रथम दिन बोईओ सीमा मदान ने सभी अध्यापकों को कहा कि अध्यापक अपनी मेहनत से बच्चों का भविष्य संवार सकता है। प्रत्येक अध्यापक यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद जोर शोर से अपने विद्यालय के बच्चों को निपुण बनाने में जुट जाए। अंग्रेजी के मास्टर ट्रेनर ईशा चौधरी और रेनू ने अंग्रेजी विषय की वार्षिक योजना के बारे में



विस्तार से बताया। मास्टर ट्रेनर निशा कंबोज ने नई दिशा नीति 2020 में निपुण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गणित की मास्टर ट्रेनर रीना ने बताया कि गणित विषय को शिक्षक सहायक सामग्री का प्रयोग करके सरल व रुचिकर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर बृजेश वत्स, दीपक वर्मा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गीता, अनूप सिंह, मीडिया समन्वयक दलीप सिंह, सहदेव, करण शर्मा, बलजीत, मीना, हेमा, एबीआरसी मनजीत सिंह, तुषार राणा, आराधना, रेनू, विनोद, हवा सिंह व स्वाती आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कन्वर्जेंस फाउंडेशन और इंडिया इम्पैक्ट शेरपा ने रिपोर्ट जारी की

**नोएडा।** कन्वर्जेंस फाउंडेशन ने इंडिया इम्पैक्ट शेरपा के सहयोग से अपनी एक खास रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट का शीर्षक 'सिस्टेमेटिक इंपेक्ट एग्जेम्पलसः यूनीक एप्रोचेज टुवर्ड सॉल्विंग इंडियाज डेवलपमेंट चैलेंज' है। इस रिपोर्ट को पेश करने का उद्देश्य उन संगठनों की पहचान करना और उनसे सीखना है जिन्होंने सिस्टम चेंज एप्रोच को अपनाकर महत्वपूर्ण बदलाव हासिल किए हैं। ये – सिस्टम सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन – संगठन प्रभावी प्रयासों के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर सरकारों के साथ मिलकर काम करते हैं। सरकारों के साथ काम करने और बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुंचाने के लक्ष्य के अलावा, सिस्टम चेंज समस्या को लघु अवधि हल करने की बजाए उसके मूल कारण से हल करने का प्रयास करता है। रिपोर्ट के लॉन्च कार्यक्रम में, जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग की सचिव विनी महाजन ने रिपोर्ट में शामिल 20 संगठनों के कार्यों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, गैर–लाभकारी संगठन जिन्होंने स्केलेबल पायलटों को लागू करके और सरकारों के साथ सार्थक रूप से काम करके सिस्टम परिवर्तन दृष्टिकोण अपनाया है, बड़े पैमाने पर परिवर्तन में योगदान दे सकते हैं। द कन्वर्जेंस फाउंडेशन के संस्थापक और सीईओ आशीष धवन ने देश की जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए सिस्टम चेंज के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, सिस्टम चेंज एप्रोच एक बेहद खास आइडिया है जिसमें बदलाव लाने की बड़ी क्षमता है। हमने उन अग्रणी भारतीय संगठनों की पहचान करने और उनसे सीखने के लिए इस रिपोर्ट को तैयार किया है, जिन्होंने दूसरे सोशल पर्पज ऑर्गेनाइजेशन को प्रेरित करने और उन्हें इससे जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सिस्टम चेंज को अपनाया है, ताकि इस बात को तय किया जा सके कि भारतीय संदर्भ में क्या चीज काम कर सकती है।

### बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड ने 1,300 करोड़ तक जुटाने के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड (कंपनी या बीएमएल) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी सूक्ष्म उद्यम, लघु उद्यम, उपभोक्ता सामान, त्यौहार, शिक्षा और आपातकालीन ऋण जैसे ऋण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से कुल रु 13,000 मिलियन [रु 1,300 करोड़] तक का फंड जुटाने की योजना बना रही है (टोटल ऑफर साइज) कुल प्रस्ताव आकार में शामिल हैं – (1) इक्विटी शेयरों का कुल रु 10,000 मिलियन [रु 1,000 करोड़] तक का नया निर्गम (नया निर्गम) और (2) इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए कुल रु 3,000 मिलियन [रु 300 करोड़] तक का प्रस्ताव (बिक्री के लिए प्रस्ताव)। कंपनी नए निर्गम की शुद्ध आय का उपयोग वित्त वर्ष 2025 में रु 7,600 मिलियन [रु 760 करोड़] के अनुमानित आगे के उधार के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शेष राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है।

### एनआरआई ग्राहक कर सकेंगे अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर से यूपीआई का इस्तेमाल

**नोएडा।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि उसने एनआरआई ग्राहकों को भारत में तुरंत यूपीआई भुगतान करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर का उपयोग करने में सक्षम बनाया है, जिससे रोजमर्रा के भुगतान करने में उन्हें पहले से अधिक आसानी हो जाएगी। इस सुविधा के साथ, बैंक के एनआरआई ग्राहक भारत में आईसीआईसीआई बैंक के साथ अपने एनआरई/एनआरओ बैंक खाते में पंजीकृत अपने अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर के साथ अपने यूटिलिटी बिल, व्यापारी और ई–कॉमर्स लेनदेन के लिए भुगतान कर सकते हैं। बैंक ने यह सेवा अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप, आईमोबाइलपे के माध्यम से उपलब्ध कराई है। इससे पहले, एनआरआई को यूपीआई भुगतान करने के लिए अपने बैंकों के साथ एक भारतीय मोबाइल नंबर पंजीकृत करना पड़ता था। बैंक की इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए आईसीआईसीआई बैंक के हैड–डिजिटल चैनल्स और पार्टनरशिप्स सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा, हमें आईमोबाइल पे के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर पर यूपीआई सुविधा शुरू करने के लिए एनपीसीआई के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है।

# सीआरपीएफ सोनीपत का उड़ान वार्षिकोत्सव मनाया

## उप महानिरीक्षक कोमल सिंह ने मुख्यातिथि और सीमा सिंह ने की बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत

राई।
**शनिवार को केन्द्रीय** विद्यालय जीसी सीआरपीएफ सोनीपत का उड़ान वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि उप महानिरीक्षक कोमल सिंह और सम्मानित अतिथि सीमा सिंह, डीआईजी मेडिकल कोर सुषमा शर्मा एवं विशेष आमंत्रित अतिथि परमाल सिंह, कमांडेंट जीसी सीआरपीएफ सोनीपत व शीला रानी, एडवोकेट गुलशाद अली चौहान, एडवोकेट मोनू सरोहा, कमांडेंट डा. विवेक कुमार, कमांडेंट डॉक्टर मनमीत बरार, डीसी वेद पाल, डीसी एडमिनिस्ट्रेशन सुनील डोबरियाल, असिस्टेंट



कमांडेंट दया किशन व रीमा ने शिरकत की। विद्यालय के प्राचार्य विजेश कुमार ने मुख्या अतिथियों के सहयोग से दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती वंदना करके किया। प्राचार्य विजेश कुमार ने अतिथियों को विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं हरित पौधे देकर स्वागत किया। मंच संचालन शैली मड़िया एवं हरिदर्शन के मार्गदर्शन में कक्षा-9वीं की छात्रा हर्षिता दूहन, 10वीं की छात्रा खुशी, 8वीं की छात्रा हर्षिता, 7वीं का छात्र वेदांश कुमार की अहम भूमिका रही। सभी गीतों एवं नृत्य में संगीत शिक्षिका सुमन बाला, प्राथमिक शिक्षिका सपना व रंजना रानी का सहयोग सराहनीय रहा। विद्यालय के बच्चों ने समूह नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति, योगाभ्यास प्रदर्शन ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इसके साथ ही मोबाइल का बच्चों की पढ़ाई पर दुष्प्रभाव, रिश्तों के बिखराव पर लघु नाटिका का मंचन किया गया।

छात्रों ने पंजाब का प्रसिद्ध ह्यभांगड़ा नृत्यह्व प्रस्तुत किया और सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया । अमिता राणा माथुर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों, विद्यालय के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# करनाल में 7 लाख 69 हजार 581 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक जारी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 69 हजार 581 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 69 हजार 581 मीट्रिक टन गेहूं की आवक



हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 99 हजार 645 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 93 हजार 750 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 67 हजार 422 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

# थार ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक चालक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में मुनक** रोड पर एक थार गाड़ी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी और टक्कर लगने के बाद थार खेतों में जा घुसी। थार गाड़ी में तीन युवक बताए जा रहे हैं। थार की टक्कर से बाइक चालक युवक घायल हो गया। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और उन्होंने घटना की सूचना डायल-112 की टीम को दी। घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे के बाद थार सवार युवक मौके से फरार हो गए। असंतुलित थार गाड़ी खेतों



में जा गिरी। जब ग्रामीण द्वारा गाड़ी को खोला गया तो उसमें शराब की बोतल मिली। ग्रामीणों की माने तो इसी थार गाड़ी ने चार दिन पहले भी एक व्यक्ति को टक्कर मारी थी और आरोपी मौके से फरार हो गए थे। लेकिन आज फिर से थार ने टक्कर मारी है, जिससे एक युवक घायल हुआ है, जो बल्ला गांव का बताया जा रहा है।

# 450 विद्यार्थियों ने भरी नशे के विरुद्ध हुंकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज गुरु** ब्रह्मानंद राजकीय बहुतकनीकी संस्थान नीलोखेड़ी में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 185वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य ज्वाला प्रशाद ने की। प्राचार्य डा. ज्वाला प्रशाद ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से पधारे हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि वे अपनी पुलिस सेवा को कर्तव्य के रूप में नहीं, अपितु व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में करते हैं। उन्होंने डॉ. वर्मा द्वारा किए जा रहे विभिन्न



सामाजिक कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन, रोटी बैंक जैसे असंख्य जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से वे हरियाणाभर में जाने जाते हैं। कवि हृदय डॉ. वर्मा की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इनका जीवन सादगी और समाज को समर्पित है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्राचार्य ज्वाला प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस जनता की सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए है। यही कारण है पुलिस जनता के साथ मिलकर अपराध को समाप्त करने के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने नशे जैसी भयानक समस्या पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए विद्यार्थियों के अंदर एक नव ऊर्जा का संचार किया। पूरा सभागार तालियों की ध्वनि से गुंजायमान हो गया। उन्होंने गीत, कविता और देशभगति के साथ युवाओं के हृदय को झकझोर के रख दिया। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन ही हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए हुआ है। इस कड़ी में ब्यूरो द्वारा बहुत ही कड़े कदम उठाये जा रहे हैं। प्रतिदिन अपराधियों की धरपकड़ हो रही है। युवाओं को नशे से दूर रहने को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं के अंदर देश प्रेम की भावना का संचार करते हुए कहा कि जिन महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को स्वतंत्र कराया था।

# खेल कार्यक्रमों में पूरे उत्साह से हिस्सा ले रहे युवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुलिस अधीक्षक** दीपक सहारन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशा मुक्त करनाल अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा थाना स्तर पर गांव व कस्बों में खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और युवा इन कार्यक्रमों में पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढकर हिस्सा लेने लगे हैं। इस अभियान के तहत ही थाना निसिंग क्षेत्र के गांव बांसा में कबड्डी के मैचों का आयोजन किया गया, जिनमें लडकों व लड़कियों की टीमों ने हिस्सा लिया। पूरे गांव के बच्चे व बड़े बांसा गांव के खेल मैदान में कबड्डी के मैचों का आनंद ले रहे थे। सर्वप्रथम प्रबंधक थाना निरीक्षक जंगशेर सिंह द्वारा सभी खिलाडियों से परिचय किया गया और उन्हें बेहतर



खेल के लिए शुभकामनाएं की। सभी टीमों द्वारा उच्च स्तरीय खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। थाना प्रबंधक ने कहा कि खेल को हार या जीत की भावना से नहीं, बल्कि खेल के नियमों का पालन करते हुए एकाग्रता व दूसरी टीम के प्रति सद्भावना रखते हुए खेलना चाहिए। क्योंकि खेल संज्ञानात्मक विकास को आगे बढ़ाता है। खेल कल्पनाशीलता और सृजनात्मक को बढ़ावा देता है, खेल हमारे शारीरिक और क्रियात्मक विकास को बढ़ावा देता है, बच्चों को खेल के माध्यम से सामाजिक ज्ञान की प्राप्ति होती है और खेल हमारे भावात्मक विकास में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि खेल हमें सभी बुराइयों से बचाकर जीवन जीने की कला सिखाता है। इसके अलावा प्रबंधक थाना निगदू निरीक्षक रमेश चन्द्र द्वारा क्षेत्र के गांव जाम्बा व सावंत में वालीबाल मैचों और क्रिकेट मैचों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में छोटे बच्चों और युवाओं द्वारा अपनी भागीदारी अंकित की गई। उन्होंने बताया कि बच्चे हमारा भविष्य हैं, हमारा आने वाला कल हैं और अपने कल को नशा रूपी अंधकार से बचाने के लिए और उनकी जड़ों को मजबूत बनाने के लिए जीवन में खेल अति आवश्यक है। उन्होंनें कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति रूचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है, इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा अवश्य बनें।

# भाकियू (चढूनी) से जुड़े पदाधिकारियों ने बैठक कर यूनियन से किया किनारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोमवार को शहर** की छोटूराम धर्मशाला में भारतीय किसान यूनियन चढूनी से जुड़े पदाधिकारियों ने बैठक कर यूनियन से किनारा कर सामूहिक तौर पर त्याग पत्र देने का फैसला किया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारतीय किसान यूनियन चढूनी के सुवा जिला प्रधान वीरेन्द्र पहल ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए भारतीय किसान यूनियन चढूनी का गठन किया गया था। परन्तु गुरनाम सिंह चढूनी ने अब इस यूनियन को एक राजनीतिक पार्टी के तौर पर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चढूनी द्वारा लोकसभा चुनाव में यूनियन का समर्थन इनैलो पार्टी को देने की बात कही है। इससे सोनीपत के पदाधिकारी नाराज है। उन्होंने कहा कि सोनीपत के पदाधिकारियों ने बैठक कर यूनियन से किनारा करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को लगातार उठाया जाता रहेगा। परन्तु अब वे किसी व्यक्ति विशेष की कटपुतली नही बनेंगे। वीरेन्द्र पहल ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन चढूनी से सोनीपत जिला उपाध्यक्ष दिलशेर, जिला महासचिव आशीष लठवाल, जिला उपाध्यक्ष आयु चौहान, गन्नौर ब्लाक प्रधान राजेश धनखड़, खरखौदा ब्लाक प्रधान जयसिंह दहिया, सोनीपत ब्लाक प्रधान प्रवीन, गोहाना ब्लाक युवा महासचिव अनील, गोहाना ब्लाक उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मलिक, गन्नौर ब्लाक महासचिव अनूप सिंह, गन्नौर ब्लाक उपाध्यक्ष नरेश पहल, गन्नौर ब्लाक बीसी शैल यूनियन प्रधान लोकेश कुमार आदि ने यूनियन से किनारा किया है।

# अश्लील वीडियो वारयल करने की धमकी देकर 58.55लाख रुपए की जबरन वसूली

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना पुराना** औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलोनी निवासी एक युवक को नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी अश्लील वीडियों बना वारयल करने की धमकी देकर छीना, झपटी व 58 लाख 55 हजार रुपए की जबरन वसूली करने मामले में पुलिस रिमांड पर चल रही महिला आरोपी मनीषा व उसके साथी आरोपी कृष्ण की निशानदेही पर सोमवार को सीआईए थ्री पुलिस ने गिरोह के तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राकेश निवासी हरिसिंह कॉलोनी के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक कॉलोनी निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि घर पर उसकी पत्नी मंगलवार व शनिवार को चौकी लगाती है। हरि नगर निवासी महिला मनीषा अपने भाई व भाभी के साथ चौकी पर आती थी। मनीषा ने उसका व पत्नी का फोन नंबर ले लिया। मार्च 2023 में मनीषा का उसके पास फोन आया। मनीषा ने अपनी तबीयत खराब होने की बात कहते हुए कहा कि बच्चों की स्कूल की फीस देनी है उसे 5 हजार रुपए चाहिए। वह हरि सिंह कॉलोनी में कमरे पर पहुंचा तो मनीषा व कृष्ण निवासी घरौंडा कमरे पर मिले। मनीषा ने उसको पीने के लिए ठंडा पानी दिया। पानी पीते ही वह बेहोश हो गया। बेहोश होने के बाद उसको निर्वस्त्र कर अश्लील वीडियो बना ली। दोनों ने उससे सोने की चेन, अंगूठी व 5 हजार रुपए छिन लिए। आरोपियों ने पुलिस केस का भय दिखाकर व अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देकर उससे 10 लाख रुपए की मांग कि और स्टांप ले लिया।

# चाईल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को किया जागरूक

## अग्नि सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत छात्रों व स्टाफ को आग लगने के कारण एवं इससे बचाव की जानकारी दी गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर : गर्मी के दिन में आग** लगने की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसकी वजह से जान एवं माल दोनों की आदि क्षति हो रही है। अग्नि सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत छात्रों व स्टाफ को आग लगने के कारण एवं इससे बचाव की जानकारी के लिए चाईल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा के छात्रों को फायर सुरक्षा के प्रति जागरूक विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया। फायर इंजीनियर मोहित ने विद्यार्थियों को आग लगने के कारण एवं इससे बचने के विभिन्न उपाय बताए। उन्होंने बताया कि आग लगने के



प्रमुख कारणों में हम किसानों की लापरवाही एवं बिजली की शॉट सर्किट ही ज्यादा होते हैं। गांव में खेतों के आसपास खाना बनाने एवं धूमपान करके जलती हुई सिगरेट या बीडी इधर-उधर फेंक देने से भी खेतों मे आग लग सकती है। आग से बचाव के लिए सभी को जागरूक रहना चाहिए। खेतों के आस-पास ना ही खाना बनाना चाहिए और ना ही धूमपान करना चाहिए। बिजली के जर्जर तारों को बदल देना चाहिए। घरों में अग्नि शामक यंत्र अवश्य रखना चाहिए एवं इसका प्रयोग भी सभी को जानना चाहिए। आग लगने पर धैर्य बनाकर रखना चाहिए। फायर बिग्रेड को आग लगने पर 101 नम्बर डायल करके ह्यतत्काल लगने पर सूचित करना चाहिए। विद्यार्थियों को समझाया कि किसी भी कारण से विद्यालय में आगजनी हो जाती है। सबसे पहले इमारत की अग्नि चेतावनी की घंटी को सक्रिय किया जाना चाहिए और आग आग जोर से चिल्ला कर सभी को सचेत करना चाहिए। धुएं से गिरे होने पर अपने नाक में मुंह को गीले कपड़े से ढक लेना चाहिए, समय-समय पर पानी के स्त्रोत सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली ,फायर अलार्म और अग्निशमन की जांच करवाते रहना चाहिए, भगदड़ ना मचाई जाए और धीरज से काम ले, किसी को भी धक्का ना मारे तथा चिल्ला कर सभी को सचेत कर दे। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अक्षीता आहुजा, आहूजा, पी टी आई सुरेंद्र आदि मौजूद थे।

# हमास की युद्धविराम की मांग अस्वीकार्य : नेतन्याहू



**यांगून।**

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि की कि उनकी सरकार हमास के साथ युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते पर पहुंचने के लिए तैयार है, जिस पर उन्होंने अस्वीकार्य मांग करने का आरोप लगाया है। श्री नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा, हमास लगातार अत्यधिक मांगें कर रहा है। उनकी मुख्य मांग है कि हम गाजा पट्टी से अपने सभी सैनिकों को वापस ले लें, युद्ध समाप्त करें और हमास को अकेला छोड़ दें। इज़रायल इन शर्तों को स्वीकार नहीं कर सकता है।

श्री नेतन्याहू ने कहा कि हमास के साथ नवीनतम दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान, इजरायली सरकार ने रियायतें देने की अपनी तत्परता प्रदर्शित की, जिसे अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने उदार बताया।

इसके बावजूद, इजरायली प्रधान मंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार गाजा में अपने सैन्य लक्ष्यों को कभी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि गाजा से इजरायल की वापसी का मतलब इजरायल का आत्मसमर्पण होगा और हमास, ईरान के लिए एक बड़ी जीत होगी।

# इराकी सशस्त्र समूहों ने इजरायल के हाइफा बंदरगाह पर मिसाइल हमले का किया दावा

**बगदाद।** इराक में इस्लामिक प्रतिरोध के शिया लड़ाकों ने कहा कि उन्होंने एक क्रूज मिसाइल का उपयोग करके इज़रायल के उत्तर में हाइफ़ा बंदरगाह पर हमला किया है। सशस्त्र समूहों ने टेलीग्राम पर कहा, जैसा कि हम गाजा में कब्जे का विरोध करने और अपने लोगों का समर्थन करने की अपनी नीति जारी रखते हैं... इराक में इस्लामिक प्रतिरोध के लड़ाकों ने कब्जे वाले क्षेत्रों में हाइफा के बंदरगाह को अरकब क्रूज मिसाइल से निशाना बनाया।

# इजरायली सेना के हमले में हमास का वेस्ट बैंक कमांड मारा गया

**तेल अवीव।** हमास ने कहा कि इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के हमले में वेस्ट बैंक में मारे गए चार लोगों में उसका कमांडर भी शामिल था। मारे गए कमांडर की पहचान हमास के अल-कासिम ब्रिगेड के वेस्ट बैंक कमांडर अला श्रेइतेह (45) के रूप में हुयी है। श्रेइतेह को इससे पहले 2002 और 2016 के बीच इज़रायल में जेल में रखा गया था। व्हाइट हाउस की चहारदीवारी के गेट से वाहन टकराया, ड्राइवर की मौत

# व्हाइट हाउस की चहारदीवारी के गेट से वाहन टकराया, ड्राइवर की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में तेज गति से जा रहा एक वाहन व्हाइट हाउस की चहारदीवारी के गेट से टकरा गया जिससे चालक की मौत हो गई।



अमेरिकी खुफिया सेवा के अधिकारी ने यह जानकारी दी। संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी ने एक्स पर जारी एक बयान में कहा,चार मई को रात करीब 10:30 बजे से एक वाहन व्हाइट हाउस कॉम्प्लेक्स के गेट से टकरा गया।बयान में कहा गया,घटना के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया। इस घटना से व्हाइट हाउस को कोई खतरा नहीं था। एजेंसी के संचार प्रमुख एंथोनी गुग्लिलमी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एजेंसी और स्थानीय पुलिस विभाग घटना की जांच कर रहे हैं, इसलिए सीमित यातायात प्रतिबंध प्रभावी रहेगा।

# पाकिस्तान में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गये। पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि मोटरसाइकिलों पर सवार चार आतंकवादियों ने शहर के सिब्बी रोड के पास एक पुलिस गश्ती वाहन पर हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मौके पर ही मारा गया। शेष तीन आतंकवादी एक इमारत में घुस गये।

# ईरान-पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार, प्रवासियों ने की आलोचना

**एजेंसी**

**काबुल।** अफगान प्रवासियों ने पाकिस्तान और ईरान के अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार की आलोचना की है। इन देशों से जबरन निर्वासित किए गए अफगान प्रवासियों की दुर्दशा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। ईरान से वापस आए अफगान प्रवासियों ने अपनी दुर्दशा की कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्हें वहां ईरानी सरकारी बलों द्वारा पीटा जाता था। वहीं पाकिस्तान से आए अफगान प्रवासियों ने भी अपनी चुनौतियों के बारे में बताया।

**अफगान प्रवासियों ने सुनाई अपनी कहानी**

ईरान में दो साल रहने के बाद वापस आए अफगान के नागरिक बसिर ने कहा, ÷उन्होंने जब हमारी तलाशी लेनी चाही, तो मैंने इसका विरोध किया। इसके लिए उन्होंने मुझे पीटा। अब मुझे नहीं मालूम कि मेरी पसलियां टूट गई है या मेरे साथ क्या हुआ है। क्योंकि मैं अब दो किलो वजन भी नहीं उठा सकता हूं।

ईरान से लौटे एक अन्य अफगान प्रवासी सलाउद्दीन ने कहा, ÷हम अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए मजबूरी में ईरान गए थे, लेकिन उन्होंने हमारे लिए इसे बहुत कठिन बना दिया। पाकिस्तान से वापस आए रेजा साजेश ने कहा, ÷जिनके पास कार्ड थे, उन्हें भी पाकिस्तान के क्वेटा और इस्लामाबाद से निर्वासित कर दिया गया। हम इस प्रक्रिया को लेकर परेशान हैं।

**ईरान-पाकिस्तान में 77 लाख अफगान प्रवासी**

पाकिस्तान के कराची में तालिबान के वाणिज्य दूत ने इन देशों के अधिकारियों से अफगान प्रवासियों को लौटने के लिए अतिरिक्त समय देने का आग्रह किया है। तालिबान के शरणार्थी और



प्रत्यावर्तन मंत्रालय के अनुसार, करीब 2,800 अफगान प्रवासी ईरान से वापस आए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान और पाकिस्तान में लगभग 77 लाख अफगान नागरिक रहते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल और कुछ मानवाधिकार संगठनों ने पाकिस्तान और ईरान से अफगान प्रवासियों को निर्वासित करने की प्रक्रिया पर चिंता जताई है।

# पूर्वी कांगो में शरणार्थी शिविरों पर बमबारी में मरने वालों की संख्या 14 हुयी

**एजेंसी**

**किंशासा।** पूर्वी कांगो पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में विस्थापित लोगों के तीन शिविरों पर हुए हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है और 35 अन्य लोग घायल हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि 23 मार्च मूवमेंट (एम23) के विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो (डीआरसी) में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) के तीन स्थलों पर शुक्रवार को ÷लगभग 10÷ बम गिराए। उत्तरी किवु के सैन्य गवर्नर पीटर चिरिम्वामी ने कहा, ÷उत्तरी किवु के पूर्वी प्रांत की राजधानी गोमा के लैक वर्ट, लुशगाला और मुगुंगा इलाकों में आईडीपी साइटों पर हुए हमले में मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है। कांगो में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के प्रतिनिधि एंजेल डिकॉन्गु-अटंगाना ने शुक्रवार देर रात कहा कि बमबारी में 12 लोग मारे गए हैं। कांगो सरकार ने इन हमलों के लिए 23 मार्च मूवमेंट (एम23) के विद्रोहियों को दोषी ठहराया, जो कांगो की सेना के साथ संघर्षरत हैं और उत्तरी किवु में क्षेत्रों पर कब्जा कर चुके हैं। इस हमले के बाद कांगो के र ष्ट्रपति फेलिक्स शीसेकेदी अपना यूरोप दौरा बीच में ही रद्द करके वतन लौट गए। उन्होंने



ने बेल्जियम में कांगो के प्रवासियों से कहा था, मैं गारंटी देता हूं कि हम इस लड़ाई को जीतेंगे, चाहे कुछ भी करना पड़े। डीआरसी में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन (जिसे मोनुस्को के नाम से जाना जाता है) ने सभी पक्षों से नागरिकों के लिए जोखिम कम करने और मानवीय पहुंच बनाए रखने के लिए उचित उपाय करने का आह्वान किया।

गौरतलब है कि तीन चरण की प्रस्थान योजना के तहत संरा के ठिकानों और उपकरणों को डीआरसी सुरक्षा बलों को सौंपकर मोनुस्को के 2024 के अंत से पहले कांगो छोड़ने की उम्मीद है। मोनुस्कोके प्रमुख बिंटौ कीटा ने रात जारी एक बयान में कहा, मैं संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पूर्वी डीआरसी में सभी सशस्त्र समूहों से सभी शत्रुताएं तुरंत बंद करने, बिना शर्त अपने हथियार डालने और निरस्त्रीकरण, विमुद्रीकरण, सामुदायिक पुनर्वास और स्थिरीकरण कार्यक्रम में शामिल होने के आह्वान को दोहराता हूं।

# संघर्ष विराम वार्ता के बीच हमास ने इस्राइल पर फिर दागीं मिसाइलें; मदद पहुंचाने के लिए खुली क्रॉसिंग बंद

**एजेंसी**

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास ने रविवार को गाजा पट्टी में सहायता पहुंचाने के लिए इस्राइल के मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट पर बड़ा हमला कर दिया।

**गाजा के लोगों की और बढ़ेगी परेशानी**

इस्राइली सेना ने सोमवार को मानवीय सहायता ट्रकों के लिए केरेम शालोम क्रॉसिंग को बंद करने का फैसला लिया। इससे गाजा के लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है। वहीं, हमास की सैन्य शाखा कसम ब्रिगेड ने दावा किया कि हमले में सीमा के पास इस्राइली बलों के एक समूह को निशाना बनाया गया।

**कई सारे दागे गए रॉकेट**



एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमले में इस्राइली सेना के कमांड मुख्यालय को निशाना बनाया, जिससे कई सैनिक मारे गए और घायल हो गए। इस्राइली सेना का कहना है कि केरेम शालोम क्रॉसिंग पर 10 रॉकेट दागे गए। हमास ने इसकी जिम्मेदारी ली है। टीवी चैनल की मानें तो सेना ने हमले के बाद तुरंत क्रॉसिंग को बंद करने का निर्णय लिया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब गाजा भोजन, दवा और अन्य मानवीय वस्तुओं की कमी के साथ मानवीय संकट का सामना कर रहा है। इस हमले से मिस्र में चल रही संघर्ष विराम वार्ता के जटिल होने की धमकी दी गई है। वहीं, राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनियाभर के देशों को बंधकों को रिहा करने और गाजा के लोगों को हमास के शातिर शासन से मुक्त कराने के लिए कदम उठाना चाहिए।हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है।

# ऑस्ट्रेलिया:पुलिस ने चाकूबाजी करने पर किशोर को मारी गोली

**सिडनी।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई (डब्ल्यूए) पुलिस बल ने घोषणा की कि पर्थ में रसोई के चाकू से दूसरे व्यक्ति पर हमला करने वाले 16 वर्षीय लड़के को पुलिस ने गोली मार दी। पुलिस आयुक्त कर्नल ब्लैंच ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुलिस को स्थानीय समयानुसार रात करीब 10‑10 बजे सूचना मिली था कि एक व्यक्ति हिंसक कार्य करने जा रहा है, लेकिन कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम या स्थान नहीं बताया।

# स्थानीय चुनावों में सत्तारूढ़ दल का बुरा प्रदर्शन, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बोले- हम कड़ी मेहनत करेंगे

**लंदन।** ब्रिटेन के स्थानीय चुनाव में इस साल सत्तारूढ़ दल का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। नतीजों के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का बयान सामने आया है। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह और कड़ी मेहनत करेंगे। चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के नेताओं को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। यहां तक कि पार्टी के हाथ से वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र का मेयर पद भी निकल गया, जिसे कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ कहा जाता था। इन चुनाव नतीजों को 40 साल में कंजर्वेटिव पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिडलैंड्स के लोकप्रिय मेयर एंडी स्ट्रीट पुनर्मतगणना में लेबर नेता रिचर्ड पार्कर से मात्र 1508 वोटों से हार गए। हालांकि, पार्टी को बेन हाउचेन के टीज वैली से मेयर पद जीतने से थोड़ी राहत जरूर मिली है। वेस्ट मिडलैंड्स के परिणामों पर सुनक ने कहा कि क्षेत्र में सर्वोत्तम सेवाएं और निवेश आकर्षित करने के ट्रैक रिकॉर्ड के बाद भी स्ट्रीट का हारना निराशाजनक है। हालांकि, परिणामों के कारण क्षेत्र में प्रगति प्रभावित नहीं होगी बल्कि परिणामों से प्रगति का मेरा संकल्प दोगुना जरूर हो गया है।

# दक्षिण कोरिया के जेजू द्वीप पर खराब मौसम के कारण 40 उड़ानें रद्द

**एजेंसी**

**जेजू।** दक्षिण कोरिया के दक्षिणी रिजॉर्ट द्वीप जेजू पर प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण कम से कम 40 उड़ानें रद्द कर दी गयी हैं।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'समाचार एजेंसी ने जेजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों के हवाले से बताया कि दोपहर तक 20 आगमन और 20 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गयी थीं। द्वीप पर तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गयी है, साथ ही हवाई अड्डे पर विंड शियर का परामर्श भी प्रभावी है। कोरिया मौसम विज्ञान प्रशासन (केएमए) ने हवाई यात्रियों से अपने उड़ान कार्यक्रम की पहले से जांच करने को कहा है क्योंकि जेजू द्वीप पर मंगलवार सुबह तक मौसम खराब



रहने की आशंका है। मौसम एजेंसी के अनुसार, आज अपराह्न दो बजे तक देश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा, गरज और बिजली के साथ बारिश हो रही थी। जेजू द्वीप के पहाड़ी इलाकों और दक्षिण जेओला प्रांत के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है, जबकि दक्षिण जेओला और ग्योंगसांग प्रांतों के अन्य क्षेत्रों के लिए भारी बारिश का परामर्श जारी किया गया है।

दक्षिण कोरिया में पांच मई को मनाये जाने वाले बाल दिवस के अधिकांश आउटडोर उत्सव बारिश के कारण रद्द कर दिये गये हैं। इसके अलावा पांच पेशेवर बेसबॉल खेल स्थगित कर दिये गये। केएमए ने बताया कि मंगलवार तक सोल, इंचियोन और ग्योंगगी प्रांत के क्षेत्रों सहित देश के अधिकांश हिस्सों में 30 से 80 मिलीमीटर बारिश होने का अनुमान है, जबकि जेजू द्वीप पर 50 से 150 मिलीमीटर बारिश होने के आसार हैं।

# कोरोना की पहली वैक्सीन बनाने वाला वैज्ञानिक भ्रष्टाचार के आरोप में फंसा, चीन ने की सख्त कार्रवाई

**एजेंसी**

**बीजिंग।** कोरोना वायरस आने के बाद चीन में पहली कोविड-19 वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसके बाद चीन ने उसपर सख्त कार्रवाई करते हुए संसद से बर्खास्त कर दिया है। बता दें कि चीन में पहली कोरोना वैक्सीन चाइना नेशनल फार्मास्युटिकल ग्रुप की वैक्सीन सहायक कंपनी चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप ने बनाई थी। जिसके अध्यक्ष यांग जियाओमिंग थे। जिन पर अब अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इसके बाद चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। बता दें कि 62 वर्षीय यांग जियाओमिंग एक नामी रिसर्चर हैं सीएनबीजी की कमान संभालने के साथ-साथ उन्होंने सिनोफार्म BBIBP-CorV वैक्सीन बनाने वाली टीम की अगुआई भी की थी, जिसने चीन की पहली कोरोना वैक्सीन बनाई थी।

बताया जा रहा है कि वैज्ञानिक यांग की बर्खास्तगी चीन की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसे पिछले कुछ साल में राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के विस्तार के रूप में शुरू किया है। इसका उद्देश्य रिश्वतखोरी और व्यापक भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है। इसके साथ ही चीनी सरकार अस्पतालों, दवा कंपनियों और बीमा फंडों पर भी कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में बीते सालों में चीन के दर्जनों अस्पताल के प्रमुखों को हिरासत में लिया गया है।

बता दें कि कोरोना वायरस का पहले मामला दिसंबर 2019 में चीन के वुहान शहर में आया था। जहां सबसे पहले एक महिला इस जानलेवा वायरस से संक्रमित हुई थी। उसके बाद इसने धीरे-धीरे चीन को अपनी जद में लिया और उसके बाद पूरी दुनिया में फैल गया।

# टेक्सास में बाढ़ग्रस्त इलाकों से 600 लोगों को बचाया गया

**एजेंसी**

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में ह्यूस्टन शहर के आसपास बाढ़ वाले इलाकों से 600 से अधिक लोगों को बचाया गया है। पूर्वी टेक्सास में रविवार दोपहर तक बाढ़ की निगरानी जारी रही।ज्यादा वर्षा का पूर्वानुमान लगाया गया है, जिससे बड़ी बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, शनिवार देर रात से रविवार तक भारी बारिश की उम्मीद है। ह्यूस्टन से करीब 50 किमी उत्तर पूर्व में स्प्लेंडोरा के पास पिछले पांच दिनों में 21 इंच (53 सेंटीमीटर) से ज्यादा बारिश हुई।

हैरिस काउंटी की न्यायाधीश लीना हिडाल्गो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि काउंटी के कई इलाकों में करीब 180 लोगों और 122 पालतू जानवरों को गंदे पानी से बचाया गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक पोल्क काउंटी में 100 से अधिक



और मोंटगोमरी काउंटी में लगभग 400 लोगों को बचाया गया। सभी तीन काउंटी ह्यूस्टन मेट्रो क्षेत्र में या उसके आसपास हैं।सैन जैसिंटो के पूर्वी फोर्क के करीब बिजली लाइनों के बराबर पानी बढ़ गया। ह्यूस्टन क्रॉनिकल ने शनिवार को बताया कि अन्य क्षेत्रों में छतों तक पानी था। हिडाल्गो ने ईस्ट फोर्क में आई बाढ़ को हार्वे के बाद से सबसे खराब बताया है।ह्यूस्टन शहर के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र में करीब एक सप्ताह में लगभग चार महीने की बारिश हुई। किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं मिली है।डिस्क्लेमरः यह आईएएनएस न्यूज फीड से सीधे पब्लिश हुई खबर है. इसके साथ न्यूज नेशन टीम ने किसी तरह की कोई एडिटिंग नहीं की है. ऐसे में संबंधित खबर को लेकर कोई भी जिम्मेदारी न्यूज एजेंसी की ही होगी.

# हर कीमत पर किसानों के हितों की रक्षा: शहबाज

**एजेंसी**

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'हर कीमत पर किसानों के हितों की रक्षा' करने का वादा किया है।

पास्को के माध्यम से गेहूं खरीद के मामलों की समीक्षा के लिए शनिवार को मॉडल टाउन में अपने आवास पर एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री शरीफ ने गेहूं बेचने और गेहूं के बैग प्राप्त करने के संबंध में किसानों की शिकायतों को 'चार दिनों' में समाधान करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय के तहत एक समिति का गठन किया।

प्रधानमंत्री आवास की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि संघीय सरकार किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए पास्को के माध्यम से 18 लाख टन गेहूं खरीद रही है। प्रधानमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से गेहूं खरीद प्रक्रिया की निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसानों



को उनका उचित मूल्य समय पर मिले।श्री शरीफ ने कहा, सरकार किसानों की आर्थिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने इस साल गेहूं की बंपर पैदावार होने पर 'प्रसन्नता' भी व्यक्त की। बैठक में संघीय मंत्री अताउल्लाह तरार और राणा तनवीर हुसैन तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उधर, पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) के एक सूत्र ने पाकिस्तानी अखबार डॉन को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ चाहते है कि श्री शहबाज के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 'मजबूत राजनीतिक दबदबे' की परवाह किए बिना कथित घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ 'त्वरित' कार्रवाई करे।

पीएमएल-एन के मॉडल टाउन कार्यालय में एक बैठक के दौरान यह सुझाव दिया गया कि कथित घोटाले की जांच के लिए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) या संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को शामिल किया जाए, लेकिन शहबाज सरकार ने शनिवार को कहा कि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।


पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने डॉन को बताया, सरकार का ऐसा कोई इरादा नहीं है (गेहूं आयात घोटाले की जांच के लिए एनएबी/एफआईए को शामिल करना)। वहीं, एक अंदरूनी सूत्र ने दावा किया कि चूंकि यह घोटाला काफी हद तक पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की सरकार से संबंधित है, इसलिए शहबाज़ प्रशासन बहुत सावधानी से काम कर रहा है।

# गाजा संघर्ष विराम वार्ता में कोई सकारात्मक प्रगति नहीः हमास सूत्र

**एजेंसी**

**गाजा।** गाजा संघर्ष विराम वार्ता में कोई सकारात्मक प्रगति नहीं हुई है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी है। नाम न छापने की शर्त पर सूत्र ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायल के (स्थायी) युद्धविराम के लिए प्रतिबद्ध न होने की जिद के कारण वार्ता में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हमास ने समझौते में गाजा से इजरायल की वापसी और संघर्ष शर्तों को पूरी तरह से समाप्त करने की मांग की, जिसे इजराइल खारिज करता रहा है।

उधर, अल अरबिया न्यूज चैनल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हमास इजरायल की आवश्यकता के अनुसार,



युद्धविराम समझौते के पहले चरण में शुरुआती 20 के बजाय 33 बंधकों को रिहा करने पर सहमत हुआ है। संभावित गाजा संघर्ष विराम पर मिस्र के मध्यस्थों से मिलने के लिए हमास प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा, जिसमें कुछ बंधकों की इज़रायल वापसी होगी।

# पूरी हो गई नासा के तीन उपग्रहों की उम्र, दो दशक से धरती पर रख रहे नजर; वैज्ञानिकों में चिंता

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** धरती पर नजर रखने वाले नासा के तीन उपग्रहों की उम्र पूरी हो गई है। लंबे वक्त से चल रहे ऑर्बिटर टेरा, एक्वा और ऑरा को जल्द ही बंद कर दिया जाएगा। एक हाथी जितने भारी ये उपग्रह अगले कुछ वर्षों में अंधेरे में चले जायेंगे, लेकिन कोई नहीं जानता कि ऐसा कब होगा। ये धीरे-धीरे अपनी ऊंचाई खो रहे हैं। यह एक ऐसा पल है जिससे वैज्ञानिक डर रहे हैं। दो दशकों से भी अधिक वक्त से ये उपग्रह पृथ्वी पर नजर रखे हुए हैं। जो उम्मीद से भी अधिक है। इनसे मौसम की भविष्यवाणी करने, जंगल की आग का प्रबंधन करने, तेल रिसाव की निगरानी करने और बहुत कुछ करने में मदद मिलती है।

इसके बाद वैज्ञानिकों को बदलती जा रही पृथ्वी के बारे में अपने नजरिए को परखने का समाधान खोजने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। लेकिन अब इन उम्र उन पर हावी हो रहीं है। ये जल्द ही अपना आखिरी प्रसारण भेजने के साथ पृथ्वी पर धीमी रफ्तार से गिरना शुरू कर देंगे। उपग्रहों के बंद होने के साथ ही इनका इकट्ठा किया गया अधिकांश डेटा भी खत्म हो जाएगा। इनकी जगह लेने वाले नए उपग्रह सारा डेटा नहीं ले पाएंगे। शोधकर्ताओं को या तो अपनी सटीक जरूरतों को पूरा न कर सकने वाले वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना होगा या अपने रिकॉर्ड को जारी रखने के लिए नया रास्ता तलाशना होगा। इन उपग्रहों के इकट्ठा किए गए कुछ डेटा के साथ हालात और भी बदतर है, क्योंकि कोई अन्य उपकरण इसे इकट्ठा करना जारी नहीं रखेगा। हमारी दुनिया के बारे में जो बढ़िया विशेषताएं इन उपग्रहों ने बताई थी वो जल्दी ही धुंधली हो जाएगी।

मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वायुमंडलीय रसायनज्ञ सुसान सोलोमन के मुताबिक, इस अपूरणीय डेटा को खोना बेहद दुखद है। वो भी उस वक्त जब यह समझने पर ध्यान केंद्रित करने की सबसे अधिक जरूरत है कि हम पृथ्वी को कैसे प्रभावित होते हैं और हम इससे कैसे प्रभावित कर रहे हैं। इन उपग्रहों के खत्म होने से हम समताप मंडल पर नजर खो देंगे। ये ओजोन परत का सबसे अहम घर है। समताप मंडल की ठंडी, पतली हवा में, ओजोन अणु लगातार बनते और नष्ट होते, उछलते और बहते रहते हैं, क्योंकि वे अन्य गैसों के साथ संपर्क करते हैं। इनमें से कुछ गैसों की उत्पत्ति प्राकृतिक है; दूसरे हमारी वजह से वहां हैं। बीते साल, नासा ने वैज्ञानिकों से इस बारे में विचार विमर्श किया कि टेरा, एक्वा और ऑरा का अंत उनके काम को कैसे प्रभावित करेगा। उनमें से 180 से अधिक ने इसका जवाब दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स को सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम के जरिए ये पत्र हासिल हुए थे। इनमें शोधकर्ताओं ने उपग्रहों से डेटा की एक विस्तृत श्रृंखला के बारे में चिंता जताई थी।

# हिसार में तैयार होंगे आइस स्केटिंग के दो ओलम्पियन

## हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष रामअवतार वर्मा का ऐलान

**शपथ**

**हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के महासचिव नरेश सेलपाड़ ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

विन्टर ओलम्पिक खेलों में पदकों के सूखे को समाप्त करने के लिए हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन की हिसार इकाई भरसक प्रयास करेगी। एसोसिएशन का प्रयास रहेगा कि खेलो इंडिया से लेकर ओलम्पिक तक हिसार के आइस स्केटर्स देश व प्रदेश का नाम रोशन करे। यह कहना है हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ व हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष राम अवतार वर्मा का। वो मॉडल टाऊन स्थित एक होटल में हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के चुनावों के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित कर रहे थे। इस दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जिले के सभी सामान्य स्केटर्स को ओलम्पिक खेल आइस स्केटिंग से जोड़ा जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से विगत वर्षों में स्पीड़ के ईवेंट के नेशनल चैम्पियन रहे खिलाडि?ों को विशेष महत्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में होने वाले यूथ गेम्स, वर्ल्ड कप सहित विदेशों में होने वाले आइस स्केटिंग के सभी प्रकार के ईवेंट को लेकर उनकी नीति एवं रणनीति स्पष्ट है। जिसमें राज्य के चयनित टापर्स खिलाडि?ों को उनकी योग्यता के आधार पर सुविधा, प्रशिक्षण एवं दूसरे प्रकार की मदद प्रदान की जाएगी। इसके लिए स्टेट एसोसिएशन, राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्राइवेट कंपनियों से मदद ली जाएगी। इससे पहले समाजसेवी कमल हांडा व शिक्षाविद सुरेन्द्र श्योराण को संरक्षक, कोच विजय अग्रवाल, एडवोकेट मुकेश पावरियां, कोच नीरज वर्मा व मीनाक्षी अनेजा को उपाध्यक्ष, सीमा पूनिया को कोषाध्यक्ष व स्केटिंग कोच दिपांशु पुनियां व वरिष्ठ कोच पावेल को सह-सचिव नियुक्त किया गया। जल्द ही शेष कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

किस आयु वर्ग पर रहेगा फोकसः-

नवनियुक्त अध्यक्ष रामअवतार वर्मा ने कहा कि इटली के मिलान और कोर्टिना में आयोजित होने वाले 25वें शीतकालीन ओलंपिक में हरियाणा की भागीदारी तय करने के लिए हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन होनहार स्केटर्स की तलाश कर रही है। जिसमें मुख्य रूप से अलग-अलग प्रतियोगिताओं के लिए स्पीड एवं फिगर आइस स्केटिंग के इवेंट के लिए अंडर-6, 6 से 8, 8 से 10, 10 से 13, 13 से 15, 15 से 17, 17 से 19 आयु वर्ग व 19 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स को पहले से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

इन पर रहेगा फोकसः-

हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष राम अवतार वर्मा के अनुसार हिसार जिले के टॉपर्स खिलाडि?ों का डाटा तैयार करने, खिलाडि?ों को ट्रेनिंग दिलवाने, अधिक से अधिक ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन करने, कोच के लिए वित्तिय मदद करने के लिए

# सरकार को मृत बच्चों के परिवार को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा देना चाहिएः बजरंग गर्ग

**लापरवाही**

**सरकार को मिल गेट थाने के चौकी इंचार्ज के खिलाफ लापरवाही बरतने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए-**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग मीलगेट निवासी दो बच्चों गौरव और कृष्ण की मृत्यु पर पीड़ित परिवार से मिलने के लिए सिविल अस्पताल पहुंचे और दोनों बच्चों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया। श्री गर्ग ने कहा कि 3 मई से लापता हुए दोनों बच्चों के परिवार द्वारा बार-बार शिकायत देने के बावजूद ऋक्षक्र दर्ज न होने में कोई कार्रवाई न होना मिल गेट थाने के पुलिस अधिकारियों की बहुत बड़ी लापरवाही है जिसके कारण परिवार के लोगों में पुलिस अधिकारियों के प्रति बड़ा भारी रोष है। बजरंग गर्ग ने बताया कि मील गेट थाने के अधिकारियों द्वारा पहले भी लापरवाही के कई मामले सामने आए हैं। सरकार को मिल गेट थाने के चौकी इंचार्ज के खिलाफ लापरवाही बरतने के लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और दोनों बच्चों की मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाकर परिवार को न्याय दिलाना चाहिए। बजरंग गर्ग ने सरकार से मांग की सरकार को मृत बच्चों के परिवार को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा देना चाहिए।

# झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, दादरी और भिवानी में 36 बिरादरी को न्योता देने पहुंचे जयहिंद

**परशुराम जन्मोत्सव**

**जनता पहरावर आये तो समस्या साथ लाये , समाधान की लड़ाई हम लड़ेंगे - जयहिंद**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

`जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी और भिवानीवासियों को 19 मई पहरावर का भगवान परशुराम जन्मोत्सव न्यौता देने पहुँचे । इस मौके पर जयहिंद ने कहा कि 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए । गरीब कमजोर की लड़ाई लड़ने वाला ही परशुराम का असली चेला होता है और जो आवाज नहीं उठा सकते वह किसी भी भगवान के भक्त नहीं हो सकते । वही जयहिंद भिवानी के परशुराम मंदिर में भी मत्था टेकने पहुंचें` इस मौके पर मौजूद लोगों को 19 मई पहरावर का न्योता

जयहिंद ने कहा कि आगामी 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और उसका न्योता 36 बिरादरी का भाईचारा 36 बिरादरी को घर -घर दे कर आएगा` देश में अयोध्या में श्री राम की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई गई हैं और पहरावर में 121 फीट भगवान परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव रखी जाएगी` भगवान परशुराम की मूर्ति न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतिक होगी `प्रदेश के सभी जिलों के साथियों ने समाज के हक की लड़ाई में सहयोग दिया था` सामाजिक योद्धाओं (36 बिरादरी) को जिन्होंने पहरावर की जमींन के लिए संघर्ष किया उन्हे भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सम्मानित किया जायेगा`

जयहिंद ने कहा कि परशुराम भोले के भक्त और हम परशुराम के भक्त है` भोलेनाथ की पहली कावड़ परशुराम जी ही लेकर आये थे` भगवान श्री कृष्ण ने ही भगवान परशुराम को सुदर्शन चक्र और भगवन श्रीराम ने अपना धनुष दिया था`

जयहिंद ने साथ ही कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर - राजनीतिक और सामाजिक रहेगा` किसी भी तरह से राजनीतिक बयानबाजी इस कार्यक्रम नहीं होगी `जयहिंद ने कहा कि इस मौके पर देशी घी का भंडारा किया जायेगा और 36 बिरदारी के लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेगे` प्रदेश ही नहीं बल्कि दुसरे राज्यों से भी परशुराम भक्त इस जन्मोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचेंगे`

साथ ही जयहिंद ने कहा कि जन्मोत्सव में लोग अपनी शासन और प्रशासन से जुड़ी समस्याओं लेकर आयेंगे । समाधान के लड़ाई वे लड़ेंगे । हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा ।

**जयहिंद** ने अपनी "जनता जगाओं - नेताओं पर सवाल दागो" मुहीम को लेकर कहा कि आपके पास वोट मांगने आये नेताओं चाहे पक्ष के हो या विपक्ष के किसी का रास्ता न रोके सवाल करें बल्कि उनसे सवाल करें` उन्होंने पांच साल में बुढ़ापा पेंशन(थारा फूफा जिन्दा है), फैमिली आईडी, बेरोजगारी (बेरोजगारों की बारात), खराब सडकों की समस्या, पानी की समस्या, नशे व अपराध की समस्या सहित किन मुद्दों पर आपकी आवाज उठाई ` जब वे आपके पास आये तो उनका न तो रास्ता रोको और न ही उन पर पथराव करो, अपने मुद्दों पर उनसे सवाल पूछों` किसी और की राजनीति के चक्कर में अपना भाईचारा खराब न करें`जयहिंद ने वही र छ के मुद्दे पर भी कहा कि दीपेन्द्र हुड्डा, राव इन्द्रजीत, धर्मबीर सिंह और राव दान से पूछे की उनके क्षेत्र की पानी की समस्या को लेकर उन्होंने क्या किया और र छ पर क्यों नहीं बोल रहे है`

## परिवार सहित धोखाधड़ी में फंसा

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

शिव शिक्षा समिति मटौर के प्रधान व उसके परिवार के खिलाफ कलायत पुलिस ने कागजातों में हेराफेरी उप प्रधान व सदस्यों को समिति के पद से हटाने पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने समिति के प्रधान सुरेश कुमार, उसकी पत्नी रीटा, बहन शीला व भाई राजेश कुमार को धोखाधड़ी और कागजों में हेरा फेरी करने के आरोप में नामजद किया है।एसपी कैथल को दी शिकायत में समिति के उप प्रधान वीरेंद्र, जनरल सेक्रेटरी नीलम व सदस्य राजेंद्र ने बताया कि समिति के प्रधान सुरेश कुमार, उसकी पत्नी रीटा, बहन शीला व भाई राजेश कुमार समिति का दुरूपयोग करने की साजिश कर रहे थे।

# विकसित कुरुक्षेत्र, हरियाणा के स्वप्न को साकार करेंगेः जिंदल

**नवीन** जिंदल ने गाँवों का दौरा कर ग्रामीणों से वोट की लिए अपील की

रादौर,6 मई (नीतीश जोगी ): कुरूक्षेत्र लोकसभा के रादौर क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल ने सोमवार को रादौर हल्के के गाँव सढूरा, पूर्णगढ, खेडकी, भोगपुर, घिलौर, हडतान,सिकंदरा,भोगपुर आदि गाँवों का दौरा कर जनसभाओं में ग्रामीणों को वोट करने की लिए अपील की। इस अवसर पर पूर्व राह्ययमंत्री कर्णदेव कांबोज व धार्मिक भजन गायक कन्हैया मितल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस मौके पर गांव खेडकी सरपंच प्रतिनिधी प्रमजीत सिंह पम्मी ने नवीन जिंदल को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा



उम्मीदवार नवीन जिंदल ने जनसभाओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर नवीन जिंदल ने कहा की वह आपका भाई- बेटा बनकर 10 साल आपकी सेवा कर चूके है, दोबारा आप सेवा के लिए 25 मई को कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर भारी मतों से उन्हें विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की सेवा तन, मन, धन से करते रहे हैं और अब वे एक बार फिर आप सब के साथ जुडकर कुरुक्षेत्र की नींव रखकर विकसित कुरुक्षेत्र, विकसित हरियाणा के स्वप्न को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल जी कहा करते थे कि गरीबों और पिछड़े वर्गों का उत्थान हुए बगैर भारत मजबूत नहीं हो सकता। विकास की मुख्यधारा से पिछड़ गए उन लोगों के उत्थान के उद्देश्य से पुनः राजनीति में आए हैं। वे युवाओं को स्वाभिमानी बनाने के लिए कुरुक्षेत्र में विश्व स्तरीय कौशल विकास केंद्र स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत का युवा विदेशों में अपने कौशल से अपनी धाक जमाए और न केवल बेहतरीन रोजगार प्राप्त करे, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज, गांव खेडकी सरपंच प्रतिनिधी प्रमजीत सिंह पम्मी ,डॉ. ऋषिपाल सैनी, मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी,जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग,संदीप राणा,हरपाल कांबोज,अजय सिंह चौहान,उमेश,राजिन्द्र ,चरण सिंह टोपरा,धनपत सैनी,आदि मौजूद रहीं।

# परशुराम जयंती पर हवन व विशाल भंडारे का होगा आयोजनः जितेंद्र शर्मा

**रादौरः** गौड ब्राह्मण सभा की ओर से भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शुक्रवार 10 मई को दोपहर 12 बजे शहर की ब्राह्मण धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। जयंती के अवसर पर सुबह 9 बजे धर्मशाला में हवन यज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें स्थानीय लोग आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना करेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए गौड ब्राह्मण सभा के प्रधान जितेंद्र शर्मा चन्नी व अनिल शर्मा पम्मी ने बताया कि समाज की ओर से हर वर्ष भगवान



परशुराम जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें सभी मिलजुल कर सहयोग करते है।

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समाज के लोगों को न्योता दिया गया है। जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। गौड ब्राह्मण सभा की ओर से समाज की भलाई के लिए बढ़चढ़ कर कार्य किए जा रहे है। जिससे समाज का भला हो सके। इस अवसर पर एडवोकेट अजय शांडिल्य, विजय कुमार उपप्रधान, नीरज दीक्षित,गगन शर्मा,अनुप शर्मा,सुमित पंडित आदि मौजूद रहे।


# आढ़ती की धमकी से आहत किसान ने दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

पूंडरी क्षेत्र के गांव फरल के एक किसान ने सोमवार को फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के बेटे ने पूंडरी के एक आढ़ती पर उसके पिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पूंडरी के आढ़ती के खिलाफ किसान को आत्महत्या के लिए मजबूर करने पर मामला दर्ज कर लिया है।

मृतक रामपाल राणा के पुत्र रवि राणा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता किसान थे और फसल अनाज मंडी पुंडरी के माता मनसा देवी ट्रेडिंग कंपनी के आढ़ती सुभाष शर्मा के पास बेचते थे। जो उसके पिता के साथ फसल का हिसाब किताब कर लेनदेन करते थे। सुभाष शर्मा ने लेनदेन के काफी रुपए उसकी पिता की तरफ निकाल दिए इसके बदले में एक एकड़ जमीन धोखाधड़ी से अपने किसी परिचित दीवान सैनी के नाम करवा ली। उस समय फरल गांव मे एक एकड़ जमीन की कीमत 30 लाख रुपये थी। सुभाष ने मेरे पिता के साथ धोखाधडी से व धमका कर 7 लाख 50 हजार रुपये देकर जमीन की रजिस्ट्री करवा ली। आढ़ती सुभाष ने उसके पिता पिता को बहला-फुसला कर उसकी माता के नाम से पांच चेक खाली ले लिये।

चार दिन पहले सुभाष उसके पिता से पूंडरी मे मिला और कहा कि उसके पास तुम्हारे चेक हैं या तो मुझे पैसे दे दो नहीं तो मैं तेरी पत्नी के नाम वाले चेक कोर्ट मे लगाउंगा। मैं तेरा मरने तक पीछा



नहीं छोड़ूंगा। मेरे पिता ने कहा कि अब किस बात के लगाओगे। आपने मेरी एक एकड़ जमीन भी धोखा धडी करके ले ली है। रविवार को सुभाष शर्मा उसके पिता को सड़क पर मिला और धमकी दी कि यदि उसके कहे अनुसार पैसे नहीं दिए तो तेरी पत्नी का कोर्ट में बुरा हाल करूंगा।

उसके पिता शाम को घर आकर रोने लगे और सुभाष आढ़ती की धमकी के बारे में बताया। सुभाष की धमकी से उसका पिता ज्यादा परेशान हो गया। रात भर वे अपने पिता की रखवाली करते रहे। सोमवार को वह और उसकी माता सुबह चारा लेने के लिए खेत में चले गए। सोमवार सुबह सुभाष आढ़ती की धमकी से परेशान होकर उसके पिता ने पंखे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उंदरी के थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर आढ़ती राजकुमार के खिलाफ धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच के बाद आढ़ती को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हिन्दूवादी नेता दिनेश शर्मा पर लगा गुंडा एक्ट

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

हिन्दूवादी नेता दिनेश शर्मा पर मथुरा पुलिस ने गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। कुछ दिन पहले दिनेश शर्मा को पुलिस ने धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप में जेल भेजा था।

इस मामले में वह जमानत पर चल रहे हैं। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के पक्षकार दिनेश शर्मा पर थाना गोवर्धन से यह कार्यवाही की गई है। दिनेश कौशिक उर्फ दिनेश शर्मा पुत्र श्याम सुंदर मूलरूप से गोवर्धन क्षेत्र के गांव महमदपुर के रहने वाले हैं। वह श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस में एक पक्षकार भी हैं। दिनेश शर्मा लगातार सक्रिय थे और बयानबाजी के अलावा श्रीकृष्ण जन्मस्थान के आसपास लगातार कार्यक्रमों की घोषणा करते रहे हैं। दिनेश शर्मा का कहना है कि श्री कृष्ण जन्मभूमि केस को वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। मुझे 16 अप्रैल को दंगा भड़काने के आरोप में जेल भेज दिया था, न्यायालय ने मुझे दुसरे दिन जमानत दे दी। दिनेश शर्मा ने बताया कि वह 2017 में भाजपा किसान मोर्चा पंचायत समिति में राष्ट्रीय सचिव रह चुके हैं और भाजपा के सक्रिय सदस्य भी हैं। लगातार पार्टी के लिए काम किया है।

# 52 गांव के यदुवंशी समाज ने मिलकर रचा इतिहास

**एकता -भाईचारा**

**2500 वर्ग गज की जमीन पर सेवा धर्म के लिए धर्मशाला बनाने के लिए खरीदी गयी है।**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

एकता और भाईचारे की भावना से लोगों की सेवा की जा सकती है। 52 गांव के यदुवंशी जादौन धर्म सेवा ट्रस्ट द्वारा गोवर्धन में करीब 2500 वर्ग गज की जमीन पर सेवा धर्म के लिए धर्मशाला बनाने के लिए खरीदी गयी है। जिसकी कीमत करोड़ों रुपये के आसपास है। इस जमीन के लिए 52 गांव की यदुवंशी समाज ने मिलकर ऐसा एकत्रित



करके यह जमीन खरीदी है। इस संबंध में छाता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ठाकुर फाल्गुन उर्फ कान्हा भैया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल की शुरूआत सबसे पहले उनकी वाटिका पर हुई थी और इस जमीन को खरीदने का उद्देश्य धर्मशाला बनाकर लोगों को ठहरने की व्यवस्था गरीब परिवार के लोगों कार्यक्रमों के लिए व्यवस्था या अन्य सामाजिक कार्यों के लिए भी इस धर्मशाला का उपयोग किया जाएगा। वही इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम प्रताप सिंह, महामंत्री बल्लो सिंह, कोषाध्यक्ष प्रीतम प्रधान है, मंत्री राधेलाल, उपमंत्री नारायण सिंह एवं समस्त जादौन सरदारी मौजूद रही

# राष्ट्रपति ने राज्यपाल को डाक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला**

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई और संबोधित किया।




हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के सातवें दीक्षांत समारोह में बतौर अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को प्रदेशवासियों की ओर से हिमाचल पधारने पर स्वागत किया। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वालों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह वह यादगार क्षण है, जो भविष्य में और प्रगति करने के लिए इस उच्च संस्थान के विशेष योगदान का स्मरण करवाता है। यह क्षण सृजनात्मकता, ज्ञान व आजीवन शिक्षा प्राप्ति की सतत आकांक्षा की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए आज आत्म-मन्थन का दिन भी है। वे अपनी अभी तक की चुनौतियों और उपलब्धियों पर दृष्टि डालें और विचार करें कि यहां तक की उनकी यात्रा कैसी रही। उन्होंने कहा कि यह अपनी दुर्बलताओं और श्रेष्ठताओं को पुनः पहचानने का समय है।

श्री शुक्ल ने कहा कि उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और मेडल विजताओं की समाज, राष्ट्र और राज्य के प्रति एक अहम् भूमिका है, जिसे उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निभाना होगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो विश्वविद्यालय से अर्जित किया है वह समाज के हितसाधन में काम आएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षण संस्थान ही मानवीय मूल्यों को स्थापित कर सकते हैं तथा नैतिक मूल्यों और उच्च आदर्शों के द्वारा ही भारत की ज्ञान-चेतना को पुनः प्राप्त किया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का महत्त्व जीवन को सोद्देश्यपूर्ण चरितार्थ करने में है। दूसरों के लिए स्वयं के हितों का त्याग करने में है। उन्होंने कहा कि जब तक स्वार्थ की बलिवेदी पर परमार्थ की ज्योति प्रकाशित नहीं होगी, श्रेष्ठ भारत का स्वरूप हमारे सामने नहीं आ सकता।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों का दायित्व बहुत बड़ा और समाज पर दूरगामी प्रभाव डालने वाला होता है। शिक्षक ही वह धूरी है, जिसके चारों तरफ शिक्षित एवं सुसंस्कृत समाज की नई पौध तैयार होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को इस तरह अच्छे सांचे में ढ़ालें ताकि वे समाज में एक सुशिक्षित, ईमानदार, सुसंस्कृत और जागरुक नागरिक की भूमिका निभा सकें।

# बरसाना स्वास्थ्य केन्द्र पर खड़ीं एम्बुलेंस में लगी आग

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर खड़ी दो एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय नागरिक आग को बुझाने के प्रयास में जुट गए। तब तक एम्बुलेंस जलकर खाक हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुछ एम्बुलेंस खड़ी हुई थीं। जिनमें से एक एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। जिससे अस्पताल के कर्मचारियों व आसपास रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। धीरे धीरे आग बढती गई। जिससे देखकर लोग बाल्टियों में



पानी भरकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। तब तक एम्बुलेंस जलकर खाक हो गई। आग के कारणों का पता नहीं चल सका। लोगों का कहना है कि एम्बुलेंस के पास कूड़े का ढेर पड़ा था। शायद कूड़े के ढेर में आग लगने से यह घटना घटित हुई।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## जालंधर में सड़क हादसा, चार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालंधर:** जालंधर-पठानकोट रोड पर गांव रायपुर रसूलपुर के पास एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। इसमें एक 11 साल की बच्ची भी शामिल है। थाना मकसूदां के प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि सुबह चार बजे के करीब हुए इस सड़क हादसे में आई 10 ग्रैंड कार में सवार 6 लोग वैष्णा देवी मंदिर से माथा टेक कर लौट रहे थे। जब वे रायपुर रसूलपुर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही इनोवा कार के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क के आसपास पेड़ों से जा टकराई। इस दौरान कार में सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**महाराष्ट्र का रहने वाला था परिवार**

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक व्यक्तियों की पहचान महाराष्ट्र के अमरावती डिले के गां सुरामऊ निवासी गनु (59), लोकेश (33), उनकी पत्नी अनीशा (26) और उनकी 11 महीने की बेटी निहारिका के रूप में हुई है। घायलों की पहचान सर्ब सोती और लोटस कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि भी के शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनोवा कार में सवार पांच लोगों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें मरहम-पट्टी कर उनके घर लुधियाना भेज दिया गया है और इनोवा कार के ड्राइवर सोनू निवासी लुधियाना को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## 'वनाग्नि के पीछे सरकार की लापरवाही'

**टीम एक्शन इंडिया**

देहरादून: कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड के जंगलों में लगी भीषण आग के विकराल रूप धारण करने के पीछे केंद्र व राज्य की डबल इंजन की भाजपा सरकार की घोर लापरवाही है। उन्होंने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से तत्काल हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य का कोई जनपद ऐसा नहीं है, जहां वन में आग ना लगी हो। अब तक रिपोर्ट की गई नौ सौ दस घटनाओं में लगभग डेढ़ हजार हेक्टेयर जंगल जल चुके हैं। चार मानव हानि हुई हैं और अनगिनत वन्य जीवों की हानि की संभावना है। यह स्थितियां अधिक भयावह होती जा रही हैं जो आपदा की आपातकाल स्थिति है।

लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री जो आपदा प्रबंधन मंत्री भी हैं वे चुनावी दौरों में राज्य से बाहर व्यस्त हैं।

# खुशहाल रहे भारत इसके लिए मोदी जरूरी: योगी

## कांग्रेसियों की मति मारी गई है जो भगवान का विरोध कर रहे हैं: सीएम योगी आदित्यनाथ

**मर्यादा पुरुष**

**▸▸ देश में एक तरफ भगवान विष्णु के अवतार मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरदोई:** सृष्टि के प्रारंभ से ही दो प्रकार के मानव रहते आए हैं। एक वे जीव हैं जो श्रीहरि विष्णु के विरोधी हैं और दूसरा वे, जो ईश्वरीय सत्ता के स्नेही हैं। हरदोई वाले श्रीहरि विष्णु के स्नेही हैं। देश में एक तरफ भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। एक तरफ ईश्वरीय सत्ता पर विश्वास करने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ राम का द्रोह करने वाले। कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के खिलाफ इसलिए कार्रवाई कर दी, क्योंकि वे रामलला का दर्शन करने गई थीं। कांग्रेसियों की मति मारी गई है, जो भगवान का विरोध कर रहे हैं। इनकी दुर्गति तय है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने हरदोई के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के लिए सोमवार को शाहाबाद में जनसभा की। भीड़ देख अभिभूत सीएम ने कहा कि भीषण धूप में गर्मी व लू की परवाह किए बिना आप भाजपा को आशीर्वाद देने आए हैं। आपका उत्साह बता रहा कि आएंगे फिर मोदी ही। पूरे देश में जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। राम को लाने रामभक्त ही आएंगे, रामद्रोही नहीं। हरदोई में मेडिकल कॉलेज बन गया, गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा। सीएम योगी ने कहा कि हरदोई में भी मेडिकल कॉलेज बन गया। गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए हरदोई से दिल्ली महज चार व प्रयागराज डेढ़-दो घंटे में पहुंच जाएंगे। इसमें औद्योगिक क्लस्टर बनेंगे। हजारों नौजवानों के लिए नौकरी व रोजगार के अवसर भी आएंगे। कांग्रेस व सपा सरकार के समय गरीब भूखों मरता था, आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। इन लोगों ने 65 वर्ष शासन किया पर कुछ कर नहीं पाए। उत्तर प्रदेश में किसी के बीमार होने पर हम पीड़ित के जनधन अकाउंट में पैसा भेजते हैं और कहते हैं कि इलाज कराओ। अब आने वाली सहायता में कोई कमीशन नहीं ले सकता, क्योंकि जनधन अकाउंट खुल गया है। कांग्रेस-सपा शासन में किसान आत्महत्या करता था, आज उसे किसान सम्मान निधि मिल रही है।

**आने वाली पीढ़ी खुशहाल रहे, इसके लिए मोदी जरूरी**

**सीएम** ने कहा कि युवाओं के लिए भारत को विकसित बनाना है। आने वाली पीढ़ी 25 साल बाद भी खुशहाल रहे। कोई गरीब, कमजोर, बदहाल न रहे। ऐसा भारत चाहिए और इसके लिए मोदी आज जरूरी है। सीएम ने हरदोई से जयप्रकाश रावत को रिकॉर्डतोड़ वोटों से जिताने के साथ ही तीसरी बार देश की सत्ता पीएम मोदी को सौंपने की अपील की।

**अब संसाधन पर वर्ग विशेष की नहीं, 'सबका साथ' का दावा करने वाले पीएम हैं :** सीएम योगी ने कहा कि चेहरा देखकर काम नहीं होता है। संसाधन पर किसी वर्ग विशेष का अधिकार है, अब यह दावा करने वाले प्रधानमंत्री नहीं हैं। वे सबका साथ-सबका विश्वास की बात कहते हैं। मोदी सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं, इसलिए बार-बार आमजन मोदी जी को चुनते हैं। सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि, विकास के कारण पनपे जन विश्वास से ही बार-बार सरकार बन रही है।

**अयोध्या में पहुंचे पीएम ने प्रभु को किया साष्टांग**

सीएम ने कहा कि रामलला कब विराजमान होंगे, यह देखने पीढ़ियां तड़प रही थीं। कांग्रेसी कहते थे कि राम हुए ही नहीं, लेकिन मोदी जी रविवार को फिर अयोध्या गए थे। प्रभु राम को साष्टांग प्रणाम किया। भगवान श्रीराम आरती की, फिर रात 9 बजे तक उनका रोड शो चलता रहा। अयोध्या के साथ ही पूरे देश से भी एक लाख लोग वहां पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ धाम हो या विंध्यवासिनी धाम। अपने यहां के मठ-मंदिरों को देखिए, यहां भी धनराशि उपलब्ध कराई है।

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में भेदभाव के दिन दूर हो गए कि कब्रिस्तान के लिए पैसा आएगा और श्मशान घाट के लिए नहीं आएगा। बिजली केवल चार जिलों को नहीं, बल्कि सभी 75 जिलों को समान रूप से मिल रही है।

## तीसरे चरण के रण में योगी ने खूब बहाया पसीना



**पसीना बहाया**

**▸▸ प्रदेश के बाहर भी कई राज्यों में प्रचार करने के बाद भी मुख्यमंत्री दस सीटों में पहुंचे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीसरे चरण के रण के लिए इस भीषण गर्मी में भी खूब पसीना बहाया है। दस सीटों पर तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। इसमें प्रदेश सरकार के दो मंत्री भी मैदान में हैं। मुख्यमंत्री इन दस सीट पर प्रचार के लिए खुद पहुंचे हैं। प्रदेश के बाहर भी कई राज्यों में प्रचार करने के बाद भी मुख्यमंत्री दस सीटों में पहुंचे। तीसरे चरण की दस सीटों में से पांच सीटों पर भाजपा के नए प्रत्याशी मैदान में हैं।

भाजपा ने बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, मैनपुरी से योगी के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, हाथरस से राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, फिरोजाबाद से विश्वदीप सिंह, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। आगरा, एटा, फतेहपुर सीकरी और आंवला में विजयी सांसदों को फिर से उतारा गया है। संभल में 2019 में भाजपा प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी को इस बार भी टिकट दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इन सभी सीटों पर हर प्रत्याशियों के लिए एक बार नहीं बल्कि कई बार प्रचार के लिए पहुंचे हैं। आगरा से केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर फतेहपुर सीकरी से किस्मत आजमा रहे हैं।

**अब तक आठ राज्यों में कर चुके हैं प्रचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब तक महाराष्ट्र, जम्मू, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ में भी रैली कर चुके हैं। जिन सीटों पर मुख्यमंत्री गए हैं वहां भी सात मई को वोट डाले जाएंगे।



मतदान केंद्रों के लिये मतदान दल रवाना।

## शराब के नशे में जंगल में लगा रहे थे आग

**गोपेश्वर:** चमोली जिले के बदरीनाथ हाइवे पर कमेडा नामक स्थान के पास रविवार की रात्रि को एक वाहन में सवार नशे की हालत में चार युवकों ने सड़क के किनारे घास और झाड़ियों में आग लगाकर कर्णप्रयाग की ओर भाग रहे थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। वर्चुअल थाना पुलिस के अनुसार रविवार की रात्रि में गौचर पुलिस चौकी की ओर से कोतवाली कर्णप्रयाग पर सूचना दी गई कि एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी नंबर यूके 12एफ 7897 में सवार अज्ञात व्यक्तियों ने कमेडा गौचर के पास में सड़क किनारे घास और झाड़ियों में आग लगाकर कर्णप्रयाग की तरफ भाग गए हैं। आग लगाने की सूचना की गंभीरता की दृष्टिगत कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस ने रात्रि में बाजार चौकी पर इस बोलेरो वाहन को रुकवाया और चेकिंग की तो उसमें सवार चारों व्यक्ति शराब के नशे में पाये गये। पुलिस ने जिन्हें पकड़ कर मेडिकल कराया तो शराब पीने की पुष्टि हुई। वाहन को धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज करते हुए चालक को गिरफ्तार किया गया और अन्य सवार तीन व्यक्तियों को धारा 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। कर्णप्रयाग पर पहुंच कर चारों व्यक्तियों से आग लगाने से संबंधित पूछताछ की और पुलिस की ओर से वैधानिक कार्रवाई के बाद वन विभाग की टीम ने चारों व्यक्तियों के विरुद्ध वन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करने के लिए अपनी सुपुर्दगी में लेकर धनपुर रेंज गौचर लेकर गई है।

## अब्बास अंसारी को मिली अंतरिम जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी को अपने पिता के चालीसवां में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। सुनवाई के दौरान यूपी सरकार की ओर से पेश एएसजी गरिमा प्रसाद ने अग्रिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इसके लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट के सामने याचिका दाखिल करनी चाहिए।

## जुमलों की हांडी बार-बार नहीं चढ़ेगी: डॉ. अजय सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जैसे काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है, उसी तरह 15 लाख रुपए खाते में डालने, दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने, ईडी द्वारा जब्त धन को जनता में बांटने के जुमले देने वाली बीजेपी की भी हांडी बार-बार नहीं चढ़ेगी। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली बीजेपी 200 में सिमट कर रह जाएगी। अजय चौटाला ने कहा कि संसद में जनता की हिमायत के लिए जेजेपी ही सबसे बेहतर विकल्प है। वे सोमवार को हिसार में जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के नामांकन के अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जेजेपी ने हिसार में विशाल जनसभा और रोड शो कर अपनी ताकत दिखाकर विरोधियों की नींद उड़ा दी है। नैना चौटाला के नामांकन के अवसर पर अपने क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनाने के लिए हिसार उमड़ा पड़ा। डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि अपने हकों की आवाज बुलंद करने के लिए हिमायती की पहचान करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कौन आपकी आवाज दिल्ली तक पहुंचा सकता है ? अगर आप ये पहचान लेंगे तो आपके क्षेत्र की तरक्की को कोई नहीं रोक सकता।




## किसानों के विरोध के जवाब में हिसार में लगाए जेजेपी जिंदाबाद के नारे

**विरोध**

**▸▸ पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत तथा लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला ने जननायक जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में भाजपा के साथ सत्ता में भागीदार रही जेजेपी बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं के साथ छोड़ने और विधायकों की बगावत का सामना कर रही जेजेपी भले ही सभी दस लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का साहसी चेहरा दिखा रही है लेकिन चुनाव मैदान में भी विरोध का सामना कर रही है। हिसार में सोमवार को नामांकन दाखिले के लिए पहुंची जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा।

लघु सचिवालय के बाहर धरना दे रहे संयुक्त किसान मोर्चा हिसार के सदस्यों ने जेजेपी मुर्दाबाद के नारे लगाए। उनके सामने चुनावी रथ पर सवार पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला तथा लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला ने जननायक जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। काफी देर किसान काले झंडे लहराकर विरोध जताते रहे और जेजेपी समर्थक नारेबाजी करते रहे। किसानों को पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर एक स्थान पर रोका था। किसान अपने दायरे में ही झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताते रहे।

**नामांकन** जयप्रकाश जेपी का नामांकन करवाने पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौ. उदयभान

## बीजेपी के पास भविष्य के लिए नहीं रोडमैप: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान हिसार से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश जेपी का नामांकन करवाने पहुंचे। रोड शो करते हुए सभी नेता नामांकन करने पहुंचे। रोड में लाखों लोगों का हुजूम व जनता का भारी समर्थन देखकर सभी नेता बेहद उत्साहित नजर आए। सभी ने जयप्रकाश जेपी को शुभकामनाएं दी और उनकी जीत का दावा किया। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि जनता के भीतर बीजेपी के प्रति जितना रोष है, कांग्रेस के लिए उतना ही उत्साह है। मौजूदा सरकार से सिर्फ बदमाश, भ्रष्टाचारी और नशे के कारोबारी खुश हैं। बाकि जनता बीजेपी की नीतियों और कार्यप्रणाली से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। हुड्डा ने कहा कि वोट मांगने के लिए जनता के बीच जा रही बीजेपी के पास गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है। ना ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप है। जबकि कांग्रेस अपने विकास कार्यों और घोषणा पत्र के नाम पर वोट मांग रही है। कांग्रेस का वादा है कि सरकार बनने पर केंद्र में 30 लाख तो हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा युवाओं को बिना पेपर लीक योग्यानुसार पक्की नौकरी मिलेगी। साथ ही किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज से मुक्ति दी जाएगी। प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम और बुजुर्गों को ?6000 बुढ़ापा पेंशन मिलेगी। प्रदेश में 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 500 रुपये में गैस सिलेंडर देना भी कांग्रेस का वादा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महिलाओं को नौकरियों में 50% आरक्षण और सालाना 1 लाख रुपया देने का भी वादा किया गया है। 36 बिरादरी कांग्रेस की इस प्रगतिशील व कल्याणकारी सोच का समर्थन कर रही है। लोकसभा चुनाव की ये जीत केंद्र के साथ हरियाणा में भी कांग्रेस सरकार की नींव रखेगी।